हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • मंगलवार • 20.08.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 31 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### चम्पाई सोरेन की नाराजगी पर हेमंत सोरेन ने दी प्रतिक्रिया

# कौन नाराज है, चम्पाई दा ने तो हमको कुछ नहीं बताया : मुख्यमंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चम्पाई सोरेन की नाराजगी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। पाकुड़ में पत्रकारों से बात करते हुए हेमंत ने कहा कि कहां कौन नाराज है, चम्पाई दा ने तो हमको कुछ नहीं बताया। पत्रकारों ने उनसे पूछा कि चम्पाई दा नाराज लग रहे हैं सर। इसपर हेमंत सोरेन ने कहा कि कहां कौन बोला नाराज है। हमको तो नहीं बताया उन्होंने। अजीब हालत है। तुमलोग अपने से। हेमंत कहना चाहते थे कि चम्पाई सोरेन की नाराजगी मीडिया की उपज है और ऐसी कोई बात नहीं है। गौरतलब है कि चम्पाई सोरेन ने रविवार को एक मार्मिक पत्र लिखकर अपनी पीड़ा जाहिर की है।

#### जेएमएम की तंज भरी प्रतिक्रिया

जेएमएम ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, झारखंड भाजपा में मुख्यमंत्रियों की भरमार है और इस सूची में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा, और रघुबर दास का नाम शामिल किया। इसके साथ ही, हिमंत बिस्वा सरमा को 'सुपर सीएम' के रूप में बताया गया।

चम्पाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने की खबरों के बीच जेएमएम ने संकेत दिया कि बीजेपी में एक और पूर्व मुख्यमंत्री जुड़ने वाले हैं, जिसके बाद रघुबर दास की तरह दो अन्य नेताओं को किसी प्रदेश का राज्यपाल बनाया जा सकता है।

## झारखंड के इतिहास में चम्पाई सोरेन का नाम विभीषण के रूप में दर्ज होगा : बन्ना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के खिलाफ राज्य के मंत्री बन्ना गुप्ता ने टिप्पणी करते हुए उन्हें विभीषण करार दिया है। एक बयान जारी करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड का इतिहास जब भी लिखा जाएगा, चम्पाई सोरेन का नाम विभीषण के रूप में दर्ज होगा।

बन्ना ने कहा कि जिस पार्टी और माटी ने उनको सब कुछ दिया उसको ठुकरा कर अपने आत्मसम्मान को गिरवी रखकर वे सरकार को तोड़ने का कार्य कर रहे थे लेकिन समय रहते जब चीजें सामने आ गई तो सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहें है जबकि हकीकत है कि वे अपनी करनी पर पछतावा कर रहे हैं और मुंह छुपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरुजी ने एक साधारण व्यक्ति को जमशेदपुर से निकाल कर पहचान दी। उनको मान- सम्मान दिया। हर संभव मदद किया। पार्टी में अपने बाद का ओहदा दिया। जब-जब जेएमएम की सरकार बनी उसमें मंत्री बनाया। सांसद का टिकट दिया। हर निर्णय का सम्मान किया लेकिन उसके बदले चम्पाई दा ने राज्य को मौका परस्ती के दलदल में झोकना चाहा।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमारे नेता हेमंत सोरेन जब जेल जाने लगे तो उन्होंने सभी सत्ता पक्ष के विधायकों से चम्पाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही तो हम सभी ने हेमंत की बात को माना। जब खुद को मुख्यमंत्री बनने की बात थी तो वो निर्णय चम्पाई दा को बुरा नहीं लगा? प्रोटोकॉल के विरुद्ध नहीं लगा, तानाशाही नहीं लगा। जब हमारे नेता जेल से छूटने के बाद वापस आए तो चम्पाई दा कैबिनेट की बैठक में व्यस्त थे।

बन्ना ने कहा कि हर विभाग में, हर मंत्रालय में उनका हस्तक्षेप था। हर मंत्रालय में वे खुद निर्णय लेने लगे थे। तब उनको नेतृत्व में तानाशाही महसूस नहीं हुआ था क्या? दूसरे को नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले और झूठा सहानुभूति इकट्ठा करने के चक्कर में चम्पाई दा अपने कुकर्मों को भूल गए हैं शायद। जब पार्टी और गठबंधन बुरे दौर से गुजर रहा था तो वे भाजपा नेताओं से अपनी सेटिंग बैठा रहे थे। जब हमारे नेता जेल में थे तो केंद्र सरकार की कानून बदलने वाली योजना को हर अखबार के प्रमुख पन्नों में अपनी फोटो के साथ छपा कर कौन सा गठबंधन धर्म निभा रहे थे?

बन्ना ने कहा कि चम्पाई दादा, 2019 का चुनाव आपके चेहरे पर नहीं, बल्कि हेमंत बाबू के चेहरे पर लड़ा था और ये जनादेश हेमंत बाबू और गुरुजी को मिला था।

## बड़ी बहन अंजनी सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाई-बहन के अटूट प्यार, स्नेह और विश्वास का पावन त्यौहार रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आज बड़ी बहन अंजनी सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की।

इस पावन पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की चचेरी बहन आशा सोरेन, संचला हेम्ब्रम एवं रेखा सोरेन ने भी मुख्यमंत्री की कलाई पर राखी बांधकर उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी सभी बहनों को सहृदय स्नेह, आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर सभी बहनों ने विधायक बसंत सोरेन की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके लम्बी उम्र की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने समस्त राज्यवासियों को श्रावण पूर्णिमा तथा पावन पर्व रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मौके पर मुख्यमंत्री के पिता राज्यसभा सांसद दिशोम गुरू शिबू सोरेन, माता रूपी सोरेन, धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे।

## दुमका जिला निवासी मति सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की कलाई में बांधा रक्षा सूत्र



**रांची :** पावन त्यौहार रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड स्थित सीतासाल निवासी मति सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें सहृदय आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी।

## राहुल गांधी और खरगे से मिले कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब से शिष्टाचार मुलाकात की और संगठन और सरकार की गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा के हर षड्यंत्र और साजिश से निपटने के लिए हम पूरी ताकत के साथ तैयार हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार की मैया सम्मान योजना भी भाजपा को बेचैन कर दी है और इस योजना से राज्य के लोगो का ध्यान बाटने के लिए फिर से जोड़ तोड़ की राजनीति शुरू की ही लेकिन भाजपा को इसका जवाब राज्य की जनता दे देगी।

### एक नजर

#### पूर्व सेना प्रमुख जनरल पद्मनाभन का निधन

**चेन्नई :** पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल सुंदरराजन पद्मनाभन का सोमवार को चेन्नयी में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। उन्होंने 30 सितंबर, 2000 को 20वें सेनाध्यक्ष के रूप में भारतीय सेना की कमान संभाली और 31 दिसंबर, 2002 को अपनी सेवानिवृत्ति तक इस पद पर रहे। केरल के त्रिवेन्द्रम में 5 दिसंबर, 1940 को जन्मे, वह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला पुणे के पूर्व छात्र हैं। उन्हें भारतीय सैन्य अकादमी से स्नातक होने के बाद 13 दिसंबर, 1959 को आर्टिलरी रेजिमेंट में नियुक्त किया गया था। उनके शानदार करियर में कई ऑपरेशनों में भाग लेने के अलावा कई प्रतिष्ठित कमांड, स्टाफ और निर्देशात्मक पोस्टिंग शामिल थीं।

## नशे के व्यापार की रोकथाम के लिए संवेदनशील बने राज्य सरकार : हाई कोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर स्वत संज्ञान लिया है। इस मामले को लेकर सोमवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने मौखिक कहा कि राज्य में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री एवं अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम पर राज्य सरकार संवेदनशील बने। पुलिस द्वारा इसकी बिक्री पर रोकथाम को लेकर स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई।

कोर्ट ने कहा कि इन गंभीर विषयों पर राज्य सरकार को जल्द जवाब दाखिल करना चाहिए था। यदि राज्य सरकार जवाब दाखिल नहीं करती है तो कोर्ट खुद सख्त आदेश पारित कर सकती है। इससे पहले सुनवाई के दौरान नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसने झारखंड में अफीम की खेती का पता लगाने के लिए बिजाग-एन नाम का एक ऐप बनाया है, जिसका पासवर्ड राज्य सरकार के साथ शेयर किया जा चुका है, जिसके आधार पर राज्य सरकार खूंटी सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में अफीम की खेती का पता लगाकर उसे नष्ट कर सकती है। कोर्ट ने इस बिंदु पर भी राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 27 अगस्त को होगी।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मौखिक कहा था कि पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) आपसी सहयोग से झारखंड में अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए कार्रवाई करें। खूंटी सहित राज्य के कई जिलों में जंगलों में अफीम की खेती होती है। सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से पुलिस और एनसीबी को-ऑर्डिनेशन से इसका पता लगाकर इन्हें नष्ट करने की दिशा में कार्रवाई करें। पुलिस को भी कोर्ट ने निर्देश दिया था कि वह अफीम, चरस, गांजा सहित अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाए और इस संबंध में जवाब दाखिल करें।

## कोलकाता कांड में आरोपी का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

एजेंसी



**कोलकाता :** कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस में गिरफ्तार आरोपी के पॉलीग्राफ टेस्ट की इजाजत सीबीआई को मिल गई है। न्यूज के अनुसार टेस्ट कराने की अनुमति तो मिल गई है, लेकिन यह कब होगा इस बारे में अभी तक कोई भी जानकारी निकल कर सामने नहीं आई हैं। इस रेप और हत्याकांड के मामले मे अभी तक कई एंगल निकल कर सामने आ रहे हैं। पीड़िता के माता-पिता ने इसमें साथी डॉक्टरों के भी शामिल होने का शक जताया है। पीड़िता के पिता ने कहा कि यह सब होने के पहले भी मेरी बेटी परेशान थी, उसने इसकी शिकायत कॉलेज प्रबंधन से की थी लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका, जिन भी लोगों पर हमें शक है उनके नाम हमने सीबीआई को दे दिए हैं। कुछ न्यूज रिपोर्टों के अनुसार, इस रेप और हत्याकांड के तार किसी बड़े मानव अंग तस्करी गिरोह और सेक्स रैकेट से भी जुड़े हुए हो सकते हैं। सीबीआई लगातार इस मामले से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है। कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से इस मामले में पिछले चार दिनों से पूछताछ जारी है।

इस मामले की गंभीरता को समझते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान ले लिया है और इस केस की सुनवाई अब चीफ जस्टिस चंद्रचूड के नेतृत्व वाली बेंच 20 अगस्त को करेगी। इससे पहले यह मामला कलकत्ता हाईकोर्ट में चल रहा था।

इस घटना के बाद से ही बंगाल के साथ- साथ पूरे देश की राजनीति उबाल पर है। भाजपा और वामदलों ने इस घटना के लिए ममता बनर्जी सरकार को दोषी ठहराया तो वहीं ममता ने इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न करने को कहा। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का उल्लंघन करते हुए कई लोगों ने पीड़िता का नाम और पहचान उजागर की, कोलकाता पुलिस की तरफ से अफवाह फैलाने वालों और गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों को नोटिस जारी किया जा रहा है इस मामले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसके विरोध में रैली निकाल कर प्रदर्शन किया और सीबीआई को जल्द से जल्द मामला खत्म करने और दोषी को फांसी पर लटकाने की मांग की।

इससे पहले, कोलकाता के आरजी कर मेडीकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई थी। 9 अगस्त को महिला डॉक्टर का शव अस्पताल के ही एक सेमिनार हॉल में मिला था, जिसके बाद से ही लगातार प्रदर्शनों का दौर जारी है। पुलिस ने जांच के आधार पर अस्पताल में ही काम करने वाले एक नागरिक स्वयंसेवक संजय राय को गिरफ्तार किया, जिसने बाद में अपने जुर्म को कबूल भी कर लिया।

## सुप्रीम कोर्ट के एससी-एसटी आरक्षण के फैसले को लेकर कल भारत बंद का एलान, मायावती ने भी दिया समर्थन

एजेंसी




**लखनऊ :** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के विरोध में दलित संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। दलित संगठनों ने 21 अगस्त को इस फैसले के खिलाफ भारत बंद का आव्हान किया है। वहीं भारत बंद को बहुजन समाज पार्टी का भी समर्थन मिल गया है। बसपा की ओर से सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं को भारत बंद में शामिल होने की अपील की गई है। बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने बताया कि बहन जी ने सुप्रीम कोर्ट के उप वर्गीकरण के फैसले का पुरजोर विरोध किया है।

दरअसल बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक निर्णय में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति यानी एससी-एसटी में उपवर्ग बनाने का अधिकार राज्यों को दे दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने के लिए भी कहा है। कोर्ट के इस फैसले का बसपा सुप्रीमो मायावती समेत तमाम नेता विरोध कर रहे हैं। अब कोर्ट के इस फैसले को लेकर भारत बंद का आव्हान किया गया है। 21 अगस्त को होने वाले भारत बंद के समर्थन में बसपा सुप्रीमो खुलकर सामने आ गई है।

इस संबंध में बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्रा समेत तमाम पार्टी के नेताओं को पोस्ट किया है। पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बहन जी के दिशा निर्देश के अनुसार बीएसपी के सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं से अपील है कि बसपा के नीला झंडा और हाथी निशान के तहत 21 अगस्त को होने वाले भारत बंद में शामिल हो। साथ ही जनता को खास कर दलित, शोषित, वंचित, अल्पसन्यक एवं न्याय पसंद लोगो तक उप वर्गीकरण के बारे में जागरूक करे।

उन्होंने कहा कि बसपा के सभी कार्यकर्ता अनुशासित एवं संवैधानिक तरीके से बड़ी संख्या में भारत बंद में शामिल हो यह पार्टी की अपील है। जय भीम, जय भारत।

वहीं इस मामले में बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे व पार्टी के नेशनल कॉर्डिनेटर आकाश आनंद ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। आकाश ने पोस्ट में लिखा कि आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ एससी/एसटी समाज में काफी गुस्सा है। फैसले के विरोध में हमारे समाज ने 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया है।

आकाश ने पोस्ट के जरिये बताया कि हमारा समाज शांतिप्रिय समाज है। हम सबका सहयोग करते हैं। सबके सुख-दुख में हमारा समाज शामिल होता है। लेकिन आज हमारी आजादी पर हमला किया जा रहा है। 21 अगस्त को इसका शांतिपूर्ण तरीके से करारा जवाब देना है।

## दस लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली रामदयाल महतो ने किया आत्मसमर्पण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरिडीह :** झारखंड में आईपीएस अधिकारियों का नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के प्रति सकारात्मकता का असर अब दिखने लगा है। अधिकारियों के प्रयासों से गिरिडीह जिले के इनामी नक्सलियों में शामिल दस लाख का इनामी हार्डकोर नक्सली रामदयाल महतो ने रविवार की देर रात एनआईए के समीप सरेंडर कर दिया।

जिले के एसपी एव वरीय पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हार्डकोर नक्सली रामदयाल महतो को आत्मसमर्पण कराने में उसके पुत्र बैजनाथ महतो की मुख्य भूमिका बताई जा रही है। रामदयाल महतो ने मधुबन थाना इलाके में ही रविवार को रांची के एनआईए की टीम के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इस दौरान सीनियर पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। दस लाख का यह इनामी हार्डकोर नक्सली रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा पीरटांड़ थाना इलाके के पांडेयडीह का गांव का रहने वाला है और इसके खिलाफ कई नक्सली घटनाओं के केस दर्ज हैं।

इलाके में बढ़ती नक्सली घटनाओं में शामिल होने के बाद राज्य पुलिस ने राम दयाल पर दस लाख रुपये का इनाम की घोषणा कर रखा थी। मालूम हो कि कुछ दिनों पहले ही एसपी दीपक कुमार शर्मा इसके घर जा कर परिजनों से मिले और परिजनों को समझाया कि वो रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करें। माना जा रहा कि बेटे के दबाव में रामदयाल महतो ने आत्मसमर्पण किया है।

# बंगाल में मेडिकल छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ आजसू छात्र संघ ने किया कैंडल मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** देर शाम रविवार कोजोशपूर्ण नारों के साथ बलात्कारियों को फांसी दो व बहन हम शर्मिन्दा है तेरे कातिल जिन्दा हैं, आज आजसू छात्र नेता अभिषेक राज के नेतृत्व में आजसू छात्र संघ एवं युवा आजसू ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक मेडिकल की छात्रा मौमिता देबनाथन एवं विभिन्न जगहों पर महिलाओ के साथ हो रहे यौन हिंसा के विरोध में कैंडल मार्च निकला गया (कैंडल मार्च छः मुहान (राजेन्द्र चौक) से शुरू होकर सहर थाना , गीता भवन होते हुए अस्पताल चौक तक शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर जाकर समाप्त हुआ ।




कैंडल मार्च में सैकड़ो युवाओ ने शामिल होकर अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की । युवा आजसू के पलामू सह प्रभारी राहुल कुमार मिश्रा ने कहा की ऐसी घटनाएं समाज को कलंकित करने का काम कर रही है जिसपर अविलंभ ठोस कानून का प्रावधान होना अति आवश्यक है । अभिषेक राज ने कहा की पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। जिस राज्य में महिला सशक्तीकरण की चर्चा जोर से होती है और महिला मुख्यमंत्री के होते हुए इस तरह की घटना शर्मनाक है। हालांकि झारखण्ड में भी महिलाओं का सम्मान व आबरू सुरक्षित नही है। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार केन्द्रीय सचिव बिकेश शुक्ला ईन्तयाज अहमद नजमी बिजय मेहता तुलसी शुक्ला चन्द्रशेखर सिंह छोटू अधिवक्ता मंच के संयोजक नरेन्द्र पाण्डेय निलाम्बर पिताम्बर विश्वविद्यालय के प्रभारी हिमान्सु रंजन बिकास उपाध्याय समिर तिवारी प्रियांशु बर्मा नितेश बर्मा बिशाल सिंह सुरज सिंह रवि कुमार सचिन कुमार कुनाल पाण्डेय प्रतिक मेहता प्रिंस सिंह अभिशेख सिंह रौशन दिपक कुमार धर्मेंद्र कुमार अमित बर्मा आयुष बर्मा समेत सैकड़ों छात्र युवा शामिल थे।

## एक नजर

### बरही विधानसभा में नए युवा नेता की जल्द होगी एंट्री

**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र में राजनीति के क्षेत्र में एक नई हलचल देखने को मिल सकती है, क्योंकि एक युवा नेता की जल्द एंट्री की संभावना जताई जा रही है। इस नेता के आने से न केवल राजनीति में नए विचारों और ऊर्जा का संचार होगा, बल्कि विधानसभा चुनाव के लिए नई दिशा और दृष्टिकोण भी उभर कर सामने आ सकते हैं।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस युवा नेता की पहचान और उनके आगामी राजनीतिक कदमों के बारे में जल्द ही औपचारिक घोषणा की जाएगी। इस नेता की संभावित एंट्री से क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है और समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। नेता की राजनीतिक पृष्ठभूमि, उनकी योजनाएं और चुनावी रणनीति के बारे में अधिक जानकारी सामने आने की उम्मीद है। बरही विधानसभा क्षेत्र के मतदाता इस नई राजनीतिक ऊर्जा का स्वागत कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों और राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस युवा नेता की एंट्री से क्षेत्र की राजनीति में न केवल नई उर्जा का संचार होगा, बल्कि इससे विकास और जनहित के मुद्दों पर भी अधिक ध्यान दिया जाएगा। अब सबकी नजरें इस पर हैं कि युवा नेता की आधिकारिक घोषणा कब होती है और वह विधानसभा चुनाव में किस प्रकार की रणनीति और विजन के साथ मैदान में उतरते हैं। यह विकास क्षेत्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है, जो आगामी विधानसभा चुनावों की दिशा और परिणाम को प्रभावित कर सकता है।

### बहन की रक्षा और भाई की लंबी उम्र का प्रतीक है रक्षाबंधन : मनोज कुमार

**चौपारण :** प्रखंड के 26 पंचायतों में रक्षा बंधन त्यौहार को लेकर काफी उत्साह देखा गया। बाजार से राखी एवं मिठाई की खरीदारी रविवार से ही शुरू हो गई थी। बहने द्वारा भाई को सोमवार को विश्वास और आस्था की डोरी 1:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक बांधी गई। कांग्रेस मीडिया प्रभारी मनोज कुमार यादव ने कहा रक्षाबंधन त्यौहार भाई-बहनों के बीच के बंधन का जश्न है। बहने सुरक्षा और प्रेम के प्रतीक के रूप में अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती है। भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं और उनकी रक्षा करने का वादा करते हैं। यह परंपरा भाइयों-बहनों के मजबूत संबंधों को दर्शाती है। यह त्यौहार परिवार के सभी सदस्यों के बीच एकता और प्रेम की भावना को बढ़ावा देता है।

### आर्ष कन्या गुरुकुल की बालिकाओं के साथ रक्षाबंधन मनाना सुखद अनुभव : टोनी जैन

**हजारीबाग :** भाजपा नेता व किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने आज रक्षाबंधन त्योहार आर्ष कन्या गुरुकुल की बालिकाओं के साथ पूर्णिमा के अवसर पर हवन पूजन के उपरांत बालिकाओं से रक्षा सूत्र बंधवाया, आज गुरुकुल में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ बालिकाओं आरती उतार कर बारी-बारी से रक्षा सूत्र भाजपा नेता के हाथ में बांधा, उसके बाद सभी ने खीर खिलाया ,भाजपा नेता टोनी जैन ने कहा गुरुकुल परिसर में आज पावन त्यौहार हमारे लिए बहुत ही ऐतिहासिक पल है ,यह कभी भुलाए भूल नहीं सकते ,क्योंकि आज बहुत सारी छोटी-छोटी कन्याओं ने रक्षा सूत्र में हमें बांधकर यह एहसास दिलाया की आप हम लोगों की हमेशा ध्यान रखना, हमें भी बहुत खुशी हुई बच्चों के अंदर जो उत्साह था वह देखते ही बनता था, क्योंकि जितनी भी बालिका सो विभिन्न प्रदेश से आकर यहां शिक्षा ग्रहण कर रही है ,और गुरुकुल की सभ्यता को अपने में अंगीकार कर भविष्य में अपने परिवार तथा समाज का नाम रोशन जरूर करेगी।

## पगमिल रोड पर जलभराव के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने पगमिल रोड स्थित हासमियां कॉलोनी का दौरा किया, जहां स्थानीय निवासी गंदे पानी के जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। मौके पर समाजसेवी संजर मलिक भी मौजूद थे, जिन्होंने नगर निगम और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ गंदे पानी में लेटकर विरोध प्रदर्शन किया। संजर मलिक ने नगर निगम एवं स्थानीय प्रशासन के सामने स्थानीय लोगों की पीड़ा को उजागर करने के लिए यह विरोध प्रदर्शन किया। पगमिल रोड, जो हजारीबाग, कटकमसाड़ी, और चतरा के बीच का मुख्य मार्ग है, इस बरसात में तालाब या नदी जैसा बन चुका है। इसके कारण आम जनता को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, विशेष रूप से पगमिल के निवासियों को, जिनके घरों और दुकानों में पानी भर रहा है। इस स्थिति की जानकारी



मिलते ही, मुन्ना सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने समाजसेवी संजर मलिक और स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और समस्या की गंभीरता को समझा। मुन्ना सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे और आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रशासन से तुरंत मुलाकात करेंगे। मुन्ना सिंह के आश्वासन के बाद समाजसेवी संजर मलिक और स्थानीय निवासियों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त किया।

## स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना हमारी प्राथमिकता रही है और हमेशा रहेगी : हर्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले के प्रतिष्ठित एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल में आज टेलीमेडिसिन की सेवाओं की शुरूआत की गई। अस्पताल के प्रबंध निदेशक सह समाजसेवी हर्ष अजमेरा जी ने फीता काटकर टेलिमिडिसिन सेवाओं का अस्पताल परिसर में उद्घाटन किया। डॉ. रवि तिवारी न्यूरोसर्जन ने मरीजो को टेलीमेडिसिन से परामर्श दीया विदित हो, आरोग्यम अस्पताल को जिले का पहला निजी अस्पताल होने का गौरव प्राप्त हुआ जो टेलिमिडिसिन सेवाओं से युक्त है। टेलिमिडिसिन सेवाओं के जरिए अब हजारीबाग के मरीजों को बड़े शहरों के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों की परामर्श अब हजारीबाग में हीं उपलब्ध हो जाया करेगी, जिससे गम्भीर रोगों से जूझ रहे मरीज बाहर जाने से



बचेंगे। समाजसेवी सह अस्पताल के प्रबंध निदेशक हर्ष अजमेरा जी ने कहा कि, स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना हमारी प्राथमिकता रही है, जिसके क्रम में आज अस्पताल को यह उपलब्धि प्राप्त हुई और आगे भी हम स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक उन्नत बनाने के लिए कृत संकल्पित रहेंगे जिससे हजारीबाग के लोग किसी भी आसाध्य रोग के कारण बाहर के शहरों में जाने से बच सकें। अस्पताल की ऐडमिस्ट्रेटर जया सिंह ने इस सेवा की तकनीकी पहलू को स्पष्ट करते हुए बताया कि टेलीमेडिसिन के माध्यम से, किसी भी परामर्शदाता से दूसरी राय के लिए संपर्क किया जा सकता है। इसमें रोगी के विवरण के साथ-साथ नैदानिक निष्कर्ष और जांच रिपोर्ट भेजने का भी प्रावधान है। यहां तक कि हमारे केंद्र में उपलब्ध विशेष स्कैनर द्वारा एक्स रे, सीटी या एमआरआई प्लेट को स्कैन किया जा सकता है और परामर्श के लिए उपग्रह के माध्यम से हमसे जुड़े किसी भी विशेषज्ञ को भेजा जा सकता है, और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विशेषज्ञों की राय ली जा सकती है।

## मासूम हेल्थ सेंटर का दो दिवसीय स्टाफ इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** मासूम हेल्थ सेंटर के मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए द हंस फाउंडेशन ने दो दिवसीय स्टाफ इंडक्शन और प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया। द हंस फाउंडेशन ने हाल ही में रामगढ़ और हजारीबाग के मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और मासूम हेल्थ सेंटर के लिए दो दिवसीय स्टाफ इंडक्शन और प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया। यह प्रशिक्षण 16 से 17 अगस्त 2024 को होटल कैनेरी इन, हजारीबाग में आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य स्टाफ के कौशल उन्नयन और ज्ञान संवर्धन था। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को संगठन के मानव संसाधन नियमावली, प्रशासनिक और वित्तीय प्रक्रियाओं साथ ही भारत में चल रहे और झारखंड में संचालित परियोजनाओं की संरचना के बारे में जानकारी दी गई। डीआरडीए निदेशक और डीपीओ श्री पंकज कुमार तिवारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया और द हंस फाउंडेशन की पहलों और चल रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने मेडिकल अधिकारियों से बातचीत की जिले की स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की और स्वास्थ्य सेवा के संदर्भ में अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। श्री तिवारी ने समाज के वंचित और हाशिए पर खड़े वर्गों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसके अलावा, चौपारण के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक भी उपस्थित थे और उन्होंने केंद्र की स्थानीय संरचना और मौजूदा सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## पीयूसीएल पलामू इकाई की नई कमेटी गठित, पंकज श्रीवास्तव बने अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) एक मानवाधिकार निकाय है जिसका गठन भारत में 1976 में जयप्रकाश नारायण द्वारा पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज एंड डेमोक्रेटिक राइट्स (पीयूसीएलडीआर) के रूप में किया गया था। रविवार की शाम को पी यू सी एल पलामू इकाई का जिला सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता पी यू सी एल झारखंड के महासचिव अरविंद अविनाश ने की। सम्मेलन के पर्यवेक्षक के तौर पर पी यू सी एल झारखंड के कार्यकारिणी सदस्य सुरेश मानस उपस्थित थें। पी यू सी एल पलामू के सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया। गठित



कमेटी मैं सर्वसम्मत से पंकज श्रीवास्तव को अध्यक्ष, शब्बीर अहमद एवं शिव शंकर प्रसाद को उपाध्यक्ष, प्रेम प्रकाश को महासचिव, निषाद खान को संगठन सचिव एवं कोषाध्यक्ष घनश्याम कुमार को सचिव बनाया गया। सम्मेलन के दौरान राज्य परिषद सदस्य के लिए के पंकज श्रीवास्तव, प्रेम प्रकाश, निशाद खान व सरफराज आलम को सर्वसम्मति से चयनित किया गया।

### जेबीकेएसएस छोड़ बड़ी संख्या में लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा

## युवा भटकें नहीं, युवाओं की पार्टी है आजसू : रोशनलाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के होरम गांव स्थित पुराने आंगनबाड़ी केंद्र में एक बृहद सामूहिक बैठक होरम ग्रामवासियों ने रखा। जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार पटेल व संचालन जितेंद्र कुमार महतो ने किया। जिसमें सैकड़ो युवाओं ने जेबीकेएसएस को त्याग करते हुए रोशनलाल चौधरी के समक्ष आजसू पार्टी का दामन थाम लिया। पार्टी में शामिल हुए लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमलोगों ने जेबीकेएसएस की सदस्यता सिर्फ मोबाइल और सोशल मीडिया के



माध्यम से उनके द्वारा फैलाए भावनात्मक और झूठे जुमले वादों तथा सिंपैथी भाषणों की वजह से आकर्षित होकर हम सभी युवा एक गलत राह चुन लिए थे। जिसका परिणाम आज ये हुआ कि हमलोगों ने जिसे चंदा देकर चुनाव में उसके नाम पर वोट तक दिया दुर्भाग्य आज तक वो हमें जानते पहचानते तक नहीं है और चुनाव बाद एक झलक तो दूर कभी फोन तक नहीं आया और ये सिर्फ कुरमी को तोड़ो वाली संस्था है इसकी मंशा सिर्फ कुर्मियों को बांटना है,इसका प्रभाव भी नाम मात्र का ही है,युवाओं को चेतने व जागने की आवश्यकता है। हम सभी ग्रामवासी ठगे महसूस कर रहे हैं तथा हम उन गलतियों से आहत में है। अतः इसी कड़ी में हम सभी ग्रामवासी ने कृतसंकल्पित होकर जन जन के नेता रोशनलाल चौधरी के कार्यों से प्रभावित होकर उनके साथ जुड़ने का संकल्प लिया। लोगों को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा कि युवा भटके नहीं,युवाओं की हीं पार्टी है आजसू।आजसू पार्टी का निर्माण हीं युवाओं और छात्र संगठन से हुआ है। लेकिन आजकल एक ट्रेंड चला है युवाओं को ठगने का जिसमें युवाओं को बरगला के ठग के नौकरी व रोजगार और भाषा खतियान के नाम पर युवाओं के अनमोल समय को अंधकार में डालकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम किया जा रहा है। युवाओं की भावनाओं के साथ सिंपैथी कार्ड खेला जा रहा है वही जब युवा आंदोलन में जाकर पुलिस प्रशासन के डंडे व केस खाते है तो उसे बचाने तो दूर पूछने तक नहीं आते है और छात्रों के कैरियर के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। युवाओं को कहीं जाने की जरूरत नहीं है अगर मुझे आपलोग नेतृत्व करने का मौका दिए सभी स्थानीय युवाओं को बड़कागांव क्षेत्र में हीं रोजगार से जोड़ूंगा।


## संक्षिप्त खबरें

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मेदिनीनगर (पलामू) :** रांची रोड रेड़मा तथा दुबियाखाड़ चौक स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के दोनों ही ब्रांचों में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से कक्षा दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। अध्यापकों की निगरानी में बच्चों ने रंग-बिरंगी राखियां बनाई। बच्चों ने कलात्मक राखियों का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा निर्मित राखियों को विद्यालय में व्यवस्थित रुप से सजाया गया। राखियों को देखकर विद्यालय के प्राचार्य ई. एन.के.भारती ने काफी प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और हर प्रकार के क्रियाकलापों में भाग लेने के लिए उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित होने से उनमें सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षकों द्वारा राखीयों के मूल्यांकन के आधार पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार का वितरण किया गया। विद्यालय के दुबियाखाड़ चौक ब्रांच के वर्ग 2 के सृष्टि जिया प्रथम, वर्ग 2 के ही स्वतंत्रता कुमारी द्वितीय तथा वर्ग 5 के हर्ष कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वर्ग 4 के प्रतिज्ञा आईद एवं वर्ग एक के शुभ्राज्योति को संतावना पुरस्कार दिया गया। रेडमा ब्रांच से ग्रुप ए - प्रथम स्थान क्लास 2, सागर कुमार द्वितीय स्थान क्लास वन स्मृति मिश्रा। ग्रुप बी में - प्रथम स्थान अभय कुमार कक्षा पांचवी द्वितीय स्थान ,ग्रुप सी में - प्रथम स्थान प्रिया कुमारी क्लास नवी तथा द्वितीय स्थान विभूति नंदिनी कक्षा सातवीं आयुष कुमार कक्षा छठवीं को मिला। मौके पर विद्यालय शिक्षक स्नेह सुरभि, अर्चना कुमारी, निभा कुमारी, सब्या कुमारी, रीता सिन्हा, प्रिया रंजनी तिवारी, सीखा कुमारी, सृष्टि कुमारी, पूनम तिवारी, स्वर्णा तिवारी, काजल कुमारी, सुनीता पांडे, अर्चना पांडे, प्रिया दुबे, अनु दुबे, सतीश कुमार, रोहित कुमार, पूजा गुप्ता, छाया रानी आदि लोगों उपस्थित थे।

### स्वच्छ भारत अभियान के तहत 21000 पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ समापन



**हजारीबाग :** स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज कुमार गुप्ता द्वारा 21000 पौधारोपण करने का संकल्प लिया गया था। इस कार्यक्रम का सोमवार को गांधी मैदान मे रुद्राभिषेक कर समापन किया गया। रुद्राभिषेक में स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा, सदर प्रखंड संयोजक बसंत कुमार मेहता सहित कई अन्य उपस्थित हुए। रुद्राभिषेक का कार्यक्रम सुबह 11 बजे से रखा गया था। इसका प्रसाद वितरण 1 बजे के बाद किया गया। इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए 3 से भक्ति जागरण का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह भक्ति जागरण शाम के 7 बजे समाप्त हुआ। साथ ही एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का समापन और सम्मान समारोह 7 बजे शुरू किया गया। सम्मान समारोह में स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा को शॉल देकर सम्मानित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 21000 पौधारोपण संकल्प को लेकर नीरज गुप्ता को दी बधाई । साथ ही स्वच्छ भारत अभियान को आगे ले जाकर भारत को स्वच्छ बनाने का प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने की बात कही। मौके उपस्थित राम प्रकाश चौधरी सहसंयोजक, बसंत कुमार मेहता सदर प्रखंड संयोजक, राकेश गुप्ता सह संयोजक जिला, सतीश पासवान नगर संयोजक, नितेक विष्णुगढ़ संयोजक, गौतम कुमार दारू संयोजक, राजू मेहता बरही संयोजक, महावीर बरकट्ठा संयोजक, रीतलाल मरांडी डाड़ी संयोजक, सुनील मेहता पदमा संयोजक एवं सभी प्रखंड के संयोजक एवं सहसंयोजक एवं पार्टी के कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### बंगाल में दुष्कर्म के बाद हत्या के खिलाफ भाजयुमो ने निकला आक्रोश मार्च

**पांकी (पलामू) :** कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में हुए एक ट्रेनिंग डॉक्टर के साथ दुष्कर्म निर्मम तरीके से हत्या के विरोध में रविवार को भाजयुमो निकाला आक्रोश मार्च सह कैंडल मार्च बंगाल में जिस तरह से हैवानों ने डॉक्टर के साथ क्रूर घटना और उनके निर्माण हत्या की है। जो रूह कपा देने वाली घटना है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो उसे फांसी की सजा हो इसके लिए आज भाजयुमो के द्वारा कपूर्री चौक से भगत सिंह चौक होते हुए रामजानकी मंदिर तक आक्रोश मार्च सह कैंडल यात्रा निकाला गया। इसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हाय हाय, डाक्टर के हत्यारे को फांसी दो सहित कई नारे लगाये गये। मौके पर उपस्थित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुध्न सिंह, चुनमुन पांडेय, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कुन्दन सिंह ,युवा नेता अक्षय कुमार, भाजपा लोरिक सिंह, पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजय गुप्ता, प्रिंस सिंह, सतेंद्र सिंह, राजदेव मेहता,अजित गुप्ता, भाजयुमो के संस्कार सोनी, हरि शर्मा, ललित मेहता ,अभय सोनी, रीमा शर्मा, नीलम जी, मंटू शर्मा, बंटी मलाकर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर (पलामू) :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में 17 अगस्त को मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा सप्तम से दशम तक की 86 छात्राओं ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया, जहाँ छात्राओं ने अपनी कला और सृजनात्मकता को प्रदर्शित करते हुए



अपने हाथों को अद्वितीय और सुंदर मेहंदी डिजाइनों से सजाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों के रचनात्मक विकास को प्रोत्साहित करना और उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करना है। प्रधानाचार्य ने आगे बताया कि श्रावण माह की भक्ति भावना को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, ताकि छात्राओं में सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना का विकास हो सके। उन्होंने पौधारोपण की आवश्यकता पर भी बल दिया और सभी से अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की। प्रतियोगिता में कक्षा दशम की छात्रा शिवानी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा नवम की प्रिया सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान कक्षा दशम की श्रुति कुमारी को प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल में विद्यालय के आचार्य और दीदियों ने भाग लिया और सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। मार्गदर्शिका हर्षदा उपाध्याय ने प्रतियोगिता के लिए मेहंदी की व्यवस्था की, जिसके लिए उन्हें विशेष धन्यवाद दिया गया।

# चम्पाई मंजे हुए राजनेता, खुद तय करेंगे अपना रास्ता : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चम्पाई सोरेन एक मंजे हुए राजनेता हैं और झारखंड अलग राज्य के गठन के लिए चलाये गए आंदोलन का हिस्सा रह चुके हैं। जिस तरह से उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटाया गया, उससे वे आहत हैं। वह अपनी आगे की राह के बारे में निर्णय खुद लेंगे। सीएम हेमंत सोरेन के आरोपों के सवाल पर कहा कि अगर कोई विधायक अपना दुख व्यक्त करता है, तो उनकी बात सुननी चाहिए। चंपाई के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर कहा कि इस सिलसिले में चंपाई सोरेन से अभी कोई बातचीत नहीं हुई है। चंपाई के सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इससे संकेत मिलता है कि वह बहुत आहत हैं। जिस तरह से उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाया गया, उससे उन्होंने काफी अपमानित महसूस किया। चंपाई ने पोस्ट में बताया कि तीन जुलाई को पार्टी विधायकों की बैठक में उनसे इस्तीफा देने को कहा गया। उन्होंने कहा कि वह इस निर्देश से आहत थे, क्योंकि उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंची थी। पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार, उन्होंने बैठक में घोषणा की थी कि आज से उनके जीवन का एक नया अध्याय शुरू होगा।

### हेमंत अपने विधायकों को बिकाऊ कहेंगे

भाजपा द्वारा विधायकों की खरीद-फरोख्त करने संबंधी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आरोपों पर मरांडी ने कहा कि इसका मतलब यह है कि वह (हेमंत) कह रहे हैं कि उनके विधायक बिकाऊ हैं। यदि आप (हेमंत) सभी विधायकों को बिकाऊ कहेंगे, तो कौन आपके साथ रहना चाहेगा। अगर कोई विधायक अपना दुख व्यक्त करता है, तो आपको उसकी बात सुननी चाहिए। गोड्डा में रविवार को एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर विधायकों की खरीद-फरोख्त करने का आरोप लगाया था। मरांडी ने कहा कि चंपाई जैसे वरिष्ठ नेता के अलग होने से पार्टी (झामुमो) पर असर पड़ेगा।
भाजपा की झारखंड ईकाई के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अगर चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल होने की इच्छा जाहिर करते हैं, तो पार्टी नेतृत्व निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन एक बड़े नेता हैं और उन्होंने हेमंत सोरेन की पार्टी की भ्रष्ट छवि बदलने की कोशिश की इसलिए, हमारे नेता व्यक्तिगत रूप से उनका सम्मान करते हैं।
झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रविवार को कहा कि चंपाई सोरेन पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और अगर कोई मतभेद है, तो इसे जल्द दूर कर लिया जाएगा। ठाकुर ने कहा कि झामुमो एक परिवार की तरह है और अगर परिवार में कोई मतभेद होता है, तो उसे परिवार के अंदर ही सुलझाया जाना चाहिए।

## एक नजर

### हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**रांची :** रांची की बुंडू थाना पुलिस ने हथियार और चाकू के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित श्रवण कुमार दास बुंडू के पुराना बाजार टोली का रहने वाला है। इसके पास से एक देशी पिस्तौल और स्टील का फोल्डिंग चाकू बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पुराना बाजार टोली में बड़ा तालाब का सौन्दर्यीकरण का कार्य हो रहा है, जिसमें काम कर रहे कर्मचारी को किसी अपराधी के जरिये पिस्टल और चाकू का भय दिखाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस दल ने बड़ा तालाब बुंडू के पास त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रवण कुमार दास को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।

### भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति में विश्वास करती है : मनोज

**रांची :** प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा जोड़-तोड़ की राजनीति में विश्वास करती है और यही भाजपा की नीति और नियति है। जब से झारखंड में हेमंत सोरेन के अगुवाई में सरकार बनी है तब से आज तक लगातार भाजपा झारखंड में सरकार को गिराने के लिए जोड़-तोड़ करने का काम कर रही है। सफलता नहीं मिली और न मिलेगी। उन्होंने सोमवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भी अपने पाले में करने में भाजपा सफल होता दिख रही है लेकिन सरकार पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है। झारखंड सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। मनोज ने कहा कि भाजपा की नियति अंग्रेजों जैसी है, फूट डालो और राज करो लेकिन झारखंड की जनता भाजपा की नीति और नियति को जानती है। इसमें भाजपा को कभी सफलता नहीं मिलेगी।

### मौमिता के हत्यारे को फांसी दें : उत्तम यादव

**रांची :** कोलकाता की बहन डॉ मौमिता के दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोपितों को सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार फांसी दे। ये मांग राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने सोमवार को की। यादव घटना को लेकर अल्बर्ट एक्का चौक पर एक दिवसीय उपवास पर बैठे थे। उत्तम यादव ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि आज रक्षाबंधन में बहन अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध रही हैं। इसके लिए भाई को भी अपने बहन के लिए रक्षा सूत्र बांधने की जरूरत है ताकि हर गली से लेकर शहर के महिलाएं सुरक्षित हो सके। यादव ने कहा सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार 24 घंटे के अंदर पीड़ित परिवार सहित पूरे भारत वासियों को रक्षाबंधन का तोहफा दें।

### सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत का झालसा ने लिया संज्ञान

**रांची :** बहुबाजार में सड़क दुर्घटना में हुए बच्चे की मौत पर झालसा ने संज्ञान लिया है। बीते 15 अगस्त की रात एक बेकाबू कार के द्वारा स्कूटी पर सवार मां और बेटे को अपने चपेट में ले लिया था। जिसमें 11 साल के बालक प्रियांशु की मौत हो गई थी, जबकि उसकी मां रोमा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इस घटना पर झालसा रांची ने संज्ञान लिया है और जिला विधिक सेवा प्राधिकार को यह आदेश दिया है कि वह तत्काल घायल मां और उनके परिवार वालों से मिलकर आवश्यक विधिक सहायता प्रदान करे। इस निर्देश के बाद में न्यायायुक्त सह अध्यक्ष डालसा, रांची, दिवाकर पांडे ने डालसा सचिव को अविलंब एक टीम गठित कर मृतक के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया।

# बंगाल की लड़की से झारखंड में दुष्कर्म जांच के लिए रांची पहुंची बंगाल पुलिस




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पश्चिम बंगाल में एक डॉक्टर की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला अभी थमा भी नहीं था कि झारखंड में बंगाल की एक लड़की से दुष्कर्म का मामला सोमवार को सामने आया है। इस लड़की से राजधानी रांची के एक होटल में दुष्कर्म किया गया। उसने यहां से लौटने के बाद कोलकाता में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई।
राजधानी के एक होटल में जांच करने के लिए पश्चिम बंगाल की पुलिस सोमवार को पहुंची। यह मामला चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित होटल एवीएन प्लाजा का है, जहां बंगाल के पुरुलिया जिले की पुलिस जांच के लिए पहुंची। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले पुरुलिया जिले के बागमुंडी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की अपने प्रेमी के साथ इस होटल में आकर रूकी रही थी। इसके बाद उस लड़की ने पुरुलिया में जाकर लड़के के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है। इसी मामले की जांच को लेकर पश्चिम बंगाल की पुलिस रांची पहुंची।

# व्हाट्सएप पर बिजली बिल की जानकारी लेने के लिए अपना नबंर करें अपडेट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) ने बिजली उपभोक्ताओं को एक अहम सुविधा उपलब्ध कराई है। निगम ने एक व्हाट्सएप नंबर 9431135503 जारी किया है, जिससे बिजली बिल की अद्यतन जानकारी मिलेगी। साथ ही किसी भी तरह की समस्या होने पर टॉल फ्री नंबर 1912 के अलावा 18003456570 और 0651-2710002 पर संपर्क किया जा सकता है।
जेबीवीएनएल की ओर से रांची और धनबाद में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है, जहां रांची में अब तक लगभग 2.61 लाख और धनबाद में लगभग 27 हजार प्रीपेड स्मार्ट मीटर स्थापित किया जा चुका है, जो अब नई बिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रीपेड मोड में काम करेगा यानी राशि उपलब्ध रहने तक विद्युत रहेगी। राशि समाप्त होने या बैलेंस खत्म होने पर विद्युत स्वत विच्छेदित हो जायेगी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की तरफ से उपभोक्ताओं को बिजली विच्छेद होने से पहले एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध बैलेंस की मिलेगी।
झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से उपभोक्ताओं को मोबाइल अपडेट करने की सलाह दी गयी है। साथ ही बताया गया है कि उपभोक्ता निकटतम विद्युत कार्यालय में अपने मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते है, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली वितरण निगम लिमिटेड की नई सेवाएं एसएमएम एवं व्हाट्सएप की सुविधा का लाभ मिल सके। झारखड बिजली बितरण निगम लिमिटेड के निकटवर्ती विद्युत कार्यालय में उपभोक्ता सिक्योरिटी डिपॉजिट की रसीद को अपडेट करा सकते हैं।

# बन्ना ने हेमंत सरकार को बताया रावण राज : प्रतुल शाहदेव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा ने मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विभीषण कहने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने सोमवार को कहा कि बन्ना गुप्ता अगर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विभीषण बता रहे हैं तो यह स्पष्ट हो गया कि वर्तमान सरकार का कार्यकाल रावण राज के समान है। जाने अंजाने बन्ना गुप्ता ने सच्चाई बताते हुए वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार की तुलना रावण राज से कर दी है। प्रतुल ने कहा चाटुकारिता में बन्ना गुप्ता शब्दों की मयार्दा को भूल गए और कोल्हान के एक जमीन से जुड़े कद्दावर आदिवासी नेता का अपमान कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि इसके पहले भी बन्ना गुप्ता अपनी विवादास्पद कार्यों और टिप्पणियों के कारण जाने जाते रहे हैं।
प्रतुल ने कहा कि वर्तमान में राज्य में रावण राज जैसे हालात है। पिछले पौने पांच वर्षों में 7000 से ज्यादा बेटियों की इज्जत लूटी गई। 7000 से ज्यादा हत्याएं हुई। हजारों लूट और अपहरण की घटनाएं हुई। विधि व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई। ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सलियों का तांडव हो रहा है।शहरी क्षेत्र में संगठित आपराधिक गिरोह वकील, नेता, पुलिसकर्मी और आम जनों की हत्याएं कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि इस रावण राज के खात्मे के लिए और धर्म की रक्षा करने के लिए अगर कोई सिस्टम पर प्रश्न खड़ा करता है जैसा चंपई सोरेन ने किया तो उनको बन्ना गुप्ता जैसे लोगों के द्वारा टारगेट करवाया जाता है।
प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है। लेकिन झारखंड में सिर्फ सत्ता के लोभ में वर्तमान के रावण राज के सारे कुकर्मों को वो नजरंदाज कर रही है।प्रतुल ने कहा पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है लेकिन कांग्रेस सिर्फ मंत्री पद और ब्रीफकेस के लालच में सत्ता में लगातार बने रहने के लिए सरकार को समर्थन जारी रख रही है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि वह कब तक इस रावण राज में कुंभकर्ण बन कर सोई रहेगी? सिर्फ सत्ता और पैसे के लालच में कांग्रेस वर्तमान में कुंभकर्णी निंद्रा में सोई हुई है। प्रतुल ने कहा वैसे भी बन्ना गुप्ता तो वैसे मंत्री रहे हैं जिन्होंने अपनी कलम से खुद को कोरोना वॉरियर के रूप में पुरस्कृत किया था।
प्रतुल ने कहा कि कोल्हान के आदिवासी बेटे का अपमान का फल तो इस पूरे सरकार और सत्ताधारी विधायकों को आगामी विधानसभा चुनाव में चुकाना होगा। सोरेन डायनेस्टी के बाहर का कोई भी आदिवासी नेता फैमिली को पचता ही नहीं है। उस पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आक्रमण शुरू हो जाता है। प्रतुल ने कहा कि चंपई सोरेन प्रकरण में झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर की घटिया राजनीति पूरे तरीके से जनता के सामने एक्सपोज हो गई है।

# किसानों को 90 फीसदी सब्सिडी पर मिलेगा जोड़ा बैल

**रांची :** राज्य सरकार छोटे और सीमांत किसानों को 90 फीसदी अनुदान पर जोड़ा बैल देगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैलों की खरीद के लिए कृषि-पशुपालन विभाग ने रिक्वेस्ट ऑफ प्रपोजल जारी कर दिया है। इसके तहत आपूर्तिकर्ता एजेंसी को पांच सितंबर को अपराह्न तीन बजे तक दस्तावेज जमा करना होगा। छह सितंबर को अपराह्न तीन बजे टेंडर खोला जाएगा। विभाग के अनुसार, छोटे एवं सीमांत किसानों को खेती करने के लिए बैल की आवश्यकता और कृषि कार्य में उन्नति लाने के उद्देश्य से यह योजना लायी गई है। जिससे कि किसानों को कम लागत में खेती कार्य में सहयोग तथा अधिक मुनाफा हो सके।

# अपने कार्यकाल के दौरान क्लब को और ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करूंगा : अमित शर्मा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल के इंस्टॉलेशन में अमित शर्मा अध्यक्ष बने। इंस्टॉलेशन कार्यक्रम रांची के एक स्थानीय होटल में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट 322 अ के जिलापाल सीमा बाजपेई ने संबोधित करते हुए कहा की इस क्लब का शुभारंभ हुए दो महीना हुआ है। क्लब अपनी एक अलग पहचान सेवा कार्यों के लिए बनाया है, जिसके लिए क्लब के सदस्यों को बधाई दी और उन्होंने कहा कि आप सभी अच्छे कार्य करते जाए मैं हमेशा आप सभी के साथ हूँ। इंस्टॉलिंग ऑफिसर राजीव लोचन लायन सत्र 2024-2025 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और डायरेक्टर को शपथ दिलाई। जिसमें क्लब के सचिव के रूप में मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष सोनल अग्रवाल, खुश्बू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, लीडरशिप चेयरपर्सन मोनिका गोयनका, पीआरओ अल्तमश आलम, सदस्य चेयरपर्सन कुणाल जालान, सर्विस चेयरपर्सन पीयूष कुमार, एलसीआईएफ कॉर्डिनेटर अभिषेक सिन्हा, क्लब डायरेक्टर अरूप नंदी, देवानंदन उराँव, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में शैलेश अग्रवाल का मनोनयन किया गया। क्लब के नये अध्यक्ष का प्रभार ग्रहण करने पर अमित शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की समाज सेवा के क्षेत्र में बढ़चढ़ कर कार्य करने का भरोसा दिलाया और आगामी कार्यकाल के लिए अपने विचार रखे। क्लब का अध्यक्ष बनना मेरे लिए गर्व की बात है। अपने इस कार्यकाल के दौरान क्लब को और ऊँचाइयों पर ले जाने का प्रयास करूंगा। क्लब के मान सम्मान को बढ़ाने के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करूँगा। कार्यक्रम में क्लब के संस्थापक अध्यक्ष सैलेश अग्रवाल ने कहा की मेरे कम अवधि के कार्यकाल मे क्लब के सदस्यों का भरपूर सहयोग हमें मिला जिसकी वजह से मैं अपने कार्यकाल को पूर्ण रूपेण सफल कर पाया क्लब की सदस्यों की उन्होंने काफी प्रशंसा की।मौके पर मंच संचालन खुश्बू अग्रवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन क्लब के सचिव मनोज मिश्रा और उन्होंने क्लब की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। इंस्टालेशन कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सीमा बाजपेयी, पूर्व जिलापाल सिद्धार्थ मजूमदार, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजीव लोचन, इमिडिएट पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल जैन, फर्स्ट वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय कुमार, शुभ्रा मजूमदार, कैबिनेट सेक्रेटरी शुभम बाजपेयी, रीजन चेयरपर्सन प्रेम शंकर मिश्रा, जोन चेयरपर्सन रतन अग्रवाल, प्रमोद श्रीवास्तव, अनीता सुजीत कुमार, डायरेक्टर अरूप नंदी, देवानंद उराँव, तनुश्री पत्रा, प्रीति कुमारी, तलविंदर कौर, सोनल प्रिया, पलक अग्रवाल, राजविंदर सिंह, आशीष नेमानी, गणेश प्रसाद सिंह, अरुण सिंह झारखंड चैम्बर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, रोहित अग्रवाल, राम बाँगर साहित्य पवन व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाये जा रहे डायल 112 के क्यूआर कोड



**रांची :** डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर महिला सुरक्षा, एटीएम संबंधी अपराधों की रोकथाम को लेकर त्वरित कार्रवाई के लिए डायल-112 का क्यूआर कोड बनाया गया है। इस क्रम में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में क्यूआर कोड को सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाया जा रहा है। क्यूआर कोड को जिले के सभी ऑटो, ई-रिक्शा और नगर निगम की सभी बसों पर चिपकाया जा रहा है, जिसे महिलाएं आसानी से स्कैन कर डायल-112 में छेड़खानी संबंधी और अन्य शिकायत दर्ज कर सकेंगी। इसी प्रकार एटीएम संबंधी धोखाधड़ी या साइबर अपराध की सूचना और शिकायत के लिए क्यूआर कोड बनाया गया है, जिसे शहर के सभी एटीएम में चिपकाया जायेगा। आमजन आसानी से आवश्यकता पड़ने पर इसे स्कैन कर डायल-112 में अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। क्यूआर कोड की व्यवस्था के माध्यम से डायल-112 को और अधिक प्रभावी बनाया गया है, जिससे लोग आसानी से अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और उनको त्वरित सहायता मिल सके।

### अधिवक्ता की स्कूटी को ले भागे चोर

**रांची :** अधिवक्ता जिज्ञासा अग्रवाल नारसरिया के सोनारगली स्थिति आवास के बाहर से रविवार की रात 2 बजे के आसपास ब्लू रंग की एक्टिवा स्कूटी JH01 CC 7336 अपराधी चोरी कर ले गए। इस क्रम में कोतवाली थाना में प्राथमकी दर्ज कराई गई है। सोनारगली में इस माह एक बाइक चोरी का भी समाचार है। कुछ प्रतिष्ठानों का ताला भी तोड़ा गया है। सोनारगली में रात होते ही चोर उच्चके अपराधी प्रवित्ति के लोग खुलेआम वारदात को अंजाम देते है। व्यापार केंद्र होने के कारण दिन में मोबाइल चोरी की कई घटनाएं हो चुकी है। ज्ञातव्य है कि अधिवक्ता जिज्ञासा अग्रवाल नारसरिया सिविल कोर्ट में तथा उनके पति अधिवक्ता श्याम नारसरिया झारखंड उच्च न्यायालय में वकालत करते है। पुलिस गश्ती का अभाव हो गया है जिसके कारण अनवांछित तत्वो का मनोबल बढ़ रहा है। सोनारगली में रहने वालों ने पुलिस से निवेदन किया है कि अपराधमुक्त क्षेत्र बनाने में सहयोग करे।

### श्याम मंदिर में महादेव का रूद्राभिषेक कर किया गया महाश्रृंगार



**रांची :** श्रीश्याम मंदिर हरमू रोड़ में सोमवार को श्रावण माह के अन्तिम दिवस पर स्फटिक के महादेव का महारूद्राभिषेक के बाद भव्य अनोखा दिव्य महाश्रृंगार करके महाआरती करके महाभोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्याम नारसरिया, जिज्ञासा नारसरिया सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

### चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का किया गया भूमि पूजन



**रांची :** रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के समीप स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष भी भव्य और आकर्षक दुर्गा उत्सव एवं पंडाल का निर्माण करेगी। इसी के तहत सोमवार को चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति अपने पूजा पंडाल परिसर के समक्ष झमाझम बारिश के बीच भूमि पूजन किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, संस्थापक सदस्य रामानंद ठाकुर, जैनेंद्र प्रसाद सहित सभी पदाधिकारी की उपस्थिति रही। मौके पर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि विगत वर्ष से भी आकर्षक और मनोरम दुर्गा उत्सव की प्रस्तुति चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष करेगी। इस कड़ी में जहां एक और पूरे पूजा पंडाल का थीम आरंभ भी अंत है पर होगा । वहीं शहर वासियों के बीच मंत्र मुक्त कर देने वाली भजन संध्या एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या की विशेषता होगी कि बिहार के सुप्रसिद्ध गायक भी इस आयोजित सांस्कृतिक संध्या में उपस्थित होकर भजनों की प्रस्तुति देंगे।

### रांची में जुटे देशभर के 20 माउंट एवरेस्ट पर्वतारोही, अनुभव को साझा किया

**रांची :** रांची के जैप 1 (शौर्य सभागार) के ऑडिटोरियम, डोरंडा में सोमवार को एवरेस्ट सम्मिट 2.0- बियोंड दी माउनटेंस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम मे देश भर के 20 पर्वतारोही शामिल हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन आइडिएट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक राजीव गुप्ता ने सीसीएल, साइबरपीस कॉर्प्स, अडाणी पावर, स्वच्छता पुकारे और प्रतिज्ञा के सहयोग से किया।जैमलिंग तेनजिंग, मेजर विनित, सिद्धार्थ त्रिपाठी, राजीव गुप्ता, आलोक गुप्ता ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य वक्ता जैमलिंग तेनजिंग ने लोगों के सामने अपना अनुभव साझा किया। शिक्षा पूरी करने के लिए विदेश गये। अपने पिता से तेनजिंग नोर्गे से पहाड़ चढ़ने के लिए प्रेरणा लिया और पहाड़ों की तराई पर चढ़ना शुरू किया। काफी संघर्ष करने के बाद एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी की। आज पहाड़ों के बीच अपना जीवन बिता रहे हैं। एवरेस्ट फतह करने वाली विश्व की सबसे छोटी उम्र की महिला है, जो 13 साल और 11 महीने का उम्र में एवरेस्ट पर देश का झंडा फहराया। जीवन का संघर्ष को लोगों के सामने बयां किया। पवार्तारोही के दौरान होने वाली मुश्किलों को किताब में लिख डाली और पूरे जीवन को फिल्म में कैद कर लिया। संगीता एस. बहल एक मिस इंडिया,1985 की फाइनलिस्ट हैं, जिन्होंने अपने मॉडलिंग करियर के बारे में लोगों से अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने लोगों के सामने जीवन का अनुभव को साझा किया। प्रकृति वार्ष्णेय ने बताया कि दुनिया बहुत बड़ी है और इसमें आपके रहने के अनगिनत तरीके हैं। आप जो बनना चाहते हैं, वह बन सकते हैं, कोई नियम नहीं हैं।

### झारखंड में महिलाएं डर के साए में रहने को विवश : मरांडी

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि रांची में दुष्कर्म की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। रांची सहित पूरे प्रदेश में महिलाएं डर के साए में रहने को विवश हैं। बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को एक्स पर लिखा है कि सोचिए ये हाल यदि राजधानी रांची का है, तो अन्य जिलों और शहरों का हाल और कितना भयावह होगा। मरांडी ने कहा कि राजधानी रांची भर में 2022 में 190 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं घटी, जो 22 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2023 में 232 तक जा पहुंची। इस साल में जून तक ही यानी महज छह महीने में महिलाओं के साथ अपराध की संख्या 113 तक पहुंच गई है।

# आपसी तालमेल से भयमुक्त विधानसभा चुनाव कराने को लेकर पुलिस की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को भयमुक्त वातावरण में कराने को लेकर सोमवार को पिंडाजोड़ा थाने के मिर्धा जायका रिसोर्ट में इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन पुलिस की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पुरूलिया व बोकारो जिले के एसडीपीओं, डिप्टी एसपी, स्तर के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस संबंध में प्रवीण कुमार सिंह, चास सदर एसडीपीओं ने बतलाया कि विधानसभा चुनाव मे निमित पुलिस शीर्ष पदाधिकारी के आदेशानुसार यह इंटर स्टेट कॉडिनेशन बैठक आयोजित की गई है ताकि आगामी विधानसभा चुनाव के आलोक मे आपसी तालमेल किया जाए। इसका मुख्य उद्देश्य है कि स्वच्छ, भयमुक्त



वातावरण में चुनाव संपन्न कराना। सदर डीएसपी ने कहा कि इंटर स्टेट आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने व उसको नियंत्रित करने के लिए छहः इंटर स्टेट चेकनाका को एक्टिवेट किया जाएगा। इससे चुनाव के दौरान इलिसिट आईटम, इलिसिट लिकर, इल्लिगल आर्म्स की आवाजाही पर अंकुश लगेगा। वांरटियों और एबस्कॉडरों की लिस्ट बोकारो और पुरूलिया पुलिस ने एक्जेंज किया है ताकि हमलोग कॉडिनेटेड एफोट के तहत इनकी गिरफ्तारी कर सके। सिंह ने कहा कि वांरटियों की गिरफ्तारी को लेकर डीजीपी के आदेश के आलोक में अभी तक जिले में 42 अपराधियों को रॉडअप कर लिया गया है। अंतर्राज्यीय पुलिस सीमावर्ती बैठक की अध्यक्षता प्रवीण कु० सिंह, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चास ने किया। इस बैठक में बोकारो के सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल (पुरुलिया) के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रघुनाथपुर और अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी झालिदा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। पश्चिम बंगाल से गौरव घोष- अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, झालिदा, रोहेद शेख - अनुमण्डल पुलिस पदाधिकरी, रघुनाथपुर, शाष्वती स्वेता सामंता, पुलिस उपाधीक्षक, पु०अ०नि० संजय सिंह थाना प्रभारी बाघलता, पु०नि० अशोकतरू मुखर्जी थाना प्रभारी पुरुलिया मुफस्सिल थाना, बापन मंडल, थाना प्रभारी थाना प्रभारी पाड़ा व सुदीप चक्रवती- थाना प्रभारी संथालडीह शामिल रहे। वहीं बोकारो से चास सदर एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह, बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, पिंड्राजोरा थाना प्रभारी अमरजीत कुमार सिंह, चास इंस्पेक्टर खुर्शिद आलम चास, मुफ्फसिल इंस्पेक्टर मोहम्मद आजाद खां व बालीडीह इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह उपस्थित थे।

## एक नजर

### शिवालयों में अंतिम सोमवारी को श्रद्धलुओं की उमड़ी भीड़

**कतरास :** सावन माह के अंतिम सोमवारी को कतरास सिजुआ तेतुलमारी क्षेत्र के सभी शिवालयों में पूजा करने के लिये श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी, सुबह से ही श्रद्धालुओं के शिवालयों में पहुंचने लगे थे। हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय, बोल बम के नारों से सभी शिवालय गूंज उठा, इस दौरान शिवलयों को फूल सज्जा से वातावरण सुगन्धित हो उठा था। साथ ही मंदिर समिति द्वारा प्रसाद वितरण भी की गई। जानकर बताते है कि सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना का खास महत्व है। इस माह में भगवान भोले शंकर की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक करने वालों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही उपवास रखने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। कहा कि ईश्वर की आराधना से तरक्की के योग बनते हैं ,जीवन के सभी दुखो का निवारण हो जाता है।

### न्यू बोल बम रामायण मंडली की ओर से 24 घंटे के अखंड कीर्तन की हुई शुरुआत



**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर 9 स्थित हनुमान मंदिर में न्यू बोल बम रामायण मंडली की और से मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन की शुरूआत की गई मंडली के सोनू जी ने बताया कि विगत कई वर्षों से हम लोगों की मंडली प्रत्येक वर्ष हनुमान मंदिर में 24 घंटे का अष्ट जाम का आयोजन करते आ रहे है इसी सिलसिले में इस वर्ष भी हम लोगों की मंडी में आसाराम का आयोजन किया गया जिसमें सभी कार्यकर्ता और लोग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूजा से प्रारंभ होकर कल प्रसाद वितरण तक अखंड कीर्तन का समापन किया जाएगा समापन में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मौके पर अयोध्या ठाकुर। अजय कुमार सिंह मुन्ना सिंह बबलू सिंह सुनील सिंह व्यास राजदेव शर्मा विक्रम सिंह व्यास श्याम बिहारी सिंह ढोलक वादक शुभलाल छोटू यादव नाल वादक मौजूद रहे।

### धान की उन्नत खेती के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**हजारीबाग :** एचडीएफसी परिवर्तन समर्थित जीटी भारत द्वारा हजारीबाग जिले में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य धान की अच्छी पैदावार के लिए सही तकनीक और सही बीज के उपयोग पर जोर देना था। जिले के आठ प्रखंडों में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिबद्ध कृषि विशेषज्ञों और क्लस्टर इंचार्ज के सघन सहयोग से किसानों को धान की उन्नत खेती के हर चरण में प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान किसानों को सर्वोत्तम खेती तकनीकों, सही-गलत की पहचान और प्रक्रिया की निगरानी के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान एक महत्वपूर्ण बात पर जोर दिया गया, जिसमें धान के पौधों को रोपाई करते समय उनकी पत्तियों को काटने की विधि शामिल थी। यह विधि पौधों के स्वस्थ विकास, जड़ों के विकास को प्रोत्साहित करती है और कीट प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे फसल की कुल गुणवत्ता में सुधार होता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के किसानों की उत्पादन क्षमता और फसल की गुणवत्ता को बढ़ाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को उन्नत तकनीकों का ज्ञान प्राप्त हुआ, जिससे वे अपनी खेती को अधिक लाभकारी बना सकेंगे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** 19 अगस्त विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष पर धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन बैंक मोड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स धनबाद में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत हमारे मुख्य अतिथि जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष एवं जीटा के महासचिव राजीव शर्मा, जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व महासचिव राजेश गुप्ता, अध्यक्ष चेतन गोयंका, महासचिव अजय नारायण लाल, कोषाध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता एवं धनबाद डेकोरेटर एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष प्रदीप सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं सभी फोटोग्राफर्स ने केक काटकर किया। स्वास्थ्य जांच शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर एवं नेत्र जांच की गई। इस शिविर में 100 से अधिक फोटोग्राफर एवं उनके परिजनों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सचिव मनीष शाह, संजय कुमार, रत्नेश कुमार, मनोज कुमार, मनोज राठौर, सूरज कुमार, अनिल गुप्ता, अभिजीत भट्टाचार्य, सुबोध महाराज एवं मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल का अहम योगदान रहा।

## सावन की अंतिम सोमवारी को शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सावन महीने के पांचवे व अंतिम सोमवार को चास-बोकारो के शिवालयों में हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की सभी मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा। साथ ही सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सावन माह के पांचवे सोमवार दिन श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से शिवलिंग का दूध व जल से अभिषेक किया। शिवलिंग को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी व शंख की घ्वनी से माहौल भक्तिमय बना रहा। शहर के सेक्टर 9 स्थित नवनाथ शिव




मंदिर, कालीबाड़ी मंदिर, सेक्टर 5 शिवालय, राम मंदिर सेक्टर 1, सेक्टर 3 थाना मोड़ शिवालय, सेक्टर 4 सूर्य मंदिर, बालीडीह शिव मंदिर, रितुडीह शिव मंदिर, सेक्टर 6 शिालय, चास चेक पोस्ट स्थित शिव मंदिर, पुराना बाजार शिव मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कई लोगों ने पंडितों की मौजूदगी में शिव महाभिषेक किया। नवनाथ शिव मंदिर व सेक्टर 4 डी आशुतोश शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। वहीं सावन मास में एक महीने तक प्रत्येक शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का दौर चलेगा। पंडित मार्केण्डेय दूबे ने कहा कि सावन महीने में भगवान शिव की पूजा से मनवांछित फल प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि इस महीने में भगवान भोले शंकर को दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल, विल्ब पत्र, आक, धतूरा आदि चढ़ाना चाहिए।

## सम्पूर्ण जनजागृति ऑर्गेनाइजेशन ने धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** रक्षाबंधन पर्व पर सम्पूर्ण जनजागृति ऑगेर्नाइजेशन में अध्ययनरत छात्राओं ने बरोरा थाना प्रभारी विकाश कुमार, संस्कार ज्ञानपीठ निर्देशक डॉ मुकेश कुमार राय व छात्र को परंपरागत तरीके से माथे पर तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बंधन उत्सव मनाया। थाना प्रभारी विकाश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ संस्कारी और निडर रहो कोई भी समस्या होने पर आप सभी की रक्षा के लिए हम सभी सदैव तत्पर रहेंगे। वहीं संस्कार ज्ञानपीठ निर्देशक डॉ मुकेश



कुमार राय ने कहा कि हर वक्त हम आप सभी के साथ नही रह सकते है इसलिए आपलोग के लिए जल्द ही सम्पूर्ण शिक्षा केन्द्र में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जिससे आप सशक्त बनेंगे और आपमें आत्मविश्वास पैदा होगी और ये आपके शिक्षा को बढ़ाने में मदद करेगी। मौके पर संस्था के अध्यक्ष रमेश कुमार सचिव विक्की साव, जूही कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सीमा कुमारी, खुशी कुमारी, चंदा, राधा, अंजली, प्रेम कुमार, सुबोध कुमार, सत्यजीत सोनू, प्रशांत कुमार, करण कुमार, आदि मौजूद थे।

## आदिवासी महिला से दुष्कर्म मामले में तीन गिरफ्तार, गए जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बालीडीह आदिवासी महिला दुष्कर्म मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाई कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर बालीडीह थाना काण्ड संख्या- 238/24 दिनांक- 18.08.2024 धारा- 70 (1) / 123 / 126/127/137/ 3(5) बीएनएस एवं 3(1) (आर)/3 (1) (एस) एसी/एसटी एक्ट दर्ज अनुसंधान प्रारंभ किया गया। जिसके आधार पर कांड के प्राथमिक तीनो अभियुक्तो कमशः पंकज कुमार सिंह उर्फ बिटटु उम्र करीब 25 वर्ष, पिता- कामदेव सिह, ग्राम- गोड़ाबाली, (टोला जामटोली) थाना- बालीडीह, जिला- बोकारो, कुन्दन कुमार, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता- विनोद मेश्तर, ग्राम- जगदम्बापूर, थाना- पूँजहादुर, जिला- पश्चिम चम्पारण (बेतिया) व लक्ष्मण कुमार, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता- केदारू यादव, ग्राम- फुलवरीया ताजपूर, थाना- मांझी ताजपूर, जिला- सारण (छपरा) को विधिवत गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उपरोक्त तीनो अभियुक्त बियाडा क्षेत्र मे काम करते है। तीनो के द्वारा अपना-अपना अपराध स्वीकार किया गया हैं तथा घटना में प्रयुक्त 2 मोबाईल को जब्त किया गया है। पीड़िता को सहायता राशि देय हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो को प्रतिवेदन भेजा गया हैं। कांड के अनुसंधान प्रत्येक बिन्दु पर किया जा रहा हैं।

## बीसीसीएल कर्मी की मौत के बाद मजदूरों ने काम ठप किया, पत्नी को मिली नौकरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र की केकेसी लिंक साइडिंग में कार्यरत एएमपी मजदूर नन्द किशोर बेलदार की मौत के बाद मुआवजा व आश्रित को नियोजन की मांग को लेकर मजदूरों व यूनियन प्रतिनिधियों ने केकेसी लिंक सायडिंग में काम-काज ठप कर दिया। मजदूरों के रोष को देखते हुए प्रबंधन ने नन्द किशोर बेलदार की पत्नी को नियोजन देने पर सहमति दी। यूनियन प्रतिनिधियों के साथ समझौता वार्ता के बाद बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक व सलाहकार समिति के सदस्यों ने नन्द किशोर बेलदार की पत्नी अनीता देवी को तत्काल प्रोविजनल नियोजन पत्र



दिया। मालूम हो कि मजदूर नन्द किशोर बेलदार विगत 24 जुलाई को ड्यूटी से घर लौटने के क्रम में फुलारीटांड फिडर ब्रेकर के समीप दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे तत्काल रिजनल अस्पताल डुमरा ले जाया गया, जहां से उसे केन्द्रीय अस्पताल धनबाद रेफर किया गया था. बाद में उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची स्थित पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई. समझौता वार्ता में बरोरा क्षेत्र के जीएम पीयूष किशोर, पीओ काजल सरकार, प्रबंधक यशवंत सिंह राजपूत, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक विवेक पाठक, जबकि यूनियन की ओर से एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पाण्डेय, सचिव संतोष गोराई, गोपाल मिश्रा, संजय चौबे, जेके झा, मंगल हेंब्रम, देवनाथ चौहान व मजदूर के परिजन थे।

## संक्षिप्त खबरें

### संकल्प एजुकेशन अंगारपथरा में पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन



**धनबाद :** सोमवार को संकल्प एजुकेशन अंगारपथरा में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में धरती माता फाउंडेशन के सीईओ रवि कुमार निषाद व रंजीत कुमार ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। निषाद ने कहा कि परिश्रम से ही प्रतिभा को निखारा जाता है। संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने कहा कि मॉडल स्कूल में 8 बच्चों का चयन होना गर्व की बात है। जिसमें नैना कुमारी, रौनक कुमार महतो, यश कुमार महतो, तमन्ना कुमारी, प्रिया कुमारी सिंह, हर्षित कुमार महतो, सूर्य प्रताप, एवं हरेंद्र कुमार रवानी को टॉफी देकर सम्मानित किया गया व उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर बृज बिहारी महतो मेमोरियल पुस्तकालय के अध्यक्ष लखन भैया, समाजसेवी अनिल केवट, राजू कुमार, नारायण कुमार महतो, सीताराम चौहान, शिवानी देवी, रूबी कुमारी, अनिल केवट, मोहम्मद शमसुद्दीन अली, निहाल रंजन, नेहा, सुभाष ऋषि मनोरमा देवी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी पप्पू निषाद, रविंद्र कुमार निषाद, बैजनाथ केवट आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### राजस्थानी समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष बने हरिप्रसाद अग्रवाल एवं धर्मशाला अध्यक्ष बने डॉ बीएन चौधरी



**धनबाद :** राजस्थानी धर्मशाला में रविवार को राजस्थानी समाज ट्रस्ट की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डॉ बी एन चौधरी ने की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्यय का ब्यौरा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अधिवक्ता डी एन चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। सर्व समिति से लोगों ने इसका समर्थन किया। वित्तीय वर्ष 2024-27 के लिए ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिप्रसाद अग्रवाल को चुना गया। डॉ बी एन चौधरी को वर्ष 2024-27 के लिए धर्मशाला अध्यक्ष चुने गये। बैठक में समाज के दो होनहार युवक द्वारा सीए फाइनल किए जाने पर उन्हें सम्मानित किया गया। बैठक में पवन कुमार अग्रवाल, हरिप्रसाद अग्रवाल, डॉ बी एन चौधरी, संतोष जलान, डीएन चौधरी, अनिल अग्रवाल, अशोक कुमार चौधरी, बजरंग लाल अग्रवाल, श्रवण खेतान, सुशील कुमार चौधरी, दीपक अग्रवाल,महेश शर्मा, दिलीप चौधरी, गोपाल चौधरी, मनीष राजगढ़िया, प्रमोद अग्रवाल, प्रभाष कुमार साह, अरुण तुलस्यान, बसंत अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### वृक्ष हमारे जीवन रक्षक : नेहा



**धनबाद :** सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा एवं धरती माता फाउंडेशन के सदस्य नेहा श्री के नेतृत्व में नवोदय विद्यालय बेनागोडीया में रक्षाबंधन उत्सव के अवसर पर वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण बचाने का संकल्प नवोदय के छात्र-छात्राओं के द्वारा लिया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेहा श्री ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन रक्षक हैं वृक्षों से हमें सांस लेने के लिए हवा, खाने के लिए फल, उपयोग के लिए लकड़ी एवं संपूर्ण वृक्ष मानव के लिए जीवनदान है। मौके पर संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो, मनोरमा देवी, निहाल रंजन, नेतृत्व रंजन, श्वेता कुमारी, रूपा महतो, इशिका राज, विपुल कुमार, आर्य सृष्टि, तेजस्विनी राज आदि ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर उसके संरक्षण एवं पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया।

### सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सेक्टर 2 द्वारा बल्ली पूजा का हुआ आयोजन



**बोकारो :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सेक्टर 2 सी द्वारा आज दुर्गापूजा के लिए बलि पूजा किया गया .विद्वान पंडित द्वारा बैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ पूजा मैदान मे विधिवत पूजा अर्चना की गई. पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू सरदार ने कहा की इस बार पूजा का बागडोर युवाओं के हाथ मे है,हर साल के भाती ईस वर्ष ,भी धूम धाम से माता रानी का पूजा किया जाएगा इस बार पूजा पंडाल समेत अन्य कई आकर्षण का केंद्र होगा. उन्होंने कहा की सीसीटीवी कैमरो की संख्या बढ़ाई जाएगी .सुरक्षित स्टैंड भी बनाये जायेंगे .विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी. आयोजन में रजनीश तिवारी,विनोद यादव अरविंद पासवान के साथ पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### भद्रा नक्षत्र के कारण बहनों ने दोपहर के बाद बांधी भाइयों की कलाई पर राखी



**बोकारो :** सावन के आज पांचवें और अंतिम सोमवार में श्रावण पूर्णिमा के रुप में भाई बहन का त्यौहार रक्षाबंधन मनाया जाता है रक्षाबंधन का त्यौहार पूरे देश मे मनाया गया । सुबह के समय भद्रा नक्षत्र होने के कारण बहनों ने अपने भाइयों को सुबह राखी नही बांध सकी। भद्रा नक्षत्र 1: 50 बजे करीब करीब समाप्त हुआ । उसके पश्चात बहनों ने अपने भाइयों के हाथों पर रक्षाबंधन बांधकर लंबी उम्र की कामना की । रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया समाजसेवी संजय त्यागी ने कहा कि रक्षाबंधन भाई -बहन के स्नेह व भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांध कर वह अपने भाई की आरती उतारकर ईश्वर से उसके सुख-शांति वैभव वा लम्बी उम्र की कामना करती है भाई अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है साथ ही अपनी बहन को उपहार देता है ।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला :** गुमला अनुमंडल पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया की 14 अगस्त 2024 को सिसई थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ तालाब स्थित जागृति अस्पताल परिसर से एक सफेद लाल रंग के पल्सर आर .एस. 200 मोटरसाइकिल नंबर, जे. एच.1 डी.आर.8928 को अज्ञात अपराधकर्मी लें उड़े, से संबंधित उक्त आरोप में सिसई थाना कांड संख्या 90/2024 धारा 303(2) बी.एन.एस. दर्ज की गई, और उच्च पदाधिकारी गुमला जिला पुलिस अधीक्षक (गुमला जिला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह) महोदय और मुझे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव सूचना दी गई। गुमला जिला पुलिस अधीक्षक महोदय के दिशा निर्देश पर एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें सिसई थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव के नेतृत्व में पुअनि प्रमोद कुमार अनुसंधान करता, पुअनि आशीष कुमार, पुअनि अजय कुमार रिजर्व गार्ड हवलदार निमन उरांव तथा और आरक्षी नरेंद्र सरदार के सहयोग से उक्त कांड का अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी कैमरा के फूटेज और तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचनाओं के आधार पर उक्त कांड में सिलेक्ट अपराध कर्मियों को चिन्हित करते हुए लोहरदगा थाना स्थित गौस नगर कुतमा निवासी 20 वर्षीय जाहिद अंसारी (पिता - स्व० बशीर अंसारी) तथा 20 वर्षीय जमील अंसारी (पिता - इदरीश अंसारी) और सिसई थाना स्थित भदौली ग्राम निवासी 22 वर्षीय गौतम कुमार रवि ( पिता - विनोद रवि ) समय पर दबोच लिया गया और उनके निशानदेही पर चोरी किए गए उक्त मोटर साइकिल को दुगाबाड़ी लेन लोहरदगा के एक झोपड़ी से बरामद किया गया। जबकि उक्त मोटरसाइकिल चोरी कांड के मास्टरमाइंड 26 वर्षीय सरफराज अंसारी ( पिता - एजाज अंसारी) जो अभी पुलिस के गिरफ्त से फरार है, उक्त दोनों आरोपी सिसई थाना स्थित रहमत नगर के निवासी हैं, उक्त तीनों मोटरसाइकिल चोर अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तारी कर सिसई थाना लाया गया , और आवश्यक कानूनी कार्रवाई एवं अवश्य पूछताछ के बाद उक्त तीनों मोटरसाइकिल चोरों को न्यायालय और मीडिया के समक्ष प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज दिया गया हैं।

## एक नजर

### ऑटो पेड़ से टकराने के कारण एक व्यक्ति की हुई मौत

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिलम जोड़ाजाम ग्राम के समक्ष ऑटो सड़क किनारे स्थित एक पेड़ में सीधे जोरदार टक्कर होने के कारण सिलम निवासी 32 वर्षीय दीपक उरांव की घटनास्थल पर ही हुई दर्दनाक मौत। मृतक के परिजन गुंदर उरांव ने बताया की सिलम जोड़ाजाम ग्राम के समक्ष उक्त ऑटो के एकाएक अनियंत्रित होकर सीधे पेड़ से जोरदार टक्कर होने के कारण दीपक उरांव की घटनास्थल पर ही हुई दर्दनाक मौत, उक्त सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें। उक्त घटनास्थल पर दलबल के साथ विनय कुमार राम ने पहूंचकर पुछताछ और छानबीन शुरू करते हुए। उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया और उक्त शव को पोस्टमार्टम हाउस के शीतगृह में रखवाया गया और आज पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

### एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला :** गुमला सदर थाना स्थित विंध्याचल नगर गुमला निवासी 34 वर्षीय अजय राम ने अपने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजन दुर्गा राम ने बताया की अजय राम अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली हैं, परंतु परिजनों को अबतक यह पता नहीं चल सका है कि , अजय राम ने क्यों फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। गुमला सदर थाना पुलिस को सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें। अपने दलबल के साथ एस.आई. विनय कुमार महतो ने उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन और पुछताछ शुरू करते हुए। उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

### रसगुल्ले ने ले ली नाबालिग की जान



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के गालूडीह थाना क्षेत्र के पाटमहुलिया में एक अजीबोगरीब घटना घटी है। एक रसगुल्ले ने नाबालिग की जान ले ली है। यह सुनकर हर कोई हैरत में है। पटमानिया निवासी संजीत सिंह के इकलौते पुत्र अमित सिंह (15) का रसगुल्ला खाना काल बन गया। घर में चाचा के आने की खुशियां गम में बदल गयीं। इस संबंध में परिजनों का कहना है कि अमित सिंह बेड पर लेटकर मोबाइल देख रहा था और लेटे ही लेटे उसने रसगुल्ला खा लिया। इससे रसगुल्ला उसके गले में अटक गया और उसकी सांस थम गयी। हालांकि, युवक दौड़ते हुए घर से बाहर निकला। उसकी हालत देखकर घर के बाहर बैठे उसके चाचा दौड़े और उसके मुंह में हाथ डालकर आधा रसगुल्ला बाहर निकाला लेकिन आधा रसगुल्ला गले में अटका ही रह गया। आनन-फानन में परिजन उसे गालूडीह के निरामया हेल्थ केयर लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉ सपन महतो ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। शव का पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया।

# खेत में मिला अज्ञात शव इलाके में फैली सनसनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया(गिरिडीह) :** सरिया-राजधनवार रोड मुख्य मार्ग नावाडीह इंडियन पेट्रोल पंप के आगे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पर ग्रामीणों की नजर पड़ी। जिसके बाद ग्रामीणों ने सरिया थाना को सूचना किया। जिसके बाद सरिया थाना प्रभारी अरविंद कु सिंह एएसआई श्रवण कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुचे और शव को सरिया थाना ले गई। वहीं शव की पहचान मरकच्चो थाना के पपिलो गांव के मुकेश यादव उम्र 35 पिता रामेश्वर यादव के रूप में हुवी जो इनके परिजनों को सूचना थाना प्रभारी के द्वारा दे दिया गया है। पहचान के लिए परिजनों को सरिया थाना बुलाया गया। परिजनों द्वारा उसकी पहचान मुकेश यादव पिता रामेश्वर यादव के रूप में की गई। परिवार के लोगों ने बताया कि मुकेश यादव बेंगलुरु में काम करता था। वह रविवार की शाम बेंगलुरु जाने के लिए घर से निकला था। वही सरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि संभवत उक्त व्यक्ति 11000 तार की चपेट में आ गया होगा क्योंकि हाई वोल्टेज का तार वहां झुका हुआ है। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि उसके गले में गमछा लपेटा हुआ है। सरिया पुलिस जाँच में जुट गई है।

# बुढ़वा महादेव के विकास के लिए ब्लूप्रिंट तैयार किया जा चुका है : सांसद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागाँव सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल ने दिल्ली से चलकर सीधे बड़कागांव महूदी स्थित बुढ़वा मंदिर तक मोटरसाइकिल से पहुँचे तथा बुढ़वा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि व उन्नति की कामना की। मंदिर परिसर में पूजा अर्चना करने के उपरांत भक्तों के बीच महा प्रसाद का वितरण किया उसके बाद रजरप्पा छिन्नमस्तिका से कावर उठाकर महूदी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर तक जलाभिषेक करनेवाले शिवभक्तों को शांति सह बिकास समिति गुरुचट्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शील्ड प्रदान कर पुरष्कृत भी किया। वही बुढ़वा महादेव सेवा समिति कड़तरी खेरातरी द्वारा आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटकर सांसद मनीष जायसवाल ने की। अपने संबोधन में सांसद जायसवाल ने कहा कि बुढ़वा महादेव की कृपा अपरंपार है। इनकी कृपा के बदौलत ही सैकड़ो शिव भक्तों ने 24 घण्टे के अंदर जल उठाकर बुढ़वा महादेव के ऊपर जलाभिषेक किया। श्री जायसवाल ने कहा कि पर्यटन विभाग व फॉरेस्ट्र विभाग विवाह भवन, शौचालय तथा तोरण द्वार का निर्माण कराए। हजारों भक्तों की श्रद्धा भक्ति देखकर मन भक्तिमय हो उठा। कहा कि यह श्रावण पूर्णिमा का मेला बड़कागाँव ही नही बल्कि झारखंड के शिव भक्तों का आकर्षण व भक्ति का स्थान बन गया है। यह भक्ति से सराबोर बुढ़वा महादेव मंदिर हमे सदा याद रहेगा। सांसद ने कहा कि मेरे प्रयास से पर्यटन विभाग जल्द सैलानियों के लिए अनेक बिकास कार्य करायेगा। इसकी ब्लू प्रिंट तैयार की जा चुकी है।

# विष्णुगढ़ थाना परिसर में एकल विद्यालय के आचार्यों ने मनाया रक्षाबंधन उत्सव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** हर साल की तरह इस वर्ष भी विष्णुगढ़ थाना परिसर में रक्षा बंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर एकल विद्यालय के आचार्यों ने थाने में तैनात पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर इस त्योहार को मनाया। कार्यक्रम के दौरान आचार्यों ने सभी पुलिस कर्मियों को राखी बांधी, जिससे पुलिस कर्मियों के चेहरे पर उत्साह और खुशी की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र नारायण सिंह एवं अन्य उपस्थित थे। इनके साथ चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, जिला बौद्धिक प्रमुख संतोष कुमार, सुरेश कुमार महतो इत्यादि मौजूद थे। सभी ने मिलकर इस समारोह में हिस्सा लिया और रक्षा बंधन के इस विशेष पर्व को और भी खास बना दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता ने कहा, रक्षा बंधन का त्योहार न केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है, बल्कि यह सुरक्षा और विश्वास का भी पर्व है। यह आयोजन पुलिस और समाज के बीच आपसी सहयोग और विश्वास को और भी मजबूत करने का एक सराहनीय प्रयास है। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने पुलिस कर्मियों को बधाई दी और उन्हें उनके कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव का वातावरण बनता है। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक साथ मिलकर मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ, जहां पुलिस कर्मियों और अन्य उपस्थित लोगों ने आपसी सम्मान और सौहार्द का आदान-प्रदान किया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पिता-पुत्र घायल, गुमला रेफर




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव के पास रविवार शाम 7:00 बजे के करीब एक अज्ञात पिक अप वैन की सीधी टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार तेंदार गांव निवासी बृजेश उरांव व उनके पुत्र 24 वर्षीय सोनू उरांव घायल हो गए जिसे स्थानीय लोगों ने चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया जहां दोनों पिता पुत्र की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक इलाज के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। सोनू उरांव ने बतलाया कि वह अपने पिता के साथ गुमला से भागिटोली गांव जा रहे थे इसी दौरान छतरपुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उनके बाइक को टक्कर मार मौके से फरार हो गया वहीं वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए टक्कर मारकर भागने वाले अज्ञात पिकअप वाहन की तलाश में जुट गई है।

# सांसद खेल महोत्सव के प्रथम चरण की तैयारी पूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों के खिलाड़ियों के उत्थान और सहयोग के साथ उन्हें बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर सांसद खेल महोत्सव-2024 कराने का संकल्प लिया है। इस टूर्नामेंट के प्रथम चरण की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी शुरूआत 21 अगस्त को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड से होगी। ज्ञात हो कि बतौर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने साल 2016 से ही इसकी शुरूआत अपने स्तर से नमो खेल श्रृंखला के माध्यम से की थी। कटकमदाग प्रखंड से कुछ टीमों के साथ शुरू हुए इस आयोजन का विस्तार पूरे सदर विधानसभा क्षेत्र में हुआ और इसमें करीब शत प्रतिशत गांवों की टीमें शामिल होने लगीं। कोरोना काल के दौरान दो साल 2020 और 2021 में यह टूर्नामेंट स्थगित रहा, लेकिन साल 2022 में यह नए स्वरूप में दिखा। साल 2022 में पहली बार इस टूर्नामेंटका आयोजन हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के बाहर इचाक और डाड़ी प्रखंड में सफलतापूर्वक हुआ। साल 2023 में इस टूर्नामेंट का विस्तार बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में भी हुआ। इस टूर्नामेंट ने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति गजब का उत्साह और जुनून खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने उत्पन्न किया। महज सात साल ( दो साल कोरोना काल को छोड़कर) में ही नमो फुटबॉल टूर्नामेंट ने हजारीबाग जिले का सबसे बड़ा और लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट होने का ख्याति प्राप्त किया। इससे उत्साहित होकर साल 2023 में मनीष जायसवाल ने नमो कैरम, नमो कबड्डी और नमो बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साल 2024 में पहली बार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने के बाद मनीष जायसवाल ने सांसद खेल महोत्सव-2024 के तहत नमो खेल श्रृंखला का विस्तार संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में करने का निर्णय लिया। इसके प्रथम चरण की तैयारी पूरी कर ली गई है और जल्द ही रामगढ़, मांडू, हजारीबाग सदर, बड़कागांव और बरही विधानसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों में इसका आयोजन किया जाएगा। सांसद ने इसको लेकर सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन कर बताया कि इस बार क्षेत्र के करीब 1,000- 1,500 (एक हजार-पंद्रह सौ) टीमों के 15,000- 20,000 (पंद्रह हजार-बीस हजार) खिलाडियों का समागम इस टूर्नामेंट में होने जा रहा है। वहीं द्वितीय चरण का आगाज 25 अगस्त को मांडू विधानसभा क्षेत्र के कुजू से होगा। इसकी तैयारी नमो खेल श्रृंखला समिति द्वारा पूरी कर ली गई है। सांसद ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी इस टूर्नामेंट में शामिल होने वाली सभी फुटबॉल टीमों को प्रोत्साहन के लिए एक-एक फुटबॉल और सभी खिलाड़ियों को आकर्षक नमो जर्सी भेंट की जाएगी। प्रत्येक चरण की विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 25,000 रुपये नकद और ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 15,000 नकद और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट के उद्घाटन और समापन पर समारोह आयोजित कर स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा। सांसद ने बताया कि इस बार पहली बार यह निर्णय लिया जा रहा है कि टूर्नामेंट के सभी 22 प्रखंडों की विजेता टीमों की एक प्रतियोगिता हजारीबाग में नमो चैंपियंस ट्रॉफी के नाम से आयोजित होगी, जिसके विजेता को विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट के साथ ही अन्य खेलों में भी प्रतिस्पर्धा का आयोजन कर खेल- खिलाड़ी और खेल प्रेमियों को सम्मान दिया जाएगा। टूर्नामेंट में महिला टीमों के बीच भी प्रतिस्पर्धा होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### चैनपुर में उत्साह के साथ मनाया गया रक्षाबंधन



**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय एवं आस पास के क्षेत्रो में रक्षाबंधन का त्यौहार बहुत ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राखी की बिक्री जम कर हुई। खासकर छोटे बच्चों में इस त्यौहार को लेकर बहुत उत्साह था। होटलों में मिठाइयों की बिक्री में भी इजाफा हुआ। रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है और यह त्यौहार इस पवित्र रिश्ते को और भी मजबूत बनाता है। बहनें अपने भाइयों के लिए राखी खरीदने के लिए बाजारों में पहुंचीं और उन्होंने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया। इस त्यौहार ने भाई-बहन के बीच के प्यार को और भी गहरा किया। चैनपुर प्रखंड के बाजारों में राखी की दुकानें सजी हुई थीं और लोग राखी खरीदने के लिए उमड़ पड़े। राखी की विविधता और रंगों ने लोगों को आकर्षित किया। कुछ लोगों ने ऑनलाइन राखी खरीदना पसंद किया, जबकि अन्य ने बाजारों में जाकर राखी खरीदी। होटलों में मिठाइयों की बिक्री में भी इजाफा हुआ। लोगों ने अपने परिवार के साथ मिठाइयां बांटीं और रक्षाबंधन के अवसर पर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। मिठाइयों की दुकानें भी सजी हुई थीं और लोग मिठाइयां खरीदने के लिए पहुंचे। रक्षाबंधन का त्यौहार हमें भाई-बहन के प्रेम की महत्ता को समझाता है। यह त्यौहार हमें एक दूसरे की रक्षा करने और प्यार देने की याद दिलाता है। चैनपुर प्रखंड में रक्षाबंधन का त्यौहार बहुत ही उत्साह से मनाया गया और लोगों ने इसे बहुत ही खुशी से मनाया।

### भाजपा रांची जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष बने नरेश साहू



**अनगड़ा :** अनगडा गोंदली पोखर बेडवारी गांव निवासी भाजपा नेता नरेश साहू को ओबीसी मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया। इस खुशी के मौके पर पूर्व विधायक राम कुमार पहान पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी अनगडा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो राजेन्द्र महतो रामशाय मुंडा संतोष महतो घने नाथ महतो ने बधाई दिया।

### हेसल गांव की मुख्य सड़क में जल जमाव ग्रामीण परेशान



**अनगड़ा :** पुरुलिया सड़क से हेसल जाने वाले मुख्य सड़क में जल जमाव से ग्रामीण व छात्र छात्राओं को काफी परेशानी का सामना कर पड़ रहा है बतादे की प्रधानमंत्री सड़क योजना से यह सड़क का पीसीसी पथ का विगत दो महीना पहले निर्माण कराया गया था। हेसल चौक स्थित बीच सड़क पर गड्ढा हो गया था। जब सड़क का निर्माण हुआ। उस समय वेंडर के लापरवाही के कारण सड़क बनने के बाद भी जल जमाव है जिससे गांव के ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### दो लड़कों ने मोटरसाइकिल सवार को रोका और मोटरसाइकिल ले भागे

**मुरी :** मुरी जंक्शन से करीब 1 किलोमीटर आगे मुरी रामगढ़ रेलखंड पर बने नवनिर्मित सबवे के समीप रविवार की रात्रि 9:30 बजे बिसीरिया निवासी अजय कुमार महतो अपने दीदी के घर खेरडीह से वापस अपने घर आ रहे थे इसी क्रम में उरंगढ़ा पुराना रेल पुल के समीप दो लड़कों ने मोटरसाइकिल रोकने के लिए कहा और साथ ले चलने की बात कही तथा अजय कुमार महतो को धक्का देकर मोटरसाइकिल को दोनों युवक ले भागे।इस संबंध में बिसरिया निवासी भुक्तभोगी ने मुरी ओपी थाना में एक लिखित शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद मुरी ओपी पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में जांच किया जा रहा है। बताते चले कि इसके पूर्व में भी इस जगह पर कई बार छिनतई हो चुकी है। इसका मुख्य कारण है जगह का सुनसान होना और बिजली बत्ती का व्यवस्था नहीं होना समस्या का मुख्य कारण बना हुआ है। इससे ग्रामीण काफी क्षुब्ध है।

### विभिन्न शिवालयों में उमड़ी भीड़, भक्तजनों ने किया जलाभिषेक

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया प्रखंड में सावन पूर्णिमा के अवसर पर प्रखंड के बिभिन्न शिवालयों में मंगलवार को सोमवार सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए लोगों कि भीड़ देखने को मिला। प्राचीन मंदिर महादेव कोणा में लगने वाले मेले में भी लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा जहाँ महादेव कोणा पूजा सामिति द्वारा आयोजित अखंड हरि कीर्तन का समापन किया गया। वहीं सोमवार को यहाँ रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया मौके पर मुख्य अतिथी पूर्व विधायक दिनेश उरांव ने अखंड हरिकीर्तन में शामिल हुए। साथ ही मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की।वही झमाझम वारिश के बीच भी मेले में भारी भीड़ देखा गया। वहीलोगों ने संस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर लुप्त उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतीस साहु संजय साहु अनिल गुप्ता राजकुमार गुप्ता शुशील होता गौरीशंकर चौधरी दिलीप साहु अमित साहु किस्टों प्रसाद नवीन सिंह बिजय सिंह राजकुमार सिंह बिनोद भगत रमा शंकर पांडेय सहित ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### खूंटी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

**खूंटी :** जिला मुख्यालय खूंटी सहित आसपास के क्षेत्रों में भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन सोमवार को हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाइयों पर राखियां बांधकर उनके दीघार्यु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को सप्रेम उपहार भेंटकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। इस बार भद्रा के कारण दोपहर डेढ़ बजे के बाद ही रक्षा बंधन का मुहूर्त होने के कारण बहनों ने भााइयों को रखी बाांधी। भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम के इस त्यौहार को लेकर छोटी-छोटी बच्चियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही बच्चियां, युवतियां और महिलाएं स्नान आदि कर सुंदर परिधानों में सुसज्जित होकर मंदिरों में जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और घर आकर भाइयों की आरती उतारी, ललाट पर तिलक लगाया और र कलाइयों में राखियां बांधकर भाइयों का मुंह मीठा कराया। कई बहनों ने मायका आकर अपने भाइयों को रखी बांधी। रक्षा बंधन के कारण मिठाइयों और फलों की दुकानों पर काफी भीड़ रही। इधर, खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा को राखी बांधने के लिए कई महिलाएं उनके आवास पर पहुंची। राखी बंधवाने के बाद विधायक ने भी उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि बहनें हैं,तो घर की रौनक है, खुशी हैं। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा मेरा कर्तव्य है और इसे निभाता रहूंगा।

# बांग्लादेश के हिंदू आखिरकार कहां शरण लें?

हृदयनारायण दीक्षित

प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचार के अनुसार जीवन जीने का अधिकार है और अपने अंतःकरण के अनुसार मत, मजहब, रिलीजन को मानने का भी। बांग्लादेश के मामले में विचार या आस्था का कोई प्रश्न नहीं है। बच्चों और महिलाओं के अंग भंग करना, जान से मार देना सारी दुनिया को अनुचित और बर्बर लगा है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया निराशाजनक है। हिंदुओं के विरुद्ध जारी हिंसा का सम्बंध रक्तपात करने में विश्वास करने वाली मानसिकता से है। हिंदू मारे जा रहे हैं और हम कुछ नहीं कर सकते। ऐसी विवशता और लाचारी हृदयविदारक है।

बांग्लादेश में हिंदू चुन-चुन कर मारे जा रहे हैं। कत्लेआम जारी है। हिंदू महिलाओं के साथ बर्बरता के वीभत्स तरीके अपनाए जा रहे हैं। महिलाओं पर अत्याचार के चित्र कठोर से कठोर व्यक्ति को विचलित करने वाले हैं। बांग्लादेशी हिंदुओं का कोई भी काम न तो सेना के खिलाफ है और न ही सेना की कठपुतली कथित सरकार के खिलाफ। अंतरराष्ट्रीय जिज्ञासा है कि इस रक्तपात की वजह क्या है? बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदू आबादी का प्रतिशत पहले ही घट रहा है। हिंदू आबादी का प्रतिशत घटने के कारण क्या हैं? दोनों देशों में हिंदू आबादी की संख्या अत्याचार, उत्पीड़न और हिंसा से घटी है। जोर जबरदस्ती का मतांतरण भी प्रमुख कारण है। मिशनरी लोगों से सम्बंधित साधारण घटनाएं भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनती हैं। धर्मांतरण करने वाली शक्तियां अपना गैरकानूनी काम करती रहती हैं। उनके गलत काम का विरोध भी सारी दुनिया में चर्चा का विषय बनता है। मगर हिंदुओं की सुनियोजित हत्या पर भी कोई हलचल नहीं होती।




हिंदू थोक के भाव मारे जाते हैं, मारे जा रहे हैं। आखिरकार थोक के भाव हिंदुओं की हत्या अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के लिए कोई बड़ी घटना क्यों नहीं है। हिंदुओं की हत्या का मूल कारण है क्या? आहत मन कुछ मौलिक प्रश्न उठते हैं। क्या हिंदू होना एक अभिशाप है? हिंदू सारी दुनिया का लोकमंगल चाहते हैं। हिंदुओं ने कभी किसी दूसरे देश पर हमला नहीं किया। केवल हिंदू होने के कारण ही वे मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। अबोध बच्चियों के साथ भी बलात्कार हो रहे हैं।

बांग्लादेश की सेना नियंत्रित सरकार हिंदुओं की रक्षा में असफल हुई है। हिन्दू उत्पीड़न के सरोकार बड़े हैं। भारत विभाजन के पूर्व मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान की मांग की थी। इस मांग को लेकर भी हिंदुओं का भयंकर रक्तपात हुआ था। 'डायरेक्ट एक्शन डे' के नाम से व्यापक नरसंहार हुआ था। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिंदू 84.44 प्रतिशत और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों के इस प्रतिशत में आज के पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मुसलमान भी शामिल थे। 1947 में भारत विभाजन हुआ। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना (1951) में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिंदू आबादी का अनुपात 87.24 प्रतिशत हो गया। यहां की मुस्लिम आबादी 10.43 प्रतिशत रह गई। 50 वर्ष बाद 2001 में भारत में जनगणना हुई। हिंदू आबादी घटी और 84.21 प्रतिशत रह गई। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। जनसंख्या के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान मांगा था। पाया था। अब एक और पाकिस्तान की जनसंख्या हो गई है। हिंदू इस सवाल को उठाते हैं तो उन्हें सांप्रदायिक कहा जाता है। हिंदू आबादी ही सर्वपंथ समभाव और लोकतंत्र की गारंटी है।

बांग्लादेश की सीमाओं पर प्राण रक्षा के लिए व्यथित हिंदू अल्पसंख्यक हैं। वे इसीलिए मारे जा रहे हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या कम है। सेकुलर दल हिंदू संहार पर मौन रहते हैं। बांग्लादेश से भारत के लिए अवैध प्रवेश होता रहा है। भारतीय संसद में अनेक बार बांग्लादेशी घुसपैठ स्वीकार की गई है। भारत के अधिकांश राजनैतिक दल हिंदू नाम के प्रयोग से डरते हैं। फिलिस्तीन को लेकर देश के सेकुलरपंथी दुख व्यक्त करते हैं। लेकिन हिंदू प्रजाति के खात्में को लेकर मौन हैं। वाम दल भी हिंदू नरसंहार पर मौन हैं। समूची हिंदू जाति पर संकट है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नागरिकता संशोधन कानून लायी थी। कट्टरपंथियों ने इसका विरोध किया था। वे हिंसक हो गए थे। बांग्लादेश के हिंदू आखिरकार कहां शरण लें? क्या करें? पाकिस्तानी गैर मुसलमान और हिंदू भी उत्पीड़न के शिकार हैं। पाकिस्तान में भी हिंदू हिंसा का शिकार होते हैं। ईशनिंदा कानून में बड़ी सजा है। पाकिस्तानी सरकार हिंदुओं के विरुद्ध इसका इस्तेमाल करती है। संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार चार्टर भी बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा नहीं कर पा रहा है। जाति, वंश, लिंग आधारित भेदभाव को निषिद्ध बताने वाले सेक्युलर हिंदू नरसंहार पर चुप हैं। प्रख्यात इतिहासकार डॉ. हर्ष नारायण ने लिखा है कि, 'वास्तव में इस्लाम कहीं भी काफिरों के साथ सहअस्तित्व को न प्रोत्साहन देता है और न अनुमति। वह इसकी संभावना पर भी विचार नहीं करता।

हिंदू अपने चिंतन दर्शन में समूची धरती को परिवार मानते हैं लेकिन इस्लामी राजनीतिक चिंतन में इसकी कोई गुंजाइश नहीं। 'संस्कृति के चार अध्याय' (पृष्ठ 302) में रामधारी सिंह 'दिनकर' ने लिखा है कि, 'भारत में इस्लाम का आरंभिक इतिहास मारकाट और खुरेंजी, धर्म परिवर्तन, अभद्रता और अन्याय का इतिहास है। मुसलमान एक आदर्श मजहब और एक सुगठित समाज में जिस प्रकार आबद्ध थे, उससे उन्हें अपार नैतिक बल प्राप्त होता था। इसके विपरीत हिंदुत्व ढीला हो चुका था। हिंदुओं के धर्म, आदर्श और सिद्धांत के अनेक रूप थे। फिर भी भारत में इस्लाम की धाक उस आसानी से नहीं जमी।' इस्लामिक कट्टरता नई बात नहीं थी और न ही हिंदू सहिष्णुता। दिनकर के अनुसार अलबेरूनी ने लिखा है कि, 'हिंदू जन्मजात अहिंसक थे। अनेक धर्मों का स्वागत करते थे। वे धार्मिक मामलों में बहुत ही सहिष्णु हो गए थे। महमूद से पहले जो मुसलमान भारत आए थे उन्हें यहां के राजाओं ने अच्छा प्रश्रय दिया था।' हिंदू अपने सहिष्णु स्वभाव के कारण बढ़-चढ़ कर नहीं लड़ते थे। दिनकर ने लिखा है कि, 'लड़ाई और मारकाट के दृश्य तो हिंदुओं ने बहुत देखे थे। उन्हें सपने में भी यह ख्याल नहीं था कि दुनिया की एकाध जाति ऐसी भी हो सकती हैं जो मूर्तियों को तोड़ने और मंदिरों को ध्वस्त करने में ही सुख माने। मुस्लिम आक्रमण के साथ मंदिरों और मूर्तियों पर विपत्ति आई। हिंदुओं का हृदय फट गया।'

मंदिरों और मूर्तियों पर हमले का लंबा इतिहास है। भारत में लाखों मंदिर ध्वस्त किए गए थे। लेकिन बात यहीं आकर समाप्त नहीं हुई। वे हिंदू समाज को समाप्त करने के मकसद से किसी भी तरह की लड़ाई पर आमादा रहे हैं। हिंदू और मुसलमान के बीच की दूरी पाट कर एक सहअस्तित्वपूर्ण समाज बनाने के अनेक उपाय किए गए। महात्मा गांधी ने हिंदू मुस्लिम एकता का व्रत लिया था। अंत में उन्होंने लिखा कि, 'हिंदू मुस्लिम एकता के प्रश्न पर मैं हार गया।' दिनकर के अनुसार इस्लाम केवल नया मत नहीं था। यह हिंदुत्व का ठीक विरोधी मत था। हिंदुत्व की शिक्षा थी कि किसी भी धर्म का अनादर मत करो। मुसलमान मानते थे कि जो धर्म मूर्ति पूजा में विश्वास करता है उसे नस्तेनाबूत कर देना चाहिए।'

प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचार के अनुसार जीवन जीने का अधिकार है और अपने अंतःकरण के अनुसार मत, मजहब, रिलीजन को मानने का भी। बांग्लादेश के मामले में विचार या आस्था का कोई प्रश्न नहीं है। बच्चों और महिलाओं के अंग भंग करना, जान से मार देना सारी दुनिया को अनुचित और बर्बर लगा है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया निराशाजनक है। हिंदुओं के विरुद्ध जारी हिंसा का सम्बंध रक्तपात करने में विश्वास करने वाली मानसिकता से है। हिंदू मारे जा रहे हैं और हम कुछ नहीं कर सकते। ऐसी विवशता और लाचारी हृदयविदारक है।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

## संपादकीय

### भ्रष्टाचार के लपेटे में सीएम

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन 'घोटाले' के संबंध में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने को मंजूरी दे दी है। पूरा 'घोटाला' 4,000 करोड़ रुपये का है। राज्यपाल का फैसला टीजे अब्राहम, प्रदीप कुमार एसपी और स्नेहमयी कृष्णा की ओर से दायर तीन अर्जी पर आधारित है। इससे पूर्व सिद्धरमैया मंत्रिमंडल ने राज्यपाल को सलाह दी थी कि इस मामले में उनके द्वारा 26 जुलाई को जारी 'कारण बताओ' नोटिस को वापस लिया जाना चाहिए। नोटिस में मुख्यमंत्री से पूछा गया था कि क्यों न उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाए। लेकिन राज्यपाल ने मंत्रिमंडल की सलाह का संज्ञान न लेकर सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी। उनका कहना है कि मामले की वस्तुनिष्ठ और निष्पक्ष जांच कराना बहुत जरूरी है। इस बीच, सिद्धरमैया पर पद से इस्तीफा देने का दबाव बढ़ गया हैं। भाजपा का कहना है कि मामले, जिसमें सिद्धरमैया और उनके परिवार को संलिप्त बताया है, की निष्पक्ष जांच के लिए सिद्धरमैया को पद छोड़ देना चाहिए। हालांकि सिद्धरमैया ने इस्तीफा देने से यह कहते हुए इनकार किया है कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है। राज्यपाल का फैसला संविधान और कानून के विरोद्ध है और वे इसे अदालत में चुनौती देंगे। राज्य में इस मुद्दे को लेकर राजनीति गर्मा गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य के अनेक हिस्सों विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। राज्यपाल का पुतला दहन भी किया। उनका आरोप है कि राज्यपाल संवैधानिक कार्यालय का घोर दुरुपयोग कर रहे हैं। बेशक, भ्रष्टाचार के किसी भी आरोप की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए लेकिन उसके राजनीतिक पक्ष को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। खासकर जब आरोपों में स्वयं मुख्यमंत्री घिरा हो। सोचा जाना चाहिए कि इस प्रकार के 'घेराव' से सिद्धरमैया आरोपी की बजाय पीड़ित ज्यादा नजर आ सकते हैं। इसलिए कि निर्वाचित सरकार को हटाने की साजिशों के तमाम मामले सर्वविदित हैं। दिल्ली, झारखंड समेत कई राज्यों में निर्वाचित सरकार के कामकाज को सहज न रहने देने की गरज से साजिशों का खुलासा हो चुका है। यह भी छिपा नहीं है कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी राज्यपाल के जरिए राज्यों में विपक्ष की सरकारों पर अनावश्यक दबाव बनाती है। उन्हें अस्थिर करने की कोशिश करती है। इसलिए शंका है कि इस मामले में वस्तुनिष्ठ जांच की बजाय राजनीतिक पक्ष ज्यादा मुखर रहने वाला है।

## चिंतन-मनन

### प्राणवान प्रतिभाओं की खोज

प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिए तदनुरूप योग्यता एवं कर्मनिष्ठा उत्पन्न करनी पड़ती है। साधन जुटाने पड़ते हैं। कठिनाइयों से जूझने, अड़चनों को निरस्त करने और मार्ग रोककर बैठे हुए अवरोधों को हटाने के लिए साहस, शौर्य और सूझबूझ का परिचय देना पड़ता है। जो कठिनाइयों से जूझ सकता है और प्रगति की दिशा में बढ़ चलने के साधन जुटा सकता है, उसी को प्रतिभावान कहते हैं। सामुदायिक सार्वजनिक क्षेत्र में सुव्यवस्था बनाने के लिए और भी अधिक प्रखरता चाहिए। यह विशाल क्षेत्र, आवश्यकताओं और गुत्थियों की दृष्टि से तो और भी बढ़ा-चढ़ा होता है। हीन वर्ग अपने साधनों के लिए, मार्गदर्शन के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है। यह परजीवी वर्ग ही मनुष्यों में बहुलता के साथ पाया जाता है। अनुकरण और आश्रय ही उसका स्वभाव होता है। ऐसे लोग निजी निर्धारण कदाचित ही कभी कर पाते हैं। दूसरा वर्ग-समझदार होते हुए भी संकीर्ण स्वार्थपरता से घिरा रहता है। योग्यता और तत्परता जैसी विशेषताएं होते हुए भी ऐसे लोग अपने को लोभ, अहंकार की पूर्ति के लिए ही नियोजित किए रहते हैं।

वे कृपणता और कायरता के दबाव में वे पुण्य-परमार्थ की बात सोच ही नहीं पाते। अवसर मिलने पर अनुचित कर बैठते हैं और महत्व न मिलने पर अनर्थ कर बैठते हैं। वे जैसे-तैसे जी लेते हैं, पर श्रेय सम्मान जैसी किसी मानवोचित्त उपलब्धि के साथ उनका संबंध नहीं जुड़ता। उन्हें जनसंख्या का घटक भर माना जाता है। तीसरा वर्ग प्रतिभाशालियों का है। ये भौतिक क्षेत्र में कार्यरत रहते हुए अनेक व्यवस्थाएं बनाते हैं। ये अनुशासन और अनुबंधों से बंधे रहते हैं। अपनी नाव अपने बलबूते खेते हैं और उसमें बिठाकर अन्यों को भी पार करते हैं। कारखानों के व्यवस्थापक और शासनाध्यक्ष प्रायः इन्हीं विशेषताओं से सम्पन्न होते हैं। बोलचाल की भाषा में उन्हें ही प्रतिभावान कहते हैं।सबसे ऊंची श्रेणी देवमानवों की है, जिन्हें महापुरुष भी कहते हैं। प्रतिभा तो उनमें भरपूर होती हैं, पर वे उसका उपयोग आत्म परिष्कार से लेकर लोकमंगल तक उच्च स्तरीय प्रयोजनों में लगाते हैं। निजी आवश्यकताओं और महत्वाकांक्षाओं के बजाय अपने शक्ति भंडार को परमार्थ में लगाते हैं।

# हॉकी में पुनः भारत का दबदबा


संजय गोस्वामी




पेरिस ओलंपिक अब खत्म हो चुका है और प्रधान मंत्री ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात की , पेरिस ओलंपिक हॉकी में मिला पदक फिर से हॉकी में भारत को बादशाह बनाने की ओर अग्रसर है इस ओलंपिक में विनेश फोगाट के शानदार प्रदर्शन को भारत हमेशा सम्मान देगा लेकिन इस पर राजनीती ठीक नहीं है दुनिया के सबसे पुराने खेलों में से एक, हॉकी की शुरूआत संभवतः 1527 में स्कॉटलैंड से हुई थी। तब इसे अंग्रेजी में होकी (लङ्गी) के नाम से जाना जाता था। कुछ रिकॉर्ड्स बताते हैं कि इसी तरह का खेल उस समय मिस्त्र में भी खेला जाता था।हॉकी टीम ने जीता ब्रॉन्ज मेडल, पेरिस ओलंपिक में भारत को मिला चौथा पदक इंडिया और स्पेन के बीच पेरिस ओलंपिक का हॉकी का कांस्य पदक मैच खेला गया। भारत ने इस मैच को 2-1 से जीतकर कांस्य पदक पर कब्जा किया है। लंबे समय के बाद भारत ने लगातार दूसरी बार ओलंपिक खेलों में पदक जीता है। टोक्यो ओलंपिक 2020 में भी भारत ने कांस्य पदक हॉकी में जीता था। हॉकी में ओलंपिक में भारत का ये 13वां मेडल है। इस ऐतिहासिक मुकाबले में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल दागे, दोनों गोल उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किए। भारत के गोलकीपर और अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पीआर श्रीजेश ने भारत के लिए कई गोल इस मैच में बचाए। उन्होंने आखिरी के कुछ मिनटों में आधा दर्जन बार पेनल्टी कॉर्नर या फिर फील्ड गोल से भारत को बचाया भारत 50साल बाद हॉकी में फिर से विश्वविजेता बनने की ओर अग्रसर है अनेकानेक बधाई जब भारतीय हॉकी टीम 1928 ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए बॉम्बे बंदरगाह से एम्सटर्डम रवाना हो रही थी, तब सिर्फ तीन लोग उसे विदा करने आए थे.शुरूआतभारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में पहली बार 1928 में कदम रखा था. फील्ड हॉकी 1908 और 1920 के खेलों का हिस्सा थी, लेकिन भारत ने इसमें भाग नहीं लिया था. जब भारतीय हॉकी टीम 1928 ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए बॉम्बे बंदरगाह से एम्सटर्डम रवाना हो रही थी, तब सिर्फ तीन लोग उसे विदा करने आए थे. इसके उलट जब टीम स्वर्ण पदक जीतकर भारत लौटी, तब हजारों लोग विजेता टीम का स्वागत करने के लिए खड़े थे.1928 ओलंपिक के हॉकी इवेंट में कुल 9 टीमों ने भाग लिया था. भारत को बेल्जियम, डेनमार्क, स्विट्जरलैंड और ऑस्ट्रिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया था. वहीं, मेजबान नीदरलैंड्स जर्मनी, फ्रांस और स्पेन ग्रुप बी में थे. दोनों ग्रुप की टॉप टीम ने स्वर्ण पदक के लिए एक-दूसरे का सामना किया, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों ने कांस्य पदक के लिए मैच खेले.17 मई को टूर्नामेंट के अपने शुरूआती मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रिया को 6-0 से हरा दिया. इसके बाद भारत ने बेल्जियम को 9-0 और डेनमार्क को 5-0 से मात दी. स्विट्जरलैंड को 6-0 से हराने के साथ ही भारतीय टीम फाइनल में पहुंच गई.26 मई को टूर्नामेंट के फाइनल में भारत के सामने कई परेशानियां खड़ी थीं. फिरोज खान चोट और शौकत अली बुखार के चलते फाइनल मुकाबले से बाहर हो गए थे. वहीं, कप्तान जयपाल सिंह भी कुछ मैच पहले ही स्वदेश लौट चुके थे. इसके बावजूद भारत ने 23 हजार फैन्स के सामने नीदरलैंड्स को 3-0 से मात दे दी. ध्यानचंद ने दो और जॉर्ज मार्टिंस ने एक गोल दागकर भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग की शुरूआत की. पूरे टूर्नामेंट में भारत ने कुल 29 गोल किए थे, जिसमें से 14 गोल तो अकेले ध्यानचंद ने दागे.भारतीय टीम के विजयी अभियान की एक खास बात यह रही थी कि उसने पूरे टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं खाया. इसमें सबसे बड़ा योगदान भारतीय गोलकीपर रिचर्ड एलन का था. एलन गोलपोस्ट के सामने दीवार बनकर खड़े हो गए थे और विपक्षी टीम का कोई भी खिलाड़ी इस दीवार को भेद नहीं सका.हॉकी खेल के इतिहास के बारे में बात करें तो कुछ लोगों का मानना है कि इसका आविष्कार ईसा के जन्म से 2000 वर्ष पहले हुआ था लेकिन उसमें हॉकी खेलने का तरीका और उसके प्रणाली काफी अलग थी इस खेल की शुरूआत मिस्त्र देश के माध्यम से मानी जाती है और आगे चलकर यह खेल काफी मशहूर हुआ जिसके बाद कई देशों में हॉकी खेल जाने लगा भारत में हॉकी का विस्तार ब्रिटिश सरकार के समय हुआ था क्योंकि भारत में ब्रिटिश लोगों के द्वारा हॉकी खेला जाता था जिसके कारण भारत में हॉकी खेल की उत्पत्ति हुई` भारत में झांसी, जबलपुर, जांलधर, लखनऊ, लाहौर आदि क्षेत्रों में मुख्य रूप से हॉकी खेला जाने लगा।दुनिया में 1908 को ओलंपिक का आयोजन किया गया जिसमें पहली बार हॉकी को खेल के तौर पर सम्मिलित किया गया हालांकि 1924 में इसे बाहर कर दिया गया था जिसके बाद हॉकी खेल को पूरी दुनिया में संचालित करने के लिए हॉकी फेडरेशन की स्थापना की गई जिसका प्रमुख मकसद हॉकी से संबंधित नियमों को बढ़ाना था और आज की तारीख में चौकी के जितने भी नियम है वह सभी हॉकी फेडरेशन के माध्यम से ही बनाए जाते हैं एशिया में हॉकी आने के बाद सबसे पहले ये खेल भारत में ही खेला गया। भारत ने आज तक आठ स्वर्ण, एक सिल्वर और दो कांस्य पदक जीत लिए है। भारत के महान हॉकी स्टार मेजर ध्यानचंद हॉकी के बहुत अच्छे खिलाड़ी थे। इन्हीं के जन्मदिवस पर भारत में खेल दिवस मनाया जाता है। भारत को पेरिस ओलंपिक में भारत को कास्य पदक ही सही लेकिन मिला पदक हॉकी में एक नई जान डाल देगी क्योंकि भारत में क्रिकेट के बाद सबसे ज्यादा रोमांचक खेल हॉकी है।

# कजरी : लोक मानस की अंतर्यात्रा


डॉ. शिवमंगल कुमार

भारतीय लोक संस्कृति के पावस गीतों में सर्वाधिक लोकप्रिय, अत्यंत सरस, मृदुल, चित्ताकर्षक और लोक मानस में रची-बसी महत्त्वपूर्ण विधा का नाम है कजरी या कजली। मान्यतानुसार त्रिलोकीनाथ की मोक्ष नगरी काशी (बनारस), सृष्टि की प्राणधारा, पुराणों की लोक माता, त्रिपथगामिनी, मुक्तिदायिनी मां गंगा का तटीय कछार और मिजार्पुर में स्थित जागृत स्वरूपा, आद्या महाशक्ति मां भगवती विंध्यवासिनी की विंध्याचल पर्वतमाला कजली के जन्म स्थल हैं। इसकी उत्पत्ति के विषय में यह भी माना जाता है कि प्रतापी और प्रतिष्ठित राय गहरवार की मृत्यु पर कज्ली तृतीया को स्त्रियों ने जिन गीतों को गाकर शोक प्रकट किया, वही कजली गीत कहलाते हैं। इनमें कोई काव्यात्मक छंद का बंधन नहीं होता। स्त्रियों की स्वाभाविक मधुर भावना की अभिव्यक्ति ही इसमें रहती है।

कजरी, कजली, उजली, उजाला, लगनी आदि इसके अनेक भेद हैं। पहले कजली श्रृंगारपरक होती थी परंतु अब पौराणिक, राष्ट्रीय भी होने लगी है। यह लोक गीत प्रेम के संयोग-वियोग का सरल, सहज एवं मर्मस्पर्शी गीत है। इसके प्रसार में गांव की बहु-बेटियों, गायक-गायिकाओं का अविस्मरणीय योगदान है। विंध्य-काशी के सनातनी जहां-जहां गए, उनके मन-मंदिर में बसी कजरी भी वहां-वहां गई। धीरे-धीरे इसका विस्तार न केवल संपूर्ण भारत में, बल्कि श्रीलंका, तिब्बत, नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, इंडोनेशिया, मलयेशिया, फिजी, मारीशस, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, गुयाना और सुदूर ब्रिटेन, अमेरिका, खंस, कनाडा, रूस आदि तक हो गया। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी (गंगा दशहरा) के दिन अखाड़ों में ढोलक पूजन से कजरी का शुभारंभ होता है, और अनंत चतुर्दशी को समापन होता है। कजरी गीतों की लोकप्रियता का कारण इनका विषय-वैविध्य है।

कजरी का अर्थ ही है बादल, सावन। इस खास मौसम में धान रोपतीं ्त्ररयां हों या पेड़ों की डालियों पर झूले झूल रही युवतियां, बारिश के साथ कजरी मन को मोह लेती थीं किंतु आज के उपभोक्तावादी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में कजरी जैसे मशहूर लोक गीत विलुप्ति के कगार पर हैं। नागपंचमी और रक्षाबंधन के त्योहार में तो भोजपुरी गायक-गायिकाएं विशेषकर बेटियां कजरी गुनगुनाने लगती हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर, बनारस, बिहार के बक्सर और अवध की कजरी भले ही संपूर्ण भारत के कोने-कोने में पहुंच गई है, लेकिन पहले की तरह अब गांव भी नहीं रह गए हैं। पश्चिम का अंधानुकरण और आधुनिक महानगरों की यांत्रिक जीवन शैली गांव में भी तेजी से पसार रही है। इसलिए अब कजरी नहीं मनाई जाती है। सावन में हरियाली तीज पर्व तो कजरी बिना पूर्ण भी नहीं होता था परंतु आज भागमभाग भरे माहौल में कजरी लिखना तो दूर, इसको गाने वाले बमुश्किल ही मिल पाएंगे।

कई लोग तो कजरी का नाम तक नहीं जानते जबकि 'कजरी' की खासियत है कि यह भाइयों में कभी मतभेद नहीं आने देती। परिवार को जोड़े रखती है। कजरी ही है जो भारत के सामूहिक परिवार की संवेदना, संवाद और संस्कार का गीत है। इसके प्रत्येक शब्द और अंतरे का मायने होता है। इसमें पति-पत्नी के बीच प्रेम खासकर पत्नी के प्रेम, विरह और नोकझोंक शामिल हैं। अगर लोग कजरी को जीवन में आत्मसात कर लें, तो घर के झगड़े खत्म हो जाएंगे। वर्तमान में विवाह होते ही भाई अलग रहने लगते हैं, जबकि एक कजरी में इसका वर्णन है, जब भौजाई कहती है कि 'देवर बिन अंगना सून लागे राजा।'

कजरी भारतीय सभ्यता की वेदश्रुति, संपूर्ण संस्कृति की संरक्षक और राष्ट्र को प्रदीप्त करने वाली सुरीली बानगी है। वस्तुतः लोक गीत की ऊर्जा यह सीख देती है कि जिस प्रकार भंवरे, मधुमक्खियां और हंस सार को ग्रहण करते हैं, उसी प्रकार तुम भी अपनी अस्मिता, जड़ों को पहचानो, मनुष्यत्व मूल्यों का संरक्षण करो, गुणग्राही बन कर जीवन की सहजता, आत्मा का स्वर-संधान करो, क्योंकि प्रकृति से बड़ा कोई दर्शन नहीं, वह सदा देती है, मनुष्य से कुछ नहीं लेती, यही भारतीय संस्कृति की अस्मिता का सबसे बड़ा प्रमाण है। वास्तव में कजरी लोक गीत लोक मानस, लोक चेतना, लोक विश्वास, लोक परंपरा की अंतर्यात्रा हैं। हमारे यहां शरीर को बड़ी शान से जिया गया परंतु



महत्त्व देहयात्रा की अपेक्षा अंतर्यात्रा को ही मिला। हमें मानवता को पुनर्जीवित करना है तो कजरी जैसे लोक गीत को पहचानना होगा। लोक गीत के वैराट्यबोध को समयानुकूल मानक कसौटियों पर मानव की बुनियादी वृत्तियों के साथ कसना होगा। बुद्धि और ह्रदय के बीच सेतु संकल्पों को वृक्षधर्म बनाना होगा। कहा जा सकता है कि गहरे में यदि सोचें तो यही सत्य उभरेगा कि गीत ही वह प्रथम भावनेता है, जो मनुष्य को जगा कर उसके विकास का प्रयत्न करता है। उसकी आभ्यांतरिक ऊर्जा के आंदोलन का नेतृत्व कजरी गीत ही करता है।

## एक नजर

### गंगा में डूबने से 10 वर्षीय बालक की मौत

**साहिबगान:** जिला अंतर्गत तालझारी प्रखंड में गंगा के पानी में डूबने से दस वर्षीय बालक की मौत हो गयी। घटना रविवार सुबह की बताई जा रही है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के महाराजपुर मीना बाजार गांव में बाढ़ के पानी में डूबने से मीना बाजार निवासी सकलदीप मंडल के 10 वर्षीय पुत्र रघुवीर मंडल की मौत हो गई। जहां बाढ़ के पानी में कुछ बच्चे नहा रहे थे, वहीं रघुवीर भी उन बच्चों के साथ नहा रहे थे। जहां नहाने के क्रम में अचानक पैर फिसलने के कारण गड्डे में चला गया। जिससे उसकी डुबने से मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही बच्चे को ग्रामीणों द्वारा बाहर निकाला गया व परिजनों के द्वारा स्थानीय डॉक्ङ को दिखाया गया। जहां चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही तालझारी पुलिस एसआई मनोज आजाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां घटना से रामपुर गांव में मातम पसरा हुआ है।

### युवती ने फांसी लगाकर की खुदखुशी

**साहिबगंज:** बरहेट थाना क्षेत्र के डुमरी वेडो गांव की रहने वाली आदिवासी महिला गांगी पहाड़िन उम्र करीब 21 वर्ष पति मंगरा पहाड़िया ने महुआ के पेड़ पर ओढ़नी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जहां घटना की जानकारी मिलने के बाद बरहेट पुलिस ने मृतका युवती के शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। उधर सदर अस्पताल में मृतका युवती के शव का पोस्टमार्टम करने के लिए मेडिकल बोर्ड गठित किया गया है जिसमें 3 चिकित्सकों को शामिल किया गया है। उधर मृतका युवती ने किन कारणों से फांसी लगाकर अपनी जान दी है इसका पता लगाने में बरहेट पुलिस जुटी हुई है। वही सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति, ससुर को अपने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### आरपीएफ ने सामान चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**साहिबगंज:** पाकुड़ आरपीएफ की टीम ने रेलवे एक्ट के तहत रेलवे का सामान चोरी करने के मामले में नगर थाना क्षेत्र के कुलीपाड़ा निवासी शाहनवाज अंसारी को गिरफ्तार किया है।इसको लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्कू ने बताया कि शाहनवाज अंसारी के विरुद्ध पाकुड़ रेल आरपीएफ थाना में चोरी का मामला पहले से दर्ज था जिसे गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

### तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की हुई मौत



**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र के राझन गांव निवासी व्यक्ति सफल हांसदा उम्र 32 वर्ष पिता गुना हांसदा की मौत तालाब में नहाने के दौरान डूबने के कारण हो गई। उधर घटना को लेकर उसके परिजन ने बताया कि मृतक नहाने के लिए तालाब पर गया हुआ था जहां मिर्गी का दौरा पड़ने से वो तालाब में डूब गया और उसकी मौत हो गई। उधर जब काफी देर तक वो अपने घर वापस लौटकर नहीं आया तो उसकी खोजबीन की गई जहां तालाब के किनारे जाकर देखा तो पाया कि उसका शव पानी में तैर रहा है जिसके बाद बोरियो पुलिस को सूचना दी गई। उधर बोरियो पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# बहू ने गला रेतकर ससुर को उतारा मौत के घाट, पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के राजमहल थाना अंतर्गत जामनगर प्राणटोला गांव में रविवार अपराहन खूनी बहू ने अपने ही ससुर की धारदार हथियार से गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी। दिन दहाड़े हुई हत्या की इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार जामनगर प्राण टोला गांव निवासी मृतक लगभग 70 वर्षीय विभूति मंडल है। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी गुलाम सरवर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल से सबूत इकट्ठा कर ग्रामीणों से पूछताछ करने लगे। इधर ग्रामीणों से पूछताछ के बाद जानकारी सामने निकल कर आई है कि गांव के अधिकांश लोग मां मनसा की पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन के लिए निकले हुये थे। रविवार की दोपहर बाद संध्या करीब 4:00 बजे गांव में सन्नाटा था। प्राण टोला (जामनगर) निवासी विभूति मंडल उम्र लगभग 70 वर्ष अपने घर के बाहर बरामदे में कुर्सी में बैठे हुये थे। इसी बीच उनकी पुत्रवधू रेणु देवी पति गोविंद मंडल अचानक तेज धारदार हथियार से उनकी गला रेत कर मौत के घाट उतार दी और घर से फरार हो गई। ग्रामीणों का कहना था कि इस बीच किसी तरह के लड़ने झगड़ने की आवाज या शोरगुल उन्होंने नहीं सुनी। बुजुर्ग सफेद धोती और गंजी पहने हुए था। उसका शव घर के समीप मिट्टी पर पड़ा हुआ था। चारों ओर खून पसरा हुआ मिला। हालांकि पुलिस ने हत्या को लेकर उद्भेदन कर लिया है। पुलिस घटना की गहनता से छानबीन कर बहु को अपने ससुर के हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया और न्यायिक हिरासत भेजने की प्रक्रिया चल रही थी।

## 20 साल के कार्यकाल में मंत्री आलमगीर आलम सभी मोर्चे पर हुए विफल : अकिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा/साहिबगंज :** पाकुड़ के पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में हस्ती पाड़ा पंचायत पहुंचकर आमजनों एवं अपने कार्यकताओं से मिले। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में भ्रष्टाचार और क्षेत्र की उपेक्षा करने वालों के दिन लद चुके हैं। 20 साल के लंबे शासन काल में विधायक आलमगीर आलम सभी मोर्चे में विफल साबित हुए हैं। आज क्षेत्र में जनसमस्याओं का अंबार लगा हुआ है। लेकिन सुध लेने वाला कोई नही है। क्षेत्र में बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सभी मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है। चुनावी मौसम आता देख काम के नाम पर वोट मांगने की बजाए वे लोगों को दिग्भ्रमित कर फिर से सत्ता पर बैठना चाहते हैं। लेकिन जनता उनके गलत मंसूबों को जान चुकी है एवं आने वाले चुनाव में कड़ा जवाब देगी।

## साहिबगंज में प्रेम प्रसंग में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत उधवा प्रखंड के राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत इंग्लिश बाजार टोला गांव में सोमवार की सुबह एक नाबालिग युवती ने प्रेम प्रसंग के कारण फंदे से लटकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार कोटालपोखर थाना क्षेत्र के श्रीकुंड निवासी अयूब शेख की पुत्री रूकसार खातून (15) वर्ष सोमवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक अपने नाना सैमूल शेख के घर में अपने मां के साथ रहकर पढ़ाई कर रही थी, बताया जा रहा है कि गांव के एक युवक के साथ युवती का प्रेम प्रसंग कुछ दिनों से चल रहा था। बीतें 15 अगस्त की शाम को युवती अपने प्यार का घर बैठ गई।



वहा से युवती को गाली गलौज एवं धमकाकर भगा दिया गया। वही चर्चा है कि शनिवार की शाम को दोनों पक्षों की ओर से एक पंचायती हुआ था। पंचायती में लड़का पक्षों को जुमार्ना के तौर पर एक लाख तीस हजार रुपए लगाया गया था। जिससे लड़की पक्ष पैसा लेने से इंकार कर दिया। युवती रुकसार खातून शादी करने को लेकर अड़ी थी लेकिन लड़का शादी करने से इंकार कर दिया। युवती नाबालिग होने के कारण पंचायत के लोगों ने ऐसा नही किया। जिससे लड़की पक्ष पंचायत के निर्णय को बहिष्कार कर दिया। बदनामी के कारण युवती सुबह लगभग 5 बजे अपना डुपट्टा से फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय,सब इंस्पेक्टर हसनैन अंसारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेज दिया।

## राखी पूर्णिमा के उपलक्ष्य में थाना परिसर में हुआ रूद्राभिषेक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना परिसर के मनोकामना महादेव मंदिर में राखी पूर्णिमा के उपलक्ष्य में श्रावण के अंतिम सोमवारी को रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। शिव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का पूजा अर्चना के बाद रूद्राभिषेक किया गया। बाबा को सोलह श्रृंगार से सजाया गया। रूद्राभिषेक में थाना क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पंडित चंद्र भान ने रूद्राभिषेक पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न किया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। थाना परिसर में आयोजित रूद्राभिषेक का आयोजन पूजा समिति के माध्यम से किया जाता है। थाना क्षेत्र के श्रद्धालु थाना परिसर में पहुंचते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। इस आयोजन से पुलिस पब्लिक का संबंध भी मजबूत होता है। थाना परिसर स्थित




मनोकामना महादेव व मारूति नंदन मंदिर में प्रतिवर्ष महा शिवरात्रि को शिव बारात में पूरे थाना क्षेत्र के लोग सामिल होते हैं और भंडारा का आयोजन किया जाता है। महावीर जयंती व श्रावण का अंतिम सोमवारी को रूद्राभिषेक का आयोजन किया जाता है। पूजा समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार माझी ने बताया कि 27 फरवरी 2022 को मंदिर में शिव मारूति नंदन का प्राण प्रतिष्ठा तत्कालीन थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में किया गया था एवं मंदिर का संचालन कमेटी को सौंप दिया गया था। तब से प्रतिवर्ष रुद्राभिषेक, महा शिवरात्रि व महावीर जयंती धुमधाम से सम्पन्न कराया जाता है। मौके पर थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे, एस आई गुलशन कुमार भगत, बिमलेश महतो, एएसआई धनंजय सिंह, मनिंदर सिंह, उपाध्यक्ष पंचानन पातर, महा मंत्री मुरलीधर मिश्रा, ललित घोष आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन के लिए भाजपा का दरवाजा खुला है : डॉ. जटाशंकर पांडे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नीमडीह :** भाजपा झारखण्ड प्रदेश प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. जटाशंकर पाण्डे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के व्यवहार के विषय में जो टिपण्णी की है वो स्वागत योग्य है। झामुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के साथ अन्याय किया। कोल्हान ही नहीं पुरे झारखण्ड में चम्पाई सोरेन ने झामुमो के लिए स्वच्छ छबि का चेहरा रहा। उनके पांच महीने के मुख्यमंत्री काल में जनहित का तुलनात्मक कार्य हुआ। चम्पाई सोरेन जी को पहले सोचना चाहिए था कि वे जिस पार्टी में है वहां केवल एक परिवार का चलता है वह परिवार वादी पार्टी में है। वहां एक परिवार का भी नहीं एक व्यक्ति का चलता है। जो परिवार अपनी बड़ी बहू की इज्जत नहीं करता वो उनकी इज्जत कैसे कर सकता है। चम्पाई सोरेन को पहले ही सरकार



तथा पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा जैसी राष्ट्र वादी पार्टी में शामिल हो जाना चाहिए था। जहाँ उनके त्याग, तपस्या तथा संघर्ष का पूर्ण रूप से सम्मान होता। सच्चाई तो यह है की हेमंत सरकार के सभी मंत्री भ्रष्टाचार में आकांठ डूबे हुए है। जहाँ हर कदम पर भ्रष्टाचार है। ये सरकार गांव, गरीब, किसान, नवजवान, मजदूर, उद्योग तथा विद्यार्थी बिरोधी है। सच्चाई तो यह है कि ये सरकार नैतिक रूप से अपना जनाधार खो चुकी है तथा उसे इस्थिफा देकर नया जनादेश प्राप्त करना चाहिए वरना प्रदेश की जनता तथा भाजपा अपने आंदोलन के बल पर उन्हें गद्दी छोड़ने पर मजबूर कर देगी।

## गज परियोजना व इको सेंसेटिव जोन निगरानी समिति के विरुद्ध ग्रामीणों ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नीमडीह :** उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक गज परियोजना जमशेदपुर सह संयोजक निगरानी समिति दलमा इको सेंसटिव जोन दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी द्वारा दलमा तराई क्षेत्र में स्थित गांव के ग्रामीणों को पत्रांक 1690 दिनांक 25.08.2024 के माध्यम से नोटिस भेजा है। नोटिस में लिखा गया है कि पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 (बी) एवं इको सेन्सिटिव जोन की अधिसूचना संख्या एसओ 680 (ए) दिनांक 29.03.2012 की कंडिका 4 (6) के अन्तर्गत नोटिस एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आपका प्रतिष्ठान/मकान



दलमा इको सेन्सिटिव जोन के अन्तर्गत अवस्थित है जो इको सेन्सिटिव जोन की अधिसूचना संख्या एसओ 680 (ए) दिनांक 29.03.2012 में निहित्त प्रावधानों, Environment Protection Act 1986 एवं अन्य वन अधिनियमों के नियमों के विरूद्ध है। दलमा इको सेन्सिटिव जोन की निगरानी समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 (बी) एवं इको सेन्सिटिव जोन की अधिसूचना की कंडिका 4(6) के तहत नोटिस देते है कि आप दिनांक 21.08.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अन्यथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 19 एवं विभिन्न वन अधिनियमों के अन्तर्गत इको सेन्सिटिव जोन की निगरानी समिति द्वारा नियमानुसार विधिसम्वत कार्रवाई बाध्यता होगी। सोमवार को नीमडीह प्रखंड के बांदडीह गांव के शहीद गांगानारायण सिंह मूर्ति के सामने बैठक रखा गया। जिसमें दलमा इको सेंसटिविटी जन के खिलाफ में जन आंदोलन करने के लिए विशेष चर्चा किया गया। बैठक में नीमडीह प्रखंड के उगडीह, बुरुडुगरी, लुपुगडीह, झरीडीह, राहेरडीह, टेगाडीह, बेनाडीह, बारुडीह, जाहिरटांड, चालियामा, कांठालडीह, पोड़ाडी, फारेंगा, बांदडीह, बाघाडीह बनकाटी व डाहुबेड़ा के ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक के बाद नीमडीह के जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर सिंह सरदार, अजित सिंह सरदार, फनिभुषण सिंह, हरमोहन सिंह, विभिषण सिंह, मिथुन पाण्डे, मुखिया प्रतिनिधि बासुदेव सिंह, फटिक मंडल, कालीपद सिंह, सिताराम सिंह, नविन सिंह, सूर्यकांत सिंह आदि गांव - गांव में घूमकर जन जागरण अभियान चलाया।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्षाबंधन पर बहना ने बहना की कलाई पर बांधी राखी



**पटमदा:** रक्षा बंधन पर एक विशेष गाना प्रस्तुत किया जाता हैं। जिसके बोल हैं बहना ने भाई की कलाई पे प्यार बांधा है। प्यार की सौगात से संसार बांधा है। लेकिन पटमदा के कटीन बाजार के केडिया परिवार में रक्षा बंधन पर एक अनोखा नजर दिखा। जिसमे प्रियाल केडिया ने प्रियासी केडिया के कलाई में राखी बांधकर रक्षा बंधन का पवित्र त्योहार मनाया और दोनो बहनों ने एक दूसरे के हर सुख दुख में एक दूसरे का साथ देने का संकल्प लिया। ये रिस्ता एक अटूट रिश्ता है जिसका कोई जबाब नही होता। बहनों ने तो अपने भाइयों के कलाई में राखी बांधकर त्यौहार मनाया। लेकिन ये क्षेत्र में एक मिशाल देखा गया। क्योंकि भाई तो भाई होता है। बहन भी किसी क्षेत्र में कम नही होती है। ये क्षेत्र के समाजसेवी अमित केडिया के घर में देखा गया।

### किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण



**कुकड़ू:** कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के अन्तर्गत बेरासीसिरम एवं सिंदुरपुर गांव में परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड के बैनर तले के. एन. बायोसाइंस प्राइवेट लिमिटेड रांची के द्वारा किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया कि किसान जैविक खेती करके अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं। साथ ही साथ कम लागत में उत्पादन, अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। जैविक उत्पाद का प्रयोग अपने भोजन के रूप में करके हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं। वहीं जैविक खेती करने का तोर तरीका बताया गया। इस अवसर पर किसानों को प्रशिक्षण देते हुए मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार ने कहा की जैविक खेती एक शून्य बजट का खेती है, इससे हम अपने गांव में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से कई प्रकार के खाद कीटनाशक टॉनिक का निर्माण कर अपने खेतों में प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में किसानों को नीम अर्क, जीवामृत बीजामृत दसपॉर्न ,केंचुआ खाद सहित कई प्राकृतिक कीटनाशक एवं अन्य दवा बनाने की विधि को विस्तार पूर्वक बताया एवं इससे होने वाले फायदे को भी बताया गया। मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव कुमार, क्षेत्र पदाधिकारी विपद तारण महतो, लगभग 300 किसान उपस्थित थे।

### बहनों ने बांधी राखी, भाइयों ने सुरक्षा का लिया संकल्प



**साहिबगंज:** क्षेत्र में सावन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सोमवार को धूमधाम से रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। भाई बहन के अटूट प्रेम वा विश्वास की रिश्ता देखी गई। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन के स्नेह के साथ साथ रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने भाईयों की कलाईयों में खुशी खुशी राखी बांधकर उनकी सुख समृद्धि की कामना की। बहनों ने भाइयों के लिए व्रत भी रखा। रक्षाबंधन पर्व को लेकर भी बाहनों में भी काफी उत्साह देखी गई सुबह से ही बहनों द्वारा अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया जो शाम तक जारी रहा। छोटे बच्चों में भी रक्षाबंधन के पर्व को लेकर उत्साह देखा गया। छोटी बच्चियों ने भी अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी तो भाइयों ने भी आशीर्वाद देकर जीवनभर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन पर्व पर भाइयों ने बहनों को उपहार स्वरूप भेंट भी दिया।त्योहार के दिन सुबह से ही बाजार में राखी और मिठाइयों की दुकान पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

### पुल के नीचे गिरी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, एक घायल

**साहिबगंज:** जिला के पतना प्रखंड के रांगा थाना अंतर्गत इमली चोक दुगार्पुर मुख्य मार्ग में एक स्कॉर्पियो जेएच 04 एबी 8330 वाहन अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई। इस हादसे में चालक मौके से फरार हो गया। सुचना मिलते ही रंगा थाना एएसआई बिपिन कुमार सिंह दल बल के साथ घटना अस्थल पर पहुंच कर छान बीन में जुट गई।शहरी पंचायत के मंगल हेंब्रम पिता स्व शिबू हेंब्रम उम्र 40, ग्राम शहरी निवासी को स्कॉर्पियो जेएच 04 एबी 8330 से धक्का मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सोनाजिरी पाकुड़ भेजा गया है।

### एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के किशन प्रसाद के रहने वाले स्व. जवाहर मंडल के 35 वर्षीय पुत्र कैलाश मंडल ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उधर जब मृतक के पुत्र अभिषेक कुमार ने कमरे में अपने पिता को फांसी पर लटकता देखा तो आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। उधर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचकर कैलाश मंडल को फांसी का फंदा में लटकता देख इसकी सूचना मुफस्सिल थाना प्रभारी को दिया। इसको लेकर परिवार के लोगों ने बताया कि मृतक बाजार गया हुआ था जहां से सामान खरीद कर वापस अपने घर आया। इसके बाद फिर दोस्तों के साथ घूमने के लिए चला गया जहां घूम फिर कर फिर से वापस घर आ गया। इसी बीच एक दोस्त ने उसके नंबर पर फोन किया जहां फोन उसके बेटे अभिषेक के पास था तो पापा से बात कराने को कहा उधर बेटा अपने पापा से बात करवाने के लिए रूम गया तो देखा कि फांसी का फंदा लगाकर लटके हुए हैं। इधर बेटे ने आसपास के लोगों को बताया जिसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी मुफस्सिल थाना प्रभारी को दिया। वही बताया जा रहा है की फांसी लगाने वक्त घर में कोई नहीं था। वहीं थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही खबर लिखे जाने तक देर शाम होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। उधर मृतक कैलाश मंडल अपने पीछे पत्नी व तीन बच्चे को छोड़कर इस दुनिया से चल बसा है।

# रक्षाबंधन के दिन सोना-चांदी महंगे हुए

## - सोना 71,600 रुपए, चांदी लगभग 83,850 रुपए

नई दिल्ली ।

रक्षाबंधन के दिन सोमवार को सोने- चांदी के वायदा कारोबार में तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोमवार को सोने के वायदा भाव 71,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 83,850 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वै श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव तेज शुरुआत के बाद सुस्त पड़ गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 83 रुपये की तेजी के साथ 71,458 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 245 रुपये की तेजी के साथ 71,620 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 537 रुपये की तेजी के साथ 83,750 रुपये पर खुला। इस समय यह 653 रुपये की तेजी के साथ 83,866 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै श्विक बाजार में सोने-चांदी की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर



सोना 2,549.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

पिछला बंद भाव 2,537.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 4.40 डॉलर की तेजी के साथ 2,542.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.09 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 28.84 डॉलर था। इस समय यह 0.20 डॉलर की तेजी के साथ 29.05 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# एफएमसीजी को उम्मीद, ग्रामीण बाजारों में बढ़ेगी बिक्री

नई दिल्ली ।

रोजमर्रा के उपयोग वाले उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) को उम्मीद है कि बढ़ती खाद्य महंगाई की चिंताओं के बावजूद ग्रामीण बाजारों में मांग में सुधार और अच्छे मानसून के कारण आगामी तिमाहियों में उनकी बिक्री में वृद्धि जारी रहेगी। ऐसे में छोटे दुकानदारों को बिक्री भी बढ़ेगी और उनकी आय में अच्छी बढ़ोतरी होगी। दिग्गज एफएमसीजी कंपनीज एचयूएल, आईटीसी, डाबर, ब्रिटानिया, नेस्ले और इमामी की जून तिमाही की आय में ग्रामीण बाजारों से अच्छी खबर और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिये मजबूत वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में उद्योग की मात्रा वृद्धि लगभग 6.6 प्रतिशत रही. हालांकि, कंपनियां खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने से चिंतित हैं क्योंकि कॉफी और कोकोआ की कीमतें अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई हैं। अनाज और अनाज की कीमतों में वृद्धि की संभावनाओं के बीच कुछ कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी का संकेत भी दिया है। डाबर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आगे चलकर ग्रामीण क्षेत्रों में हमारी बिक्री में वृद्धि होगी। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि अच्छे मानसून, सुधरते वृहद आर्थिक संकेतकों और ग्रामीण-केंद्रित सरकारी खर्च के साथ एफएमसीजी मांग में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी। मे रिको के एक अ धिकारी ने कहा कि एफएमसीजी क्षेत्र में जून तिमाही में मांग के रुझान में क्रमिक सुधार जारी रहा, खुदरा मुद्रास्फीति, स्वस्थ रूप से आगे बढ़ रहे मानसून सत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सरकार के बजट में किये गये आवंटन से मात्रा रुझान में सुधार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और वर्षा का स्थानिक वितरण नजर रखने के लिहाज से महत्वपूर्ण कारक होंगे।

# सरकार एफडीआई निवेश सीमा बढ़ाकर 100 फीसदी करेगी!




नई दिल्ली ।

सरकार इंश्योरेंस में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को बढ़ाकर 100 फीसदी करने पर` विचार कर सकती है। अभी यह 74 फीसदी है। इस प्रस्ताव पर अधिकारी एक दूसरे से चर्चा कर रहे हैं। बता दें कि इस प्रस्ताव पर नियामक का समर्थन प्राप्त है। हालांकि इसके लिए राजनीतिक मंजूरी की जरूरत होगी क्योंकि इसमें बीमा अधिनियम में संशोधन शामिल हैं। इस बारे में जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र के लिए एफडीआई नियमों को आसान बनाने के कुछ प्रस्ताव भी शामिल हैं। इनमें टॉप मैनेजमेंट के कुछ सेगमेंट में भारतीयों को रखने के आदेश की भी समीक्षा की जा रही है। बता दें कि पिछले 9 साल के दौरान इंश्योरेंस सेक्टर में करीब 54 हजार करोड़ रुपये का एफडीआई आया है। एफडीआई में सरकार की ओर से नीतियों में ढील की वजह से इतनी रकम आई है। इससे विदेशी निवेशक बड़ी संख्या में भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। एफडीआई के अलावा कानून में संशोधनों का एक व्यापक सेट भी प्रस्तावित है। हालांकि इसका बिल कब लाया जाएगा, इसके बारे में अभी कोई समय तय नहीं हुआ है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग भी इसके लिए क्षेत्रीय मानदंडों और नियमों की समीक्षा कर रहा है। बीमा उपभोक्ता संबंधी क्षेत्रों में से एक है जो एफडीआई के लिए केवल आंशिक रूप से खुला है। वहीं अन्य सभी क्षेत्र एफडीआई के मामले में आगे बढ़ चुके हैं।

# हेलमेट नहीं पहनने पर भी इंश्योरेंस कंपनी कम नहीं कर सकती क्लेम

## -कर्नाटक उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया




नई दिल्ली ।

अगर बाइक चालक ने हेलमेट नहीं पहनना और ऐसी स्थिति में एक्सीडेंट हो जाता है तब भी इंश्योरेंस कंपनी क्लेम कम नहीं कर सकती ।हाल ही में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि यदि दुर्घटना के लिए बाइक सवार दोषी नहीं है, तो बीमा कंपनी हेलमेट न पहनने के कारण घायल बाइक सवार को मिलने वाले दावे की राशि कम नहीं कर सकती। बाइक एक्सिडेंट पर कम क्लेम मिलने के एक मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा, ÷हेलमेट पहनना सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन यह मुआवजे (की मात्रा) को कम करने का एकमात्र मानदंड नहीं होना चाहिए। मोटर वाहन दुर्घटनाओं में सहभागी लापरवाही की अवधारणा तभी सामने आती है, जब घायल पक्ष की खुद की लापरवाही दुर्घटना में योगदान देती है।÷ रामनगर जिले के सदाथ अली खान की बाइक 5 मार्च, 2016 को एक तेज रफ्तार कार से भिड़ गई। जिसमें उसकी मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और खान को भी कई चोटें आईं। इसे. खान ने अपने इलाज में 10 लाख रुपये खर्च होने के बाद बीमा दावों की मांग करते हुए मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण का रुख किया। हालांकि, न्यायाधिकरण ने 24 सितंबर, 2020 के अपने आदेश में उन्हें मुआवजे के रूप में 5.6 लाख रुपये दिए, जिसमें कहा गया कि दुर्घटना के समय दावेदार ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। खान ने आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में दलील दी कि दुर्घटना के बाद वह अपनी 35,000 रुपये प्रति माह की नौकरी जारी रखने में असमर्थ हो गया था।

न्यायालय ने खान को दुर्घटना में शामिल कार के बीमाकर्ता द्वारा देय 6,80,200 रुपये का बढ़ा हुआ मुआवजा दिया। मालूम हो कि यदि कोई हेलमेट पहनकर बाइक नहीं चलाता है और उसका एक्सिडेंट हो जाता है, तो ऐसे में इंश्योरेंस कंपनी ग्राहक को मिलने वाली क्लेम की राशि कम कर देती हैं। इंश्योरेंस कंपनियों का तर्क होता है कि बाइक चालक ने हेलमेट नहीं पहना था इसलिए उसका क्लेम कम किया जा रहा है।

# भारत में फॉक्सकॉन का कारोबार 10 अरब डॉलर के पार

नई दिल्ली ।

चीन से अपना कारोबार छोड़कर भारत आई इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी फॉक्सकॉन के वारे न्यारे हो गए हैं। भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल ने विदेशी कंपनियों को यहां निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया था, इसके बाद फॉक्सकॉन ने भारत आने में देर नहीं की। चीन में कई तरह की दिक्कतों का सामना करने वाली इस कंपनी को शायद अनुमान नहीं था कि भारत में उसे ऐसी शानदार कामयाबी मिलेगी। दरअसल, फॉक्सकॉन के भारत में कारोबार ने 2024 तक 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का आंकड़ा पार कर लिया है, जबकि निवेश केवल 1.4 अरब डॉलर का ही किया था। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले साल तक, हमने 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का कारोबार किया है और आने वाले साल में हम इससे भी अधिक करेंगे। वे यह बात फॉक्सकॉन के महिलाओं के लिए बनाए गए आवासीय कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन के दौरान ही कही थी जो




फॉक्सकॉन के प्लांट के पास है। फॉक्सकॉन के भारतीय संयंत्र में फिलहाल करीब 48,000 कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिनमें से 70 फीसदी महिलाएं हैं। तमिलनाडु का यह प्लांट देश में महिलाओं की सबसे बड़ी संख्या में रोजगार देने वाला संयंत्र है। यह कॉम्प्लेक्स 20 एकड़ में फैला हुआ है, जिसकी कुल लागत करीब 706 करोड़ रुपये है, और इसमें 18,000 से अधिक महिला कर्मचारी एक साथ रह सकेंगी।

## 18000 करोड़ वार्षिक पर पहुंचा टैटू का बाजार

नई दिल्ली।

शरीर में टेटू गुदवाना बहुत पुरानी पारंपरिक परंपरा है। अमेरिका में डिजाइनर टैटू गोदवाने का काम शुरू हुआ था। अब यह विश्व भर में फैल गया है। विश्व में टैटू कारोबार पर एक रिपोर्ट मार्केट रिसर्च फर्म बिजनेस बिजनेस इनसाइटस द्वारा तैयार कराई गई है। उसमें बताया गया है, जिस तरीके से यह कारोबार बढ़ रहा है। 2032 तक यह कारोबार बढ़कर 33000 करोड रुपए पर पहुंच जाएगा। अभी 18000 करोड रुपए वार्षिक कारोबार हो रहा है। विश्व में अब तरह-तरह के टैटू शरीर में बनाए जा रहे हैं। भारत जैसे देश में पहले टैटू चित्र या नाम के लिए गुदवाए जाते थे। अब शरीर के किसी भी भाग में टैटू बनवाने का सिलसिला शुरू हो गया है। कई टेटू तो गुप्तांग के आसपास खुदवाने का फैशन भी शुरू हो गया है। टैटू अब विभिन्न रंगों के तैयार हो रहे हैं। सारी दुनिया में टैटू का कारोबार लगातार बढ़ता चला जा रहा है। हजारों से लाखों रुपए तक के टैटू शरीर में बनवाए जा रहे हैं। फैशन का एक नया तरीका टैटू के रूप में ईजाद हुआ है। भारत में भी यह कारोबार बहुत तेजी के साथ बढ़ रहा है।



## पंजाब में बासमती की खेती का रकबा 12.58 फीसदी बढ़ा

**चंडीगढ़** । पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि राज्य सरकार के फसल विविधीकरण अभियान से चालू खरीफ सत्र के दौरान बासमती की खेती का रकबा 12.58 प्रतिशत बढ़ाने में मदद मिली है। मंत्री ने कहा कि लंबे दाने वाले चावल की खेती बढ़कर 6.71 लाख हेक्टेयर तक हो गई है, जो पिछले खरीफ सत्र में 5.96 लाख हेक्टेयर थी। बासमती की खेती के जिलेवार आंकड़े देते हुए खुड्डियां ने कहा कि अमृतसर इस सुगंधित चावल के लिए 1.46 लाख हेक्टेयर क्षेत्र के साथ अग्रणी है। अमृतसर के बाद मुक्तसर में 1.10 लाख हेक्टेयर, फाजिल्का में 84.9 हजार हेक्टेयर, तरनतारन में 72.5 हजार हेक्टेयर और संगरूर में 49.8 हजार हेक्टेयर में बासमती की खेती की गई। मंत्री ने कहा कि राज्य ने बासमती की निर्यात गुणवत्ता को विश्व स्तरीय मानक तक बढ़ाने के लिए इस सुगंधित फसल में 10 कीटनाशकों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## खाने में माइक्रो प्लास्टिक का पता लगाएगी एफएसएसएआई

नई दिल्ली।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक यानी प्ला स्टिक के कण की मिलावट का पता लगाने के लिए एक खास परियोजना शुरू की है। इसके तहत माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को एक उभरता हुआ खतरा माना गया है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। एफएसएसएआई के एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह परियोजना इस साल मार्च में शुरू की गई थी। परियोजना का नाम उभरते खाद्य संदूषक के रूप में माइक्रो और नैनो प्लास्टिक- मान्य पद्धतियों की स्थापना और विभिन्न खाद्य मैट्रिक्स में व्यापकता को समझना है। इसका मकसद विभिन्न खाद्य उत्पादों में माइक्रो और नैनो प्लास्टिक का पता लगाने के लिए विश्लेषणात्मक तरीकों को विकसित करना और उन्हें मान्यता देना है। परियोजना के तहत भारत में माइक्रो और नैनो प्लास्टिक मिलावट के जोखिम स्तर का आकलन भी किया जाएगा। प्रोजेक्ट के शुरुआती उद्देश्यों में माइक्रो, नैनो-प्लास्टिक विश्लेषण के लिए मानक प्रोटोकॉल विकसित करना, इंट्रा- और इंटर-लैबोरेटरी तुलना करना और उपभोक्ताओं के बीच माइक्रोप्लास्टिक जोखिम के स्तर पर महत्वपूर्ण डेटा तैयार करना शामिल है। यह अध्ययन देश भर के बड़े रिसर्च सेंटर्स के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है, जिनमें सीएसआईआर-भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (लखनऊ), आईसीएआर-केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान (कोच्चि) और बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (पिलानी) शामिल हैं।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

## सेंसेक्स 80,424.68 , निफ्टी 24,572.65 पर बंद

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को मिला-जुला कारोबार हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी वाहन और बैंकिंग शेयरों में मुनाफावसूली हावी होने से बाजार नीचे आया और अंत में सपाट बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 12.16 अंक करीब 0.02 फीसदी टूटकर 80,424.68 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 31.50 अंक तकरीबन 0.13 फीसदी ऊपर आकर 24,572.65 अंक पर बंद हुआ। वहीं व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप में 0.53 फीसदी और बीएसई स्मॉलकैप में 1.13 फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की गयी।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 शेयर लाभ पर बंद हुए। टाटा स्टील, टीसीएस, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और एशियन पेंट्स सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। इसके अलावा रिलायंस, टाइटन, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, बजाज फाइनैंस, सन फार्मा, इंफोसिस, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, कोटक बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयर भी ऊपर आये। वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के 12 शेयर गिरावट पर बंद हुए। एमएंडएम, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और टाटा मोटर्स सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। इसके साथ ही आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले इंडिया, मारुति, एलएंडटी, आईटीसी, एचयूएल और एचडीएफसी बैंक के शेयर गिरे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार बाजार ऑटो शेयरों में मुनाफावसूली के कारण शुरुआती बढ़त के बाद भी बाजार नीचे आया। वहीं दुनिया भर के बाजारों




की बात करें तो एशियाई बाजारों में, शंघाई और हांगकांग तेज के साथ बंद हुए जबकि सियोल और टोक्यो के बाजार में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं यूरोपीय बाजार ऊपर आये।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के दौरान बेंचमार्क निफ्टी50 और सेंसेक्स बढ़त के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स लगभग 243.41 अंक बढ़कर 80,680.25 के स्तर पर खुला, जबकि निफ्टी 50 95.20 अंक बढ़कर 24,636.35 के स्तर पर पहुंच गया।

## रक्षाबंधन पर 12000 करोड़ का कारोबार

**नई दिल्ली** । देशभर में सोमवार को रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया जा रहा है। इस बार राखियों की बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया है। राखी के दिन से पहले ही 12,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार हो चुका है। इस बार लोगों ने चीनी राखियों से दूरी बनाई। पिछले साल राखी पर 10,000 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था लेकिन इस बार राखी से पहले ही पिछले साल का ये आंकड़ा पार हो गया है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने राखी पर हुए कारोबार के आंकड़े जारी किए हैं जिसके अनुसार देशभर में राखी के त्यौहार पर 12 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार हुआ है। रविवार देर रात तक राखी और तोहफे खरीदने वालों की बाजार में रौनक लगी रही। राखी के दिन भी बाजार गुलजार है। इस बार बाजार में न ही चीनी राखियों की डिमांड दिखी और न ही राखियां। लोग चीनी राखियों से दूरी बना रहे हैं।

## हीरो मोटोकॉर्प को 17 करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली** । हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि उसे दिल्ली जीएसटी अधिकारियों की ओर से 17 करोड़ रुपये से अधिक का नोटिस मिला है। दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी ने नियामकीय फाइलिंग में कहा कि कंपनी को दिल्ली सरकार के जीएसटी अधिकारी के कार्यालय से वित्त वर्ष 2019-20 के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट की अस्वीकृति के लिए एक आदेश प्राप्त हुआ है। नोटिस के अनुसार कर मांग 9,38,66,513 रुपये, ब्याज 7,32,15,880 रुपये और जुर्माना 93,86,651 रुपये है। कंपनी के आकलन के आधार पर कर की मांग कानूनन स्वीकार्य नहीं है। हीरो ने कहा कि कंपनी के असेसमेंट के आधार पर टैक्स डिमांड कानून के तहत स्वीकार्य नहीं है। हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि जीएसटी अधिकारी, नई दिल्ली के कार्यालय द्वारा अस्वीकृत इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा कंपनी द्वारा जीएसटी कानून के प्रावधानों के अनुसार सही तरीके से किया गया था, लेकिन आपूर्तिकर्ता के गैर-अनुपालन के कारण इसे अस्वीकृत कर दिया गया, जो कंपनी के लिए जिम्मेदार नहीं है।

# देश के 12 फीसदी मसाले सुरक्षा मानकों में खरे नहीं उतरे: रिपोर्ट

## - एफएसएसएआई जांच के बाद कंपनियों पर कर रही कार्रवाई

नई दिल्ली ।

देश के दो प्रे सिद्ध मसाला ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों की गुणवतता पर कई देशों द्वारा सवाल उठाने के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने मसालों की जांच की थी। अब इस जांच की रिपोर्ट सामने आ गई है। बताया जा रहा है` कि जांचे गए मसालों के लगभग 12 फीसदी नमूने गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। यह जानकारी रॉयटर्स द्वारा प्राप्त आंकड़ों से सामने आई है। कीटनाशकों के उच्च स्तर के कारण अप्रैल में हांगकांग द्वारा एमडीएच और एवरेस्ट ब्रांडों के कुछ लोकप्रिय मसाला मिश्रणों की बिक्री को निलंबित करने के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने मिश्रित मसाला मिश्रणों की जांच, सैंपलिंग और परीक्षण किया। इसके बाद ब्रिटेन ने भारत से सभी मसालों के आयात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया, जबकि न्यूजीलैंड, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने इन ब्रांडों से संबंधित मुद्दों की जांच की बात कही। एमडीएच और एवरेस्ट ने कहा है कि उनके उत्पाद उपभोग के लिए सुरक्षित हैं। उनके मसाले भारत में सबसे लोकप्रिय हैं जो दुनिया का सबसे बड़ा मसालों का निर्यातक, उत्पादक और उपभोक्ता



है। ये मसाले यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में बेचे जाते हैं। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त डेटा से पता चलता है कि मई और जुलाई की शुरुआत के बीच परीक्षण किए गए 4,054 नमूनों में से 474 गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरे। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने एक बयान में बताया कि उसने जिन मसालों का परीक्षण किया, उनके ब्रांडों के अनुसार विवरण नहीं है, लेकिन वह गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरने वाली कंपनियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## अब मास्टरकार्ड भी करेगा कर्मचा रियों की छंटनी

नई दिल्ली । पिछले कुछ महीने में माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और इंटेल जैसी कई प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनियों ने कामकाजी लागत कम करने के लिए हजारों कर्मचारियों की छंटनी की है। इस सूची में अब डेबिट और




क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन सुविधा देने वाली अमेरिकी कंपनी मास्टरकार्ड शामिल हो गई है। यह अपने करीब 1 हजार कर्मचारियों को निकालने वाली है, जो इसकी कुल वर्कफोर्स का 3 फीसदी हैं। मास्टरकार्ड का कहना है कि छंटनी कंपनी की नई रिस्ट्रक्चरिंग प्रक्रिया का हिस्सा है। साथ ही वह कुछ गैर-जरूरी पदों को भी खत्म कर रही है। मास्टरकार्ड के मुताबिक इससे उसे मौजूदा बाजार में बेहतर तरीके से कामकाज करने में मदद मिलेगी। छंटनी को 30 सितंबर तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। इससे भारत समेत दुनियाभर में मास्टरकार्ड कर्मचारी प्रभावित होंगे।

## आने वाले त्योहारी सीजन में बढ़ेगा खुदरा कारोबार: बाटा

**नई दिल्ली** । देश की प्रमुख कंपनी बाटा के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि खपत में सुस्ती अस्थायी है और आने वाली तिमाहियों में त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने तथा खुदरा कारोबार में विस्तार से क्षेत्र में तेजी आने की उम्मीद है। कंपनी को उम्मीद है कि ई-कॉमर्स के जे रिए उसकी वृद्धि में तेजी आएगी। इसका कारण कंपनी अपने पोर्टल और भागीदारों के माध्यम से ऑनलाइन बिक्री का विस्तार कर रही है। ई-कॉमर्स अब अब एक लाभदायक और व्यवहारिक कारोबार है। इसके अलावा, नई पीढ़ी को आकर्षित करने की अपनी रणनीति के तहत बाटा अपनी दुकानों को अधिक आकर्षक बनाने के लिए उसके नवीनीकरण में भी निवेश कर रही है। साथ ही किफायती उत्पादों के साथ-साथ नये-नये उत्पादों में भी निवेश कर रही है। कंपनी के उत्पादों के खरीदारों में युवाओं की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। उन्होंने कहा` कि निकट अवधि में खपत में कुछ सुस्ती देखी जा रही है। इसके कारण कारोबार पर प्रभाव पड़ा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी अपने प्रयास, निवेश और विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों और उपायों को जारी रख रही है। बाजार में निचले और मध्यम स्तर पर कुछ नरमी रही है।

## बांग्लादेश हिंसा पर यूएन की आई रिपोर्ट, 27 दिनों में 650 मौतें, अल्पसंख्यकों पर जानलेवा हमला

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय (यूएनएचसीआर) ने एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा है कि 16 जुलाई से 11 अगस्त के बीच बांग्लादेश में अशांति के दौरान हिंसक घटनाओं में लगभग 650 लोग मारे गए। इस रिपोर्ट में न्यायेतर हत्याओं, मनमानी गिरफ्तारियों और लोगों को हिरासत में लिये जाने की गहन, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का सुझाव दिया गया है। 'बांग्लादेश में हालिया विरोध प्रदर्शन और अशांति का प्रारंभिक विश्लेषण' शीर्षक वाली 10-पृष्ठ की रिपोर्ट के अनुसार, 16 जुलाई से चार अगस्त के बीच करीब 400 मौतें हुईं, वहीं पांच और छह अगस्त के बीच विरोध प्रदर्शनों के हिंसक रूप लेने के बाद लगभग 250 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मरने वालों में प्रदर्शनकारी, राहगीर, पत्रकार और सुरक्षा बल के कई जवान शामिल थे। इसमें कहा गया है कि हजारों प्रदर्शनकारी और राहगीर घायल हुए तथा अस्पताल अत्यधिक मरीजों से भरे हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौतों की संख्या संभवत: कम आंकी गई है, क्योंकि कर्फ्यू और इंटरनेट बंद होने के कारण आवाजाही पर प्रतिबंधों के कारण सूचना संग्रह में बाधा आ रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अधिकारियों ने अस्पतालों को मारे गए और घायल हुए लोगों का विवरण देने से रोका। रिपोर्ट में कहा गया है, 'ऐसे मजबूत संकेत हैं कि सुरक्षा बलों ने हालात से निपटने के लिए अनावश्यक और अत्यधिक बल का प्रयोग किया। इसलिए इन सबकी स्वतंत्र जांच की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 'कथित उल्लंघनों की गहन, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की आवश्यकता है, जिनमें न्यायेतर हत्याएं, मनमाने ढंग से गिरफ्तारियां और हिरासत, जबरन गायब कर दिया जाना, यातना और दुर्व्यवहार तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क के कार्यालय ने प्रारंभिक रिपोर्ट जारी करते हुए बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के विरुद्ध हिंसा सहित मानवाधिकार उल्लंघनों और हिंसा के लिए जिम्मेदार सभी लोगों की जवाबदेही की आवश्यकता पर बल दिया। सभी मानवाधिकार उल्लंघनों की व्यापक, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का आह्वान करते हुए तुर्क ने यह भी कहा कि दक्षिण एशियाई देश में परिवर्तन एक ऐतिहासिक अवसर है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि शासन मानवाधिकारों, समावेशिता और कानून के शासन पर आधारित हो।

## खैबर पख्तूनख्वा में थाने पर आतंकी हमला, टीआई समेत दो की मौत

करांची। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में एक पुलिस थाने पर आतंकी हमले में टीआई समेत दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए। पुलिस ने बताया कि हथियारों से लैस आतंकवादियों ने खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के आतंकवाद प्रभावित लक्की मरवत जिले में बरगई पुलिस थाने पर रविवार देर रात हमला किया। पुलिस के मुताबिक हमले में एक पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल टीआई ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसने बताया कि मुठभेड़ के दौरान टीआई को कई गोलियां लगी थीं। हमले से पहले आतंकवादी पुलिस थाने के पास ही एक घर में छिपे हुए थे। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में रविवार को एक अन्य हमले में आतंकवादियों ने 'फ्रंटियर कॉन्स्टेब्युलरी' के वाहनों को निशाना बनाया, जिससे उसमें सवार दो जवान शहीद हो गए और तीन घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अमेरिका में कोरोना फिर पसार रहा पैर, सीवेज का पानी बन रहा वजह

वॉशिंगटन। अमेरिका में फिर कोविड महामारी अपने पैर पसाने लगी है। देश में पिछले दो साल में सबसे ज्यादा कोविड मरीज मिले हैं। एक रिपोर्ट में बताया कि इसकी पुष्टि यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के वेस्टवाटर डैशबोर्ड ने की है जिसमें बताया गया है कि अमेरिका में कोविड-19 की एक बड़ी लहर चल रही है। इसका खुलासा लोगों के घरों से निकलने वाले सीवेज का पानी (अपशिष्ट जल) है। सीडीसी ने बताया है कि अपशिष्ट जल में वायरल गतिविधि का माप बढ़कर 8.82 हो गया है, जो जुलाई 2022 में 9.56 से थोड़ा ही कम है। वर्तमान में अमेरिका के पास कोविड वायरस के स्तर का पता लगाने के लिए सीवेज का पानी ही एकमात्र उपाय है। सीडीसी का कहना है कि सबसे ताजा डेटा अधूरा है और इसमें बदलाव हो सकता है। अमेरिका में मई में कोविड के फिर से बढ़ने से पहले यह 1.36 था। सीडीसी के अपशिष्ट जल निगरानी कार्यक्रम के डिप्टी डायरेक्टर डॉ जोनाथन योडर ने ईमेल में कहा, वर्तमान में, कोविड-19 अपशिष्ट जल वायरल गतिविधि का स्तर राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ज्यादा है, जिसमें पश्चिमी अमेरिकी क्षेत्र सबसे आगे है। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल की कोविड-19 लहर पिछले साल की तुलना में पहले आ रही है, जो 2022 में अगस्त के अंत या सितंबर की शुरुआत में दिखाई दी थी। एमरी विश्वविद्यालय में पर्यावरण स्वास्थ्य और सार्वजनिक स्वास्थ्य के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मार्लीन वोल्फ ने कहा कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण उछाल है। स्तर बहुत ज्यादा हैं। वे गर्मियों की लहर के दौरान अब तक के सबसे उच्च स्तर है। हम देशभर में अपने 100 फीसदी नमूनों में एसएआरएस-कोवी-2 का पता लगा रहे हैं। वेस्टवॉटर स्केन ने भी 2022 की शुरुआत में निगरानी शुरू की और जिन साइटों पर यह निगरानी करता है, उनकी संख्या समय के साथ बदल गई है।

## रूस के कुर्स्क क्षेत्र में बफर जोन स्थापित करेगा यूक्रेन : जेलेंस्की

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सैनिकों के घुसने का मकसद वहां एक 'बफर जोन' बनाना है। यह पहली बार है, जब जेलेंस्की ने कुर्स्क क्षेत्र में शुरू किए अभियान के पीछे की मंशा को जाहिर किया है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि अभियान का मकसद सीमावर्ती सुमी क्षेत्र में समुदायों को रूस की ओर से लगातार हो रही गोलाबारी से बचाना है। जेलेंस्की ने कहा कि कुल मिलाकर अब रक्षात्मक अभियानों में हमारी प्राथमिकता यह है जितना संभव हो, रूस की युद्ध क्षमता को खत्म करना और ज्यादा से ज्यादा जवाबी कार्रवाई करना। इसमें कुर्स्क क्षेत्र में हमारा अभियान शामिल है, जिसका उद्देश्य आक्राता के क्षेत्र में एक 'बफर जोन' बनाना है।

## छात्रों की मौत को लेकर शेख हसीना पर एक और नया मामला दर्ज

ढाका। बांग्लादेश में आरक्षण-विरोधी प्रदर्शन में हुई दो कॉलेज छात्रों की मौत को लेकर पूर्व पीएम शेख हसीना पर हत्या का एक और मामला दर्ज किया गया है। पूर्व पीएम शेख हसीना पर दर्ज किए कई मामलों में यह नया मामला दर्ज हुआ है। वह सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के विरुद्ध छात्रों के हिंसग प्रदर्शन के बाद पीएम पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर भारत चली गई थीं। हिंसा के दौरान ढाका के सूत्रापुर क्षेत्र में दो छात्रों की मौत को लेकर हसीना और 12 अन्य पर नए मामले दर्ज किए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोबी नजरूल सरकारी महाविद्यालय के विद्यार्थी इकराम हुसैन कावसेर और शहीद सुहरावर्दी महाविद्यालय के छात्र उमर फारूक की मौत को लेकर ढाका मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट में यह नया मामला दर्ज किया गया है।

## ढाका कॉलेज के हॉस्टल में घुसे कट्टरपंथी, मूर्तियां तोड़ीं


ढाका। ढाका में शेख हसीना सरकार गिरने के बाद से ही बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले शुरू हो गए थे, जो अभी तक जारी हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। न तो मुकदमा दायर किए जा रहा है और न ही गिरफ्तारी या कोई कार्रवाई हो रही है। बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के दावों और सुरक्षा के भरोसे के बावजूद हिंदुओं पर हमले थम नहीं रहे हैं। इस्लामिक कट्टरपंथियों ने ढाका कॉलेज के हिंदा छात्रावास पर हमला कर मंदिर और मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया है। हमले के दौरान छात्रावास के पश्चिमी हिस्से में स्थित हिंदू मंदिर की मूर्तियों को तोड़ दिया गया और कीमती सामान चुरा लिए गए। रिपोर्ट के मुताबिक 250 से ज्यादा जगहों पर हिंदू समुदाय के घरों और मंदिरों पर हमले हुए हैं। हमलों के विरोध में हिंदू समुदाय ने देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन किए हैं। हिंदुओं पर बढ़ते हमलों के बीच बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने बीते सप्ताह राजधानी ढाका के प्रसिद्ध ढाकेश्वरी देवी मंदिर का दौरा किया था। इस दौरान मोहम्मद यूनुस ने हिंदू समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की थी और उनकी सुरक्षा का वादा किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि देश में सभी के अधिकार बराबर हैं।



कराची में भारी बारिश और बाढ़ के बीच ही पानी से भरी एक सड़क से निकलती हुए वाहन।

## शेख हसीना के खिलाफ एक्शन के लिए छटपटा रही है यूनुस सरकार

ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट और उनके देश छोड़कर भागने की घटना को दो हफ्ते हो चुके हैं। हिंसा की आग में झुलस रहे बांग्लादेश में अब हालात सामान्य होने लगे हैं लेकिन, अभी भी मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार हसीना के खिलाफ ऐक्शन को छटपटा रही है। बांग्लादेश की एक अदालत में रविवार को अपदस्थ प्रधान मंत्री शेख हसीना और 33 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए एक आवेदन दायर किया गया। हसीना और अन्य पर 2013 में एक रैली पर अंधाधुंध गोलीबारी करके नरसंहार का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश पीपुल्स पार्टी (बीपीपी) के अध्यक्ष बाबुल सरदार चखारी ने ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट जकी-अल-फराबी की अदालत में आवेदन किया है। शेख हसीना और अन्य पर 2013 में एक



रैली पर अंधाधुंध गोलीबारी करके नरसंहार का आरोप है। बांग्लादेश की एक अदालत में रविवार को हसीना और 33 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए एक आवेदन दायर किया गया। बांग्लादेश की अदालत में बाबुल सरदार चखारी ने आवेदन में उन पर 5 मई 2013 को मोतीझील के शपला छत्तर में रैली के दौरान सामूहिक हत्या का आरोप लगाया गया है। अदालत ने बयान दर्ज किया और कहा कि वह इस मुद्दे पर बाद में आदेश सुनाएगी। बता दें कि 76 वर्षीय हसीना 5 अगस्त को प्रधान मंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत भाग गई थी। बांग्लादेश में उनके खिलाफ 11 मामले चल रहे हैं। जिनमें हत्या के आठ, अपहरण का एक और नरसंहार के लिए दो मामले शामिल हैं।

# मंकीपॉक्स आने वाले दिनों में ले सकती है कोविड-19 जैसा रुप

### - विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जताई यह आशंका

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तेजी से फैल रही मंकीपॉक्स बीमारी को चिंताजनक बताया है। संगठन को आशंका है कि आगामी दिनों में मंकीपॉक्स आने वाले दिनों में कोविड-19 जैसी बड़ी महामारी का रूप ले सकता है। उधर वैज्ञानिकों ने बताया है कि एंटीवायरल दवा टेकोविरिमैट का असर मंकीपॉक्स के क्लेड-1 स्ट्रेन पर नहीं हो रहा है।

वर्तमान में क्लेड-1 स्ट्रेन ही सबसे तेजी से फैल रहा है। इस एकमात्र स्ट्रेन के कारण अफ्रीका में मंकीपॉक्स के मामले बढ़कर 18,700 से अधिक हो गए हैं। इस खबर ने चिकित्सा जगत में खलबली मचा दी है। टेकोविरिमैट का इस्तेमाल 2022-23 में मंकीपॉक्स की पिछली लहर को रोकने के लिए किया गया था। वैज्ञानिकों ने कहा, नए शोध से पता चला है कि एंटीवायरल दवा टेकोविरिमैट का असर मंकीपॉक्स के क्लेड-1 स्ट्रेन से संक्रमित लोगों के घावों पर नहीं पड़ रहा है। टेकोविरिमैट एक एंटीवायरल दवा है, जिसे टीपीओएक्सएक्स के नाम से भी जाना जाता है। वैज्ञानिक इस दवा का परीक्षण यह देखने के लिए कर रहे थे कि क्या यह यह कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में बच्चों और वयस्कों में मंकीपॉक्स के लक्षणों की अवधि को कम करने में मदद कर सकती है। वायरस का क्लेड-1 स्ट्रेन पिछले साल सितंबर से कांगो में फैल रहा है। टेकोविरिमैट को मूल रूप से चेचक के लिए इलाज के लिए विकसित




किया गया था। इसे अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) ने भी अनुमोदित किया है। चेचक का मंकीपॉक्स से नजदीकी संबंध है, लेकिन यह उससे कहीं अधिक गंभीर और घातक है।

अध्ययन में पाया गया कि टेकोविरिमैट सुरक्षित है, लेकिन क्लेड-1 स्ट्रेन से पीड़ित मरीज के हालात में सुधार नहीं कर पा रहा है। इस स्टडी को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिजीज ने किया है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिजीज के डायरेक्टर जीन मार्राजो ने कहा, ये निष्कर्ष निराशाजनक हैं, लेकिन वे हमें आवश्यक जानकारी देते हैं और मंकीपॉक्स के लिए अन्य चिकित्सीय दवाओं की पहचान करने की आवश्यकता को मजबूत करते हैं। हालांकि, हम मंकीपॉक्स के साथ अन्य आबादी में टेकोविरिमैट के उपयोग पर शोध जारी रखे हुए हैं।

## फिलीपींस ने चीन की दादागिरी का मुंहतोड़ जवाब दिया, जहाज को टक्कर मारकर किया डैमेज

**ताइपेई (एजेंसी)।** चीन अपनी सभी सीमाओं से लगे देशों को आए दिन परेशान करता है। उसकी विस्तारवादी नीति के चलते उसने तमाम देशों से पंगा ले रखा है। यही वजह है कि साउथ चाइना में चीन की दादागिरी की कोशिशों के खिलाफ अब कई देशों ने कमर कस ली है। अब उसको मुंहतोड़ जवाब मिलना शुरू भी हो गया है। चीन के कोस्टगार्ड ने आरोप लगाया कि फिलीपींस के एक जहाज ने सोमवार तड़के सबीना शोल के पास जानबूझकर एक चीनी जहाज टक्कर मार दी है। यह इलाका दक्षिण चीन सागर में कई देशों के बीच बढ़ते क्षेत्रीय विवादों में एक नया मुद्दा बन गया है।

चीन के कोस्ट गार्ड के प्रवक्ता गान यू ने कहा कि 'फिलीपीन पक्ष टक्कर के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। हम फिलीपीन पक्ष को चेतावनी देते हैं कि वह तुरंत अपनी उल्लंघन और उकसावे को रोके, अन्यथा उसे इससे पैदा होने वाले सभी नतीजे भुगतने होंगे।' गान यू ने कहा कि चीन ने स्प्रेटली द्वीप समूह पर निर्विवाद संप्रभुता का दावा किया है, जिसे चीनी भाषा में नांशा द्वीप समूह के रूप में जाना जाता है। जिसमें सबीना शोल और उसके आस-पास के समुद्र के इलाके शामिल हैं। सबीना शोल का चीनी नाम जियानबिन रीफ है।

गौरतलब है कि सबीना शोल फिलीपींस के पश्चिमी द्वीप प्रांत पलावन से लगभग 140 किलोमीटर (87 मील) पश्चिम में स्थित है। यह चीन और फिलीपींस के बीच इलाकों को लेकर विवादों में एक नया मुद्दा बन गया है। अप्रैल में फिलीपींस के कोस्टगार्ड ने अपने एक प्रमुख गश्ती जहाज, बीआरपी टेरेसा मैगबानुआ को सबीना में तैनात किया था। उस वक्त फिलीपींस के वैज्ञानिकों ने इसके उथले पानी में कुचले हुए कोरल के डूबे हुए ढेर की खोज की थी। जिससे संदेह पैदा हुआ कि चीन यहां पर कुछ बनाने की तैयारी कर रहा है। चीनी कोस्टगार्ड ने भी बाद में सबीना में एक जहाज तैनात किया।

सबीना फिलीपींस के कब्जे वाले दूसरे थॉमस शोल के पास स्थित है। जो पिछले साल से चीनी और फिलीपींस के तट रक्षक जहाजों और उनके साथ आने वाले जहाजों के बीच बढ़ते हुए खतरनाक टकराव का गवाह रहा है। चीन और फिलीपींस ने पिछले महीने एक समझौता किया था, ताकि आगे के टकराव को रोका जा सके। फिलीपींस की नौसेना ने समझौते पर पहुंचने के एक हफ्ते बाद वहां खाना और सैनिकों को पहुंचाया।

## ट्रंप बाइबल बेचकर कमाते हैं करोड़ रुपए, अमीर नेताओं में हैं शुमार

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस को कड़ी टक्कर दे रहे ट्रंप कई स्रोतों से मोटी कमाई करते हैं। डोनाल्ड ट्रंप के लेटेस्ट फाइनेंशियल डिस्क्लोजर से पता चला है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हर साल केवल बाइबल बेचकर ही करोड़ों रुपए कमाते हैं। ट्रंप की गिनती अमीर नेताओं में होती है। फोर्ब्स के मुताबिक ट्रंप की नेटवर्थ 4.5 बिलियन डॉलर है। वह सिंगर ली ग्रीनवुड के साथ मिलकर बाइबिल के एक विशेष संस्करण जिसे ग्रीनवुड बाइबिल कहा जाता है, बेचते हैं।

बाइबिल की बिक्री से ट्रंप ने एक साल में 300,000 यानी लगभग ढाई करोड़ रुपए की कमाई करते हैं। ग्रीनवुड बाइबिल के अलावा डोनाल?ड ट्रंप किताब लेटर्स टू ट्रंप से उन्हें 4.4 मिलियन की रॉयल्टी मिलती है। ए मागा जर्नी नामक पुस्तक से उन्होंने 500,000 की कमाई की, जबकि दी आर्ट ऑफ दी डील जैसी अन्य किताबों से उन्हें 50,000 से 100,000 की आय पिछले एक साल में हुई है रियल एस्टेट, क्रिप्टोकरेंसी और सोना, डोनाल्ड ट्रंप की कमाई के प्रमुख साधन हैं। ट्रंप की नेटवर्थ का सबसे बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया कंपनी ट्रुथ सोशल से आता है। कंपनी में ट्रंप के पास 11.4 करोड़ शेयर हैं, जिनकी वैल्यू 2 बिलियन डॉलर से ज्यादा है। ट्रंप राजनीति में आने से पहले बिजनेस के अलावा सिनेमा की दुनिया से भी जुड़े रहे हैं और कई हॉलीवुड फिल्मों में स्क्रीन पर नजर आ चुके हैं उसके एवज में उन्हें स्क्रीन्स एक्टर्स गिल्ड से 90,776 डॉलर की सालाना पेंशन भी मिलती है। उन्हें पिछले साल दुबई के रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट से 30 लाख डॉलर और ओमान से 20 लाख डॉलर से ज्यादा की कमाई हुई।

## ट्रंप के खिलाफ कमला हैरिस का बड़ा दांव- अमेरिका के मिडिल क्लास को रिझाने के लिए बताया बड़ा प्लान

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति पद के चुनाव में उतरी कमला हैरिस अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी चुनौती दे रही हैं। वे ट्रंप के हर एक दांव को फेल करने की कोशिश करते हुए आमजनता को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहीं हैं। अबकी बार कमला ने मिडिल क्लास की सहानुभूति बटोरने की कोशिश की है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका के मिडिल क्लास खासकर सैलरी वालों को राहत देने के लिए कई कदम उठाने का ऐलान किया है। उन्होंने अपने विरोधी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर भी निशाना साधा और कहा कि उनका एजेंडा आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहा है। बता दें कि अमेरिका की करीब 50 फीसदी जनसंख्या मिडिल क?लास में आती है। जाहिर है कि कमला हैरिस ने अपने मुद्दे में मिडिल क्लास को शामिल



कर बड़े वोटर वर्ग को रिझाने की कोशिश की है।

कमला हैरिस ने अपनी इकनॉमिक पॉलिसी पेश करते हुए कहा कि लाखों लोग पहली बार अपना घर खरीदने का सपना देख रहे हैं। ऐसे लोगों की मदद की जाएगी और टैक्स को भी कम करने पर जोर रहेगा। इसके साथ ही ग्रॉसरी व अन्य जरूरी चीजों के दाम घटाने पर भी हमारी सरकार का फोकस रहेगा। हेल्थकेयर और चाइल्ड टैक्स क्रेडिट जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि मिडिल क्लास को इसका पूरा फायदा मिल सके। अमेरिका में पिछले दिनों जारी महंगाई के आंकड़ों ने करीब साढ़े तीन साल बाद राहत दी है, जब उपभोक्ता से जुड़ी महंगाई दर 3 फीसदी से नीचे चली गई। हालांकि, ग्रॉसरी सहित अन्य खाद्य उत्पादों की महंगाई दर आज भी बढ़ी हुई है और इनकी कीमतें कोरोना महामारी से पूर्व की स्थिति से भी ऊपर हैं। यही कमला हैरिस की सबसे बड़ी चिंता है, क्योंकि इसका सीधा और सबसे ज्यादा असर मिडिल क्लास पर पड़ रहा है। कमला हैरिस ने अपने इकनॉमिक विजन में मिडिल क्लास के लिए अपने घर का सपना पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि इस देश में अपना घर बनाना काफी मुश्किल काम है। हम हाउसिंग और दवाओं की कीमतों पर नजर रखेंगे और उसे आम आदमी के काबिल बनाएंगे। ग्रॉसरी की कीमतों पर नजर रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं और उल्लंघन करने वालों पर पेनाल्टी लगाने का भी आदेश दिया गया है।

# रुस के पास गोला बारूद का टोटा- नहीं कर पा रहा जवाबी कार्रवाई

**मास्को (एजेंसी)।** रुस जैसा शक्तिशाली देश यूक्रेन से जंग लड़ने में हांफने लगा है। उसके पास गोला बारुद को टोटा पड़ गया है। यही वजह है कि यूक्रेन ने पश्चिमी कुर्स्क इलाके के कुछ क्षेत्र पर कब्जा कर रूस को बड़ा झटका दे दिया था। अब चर्चाएं ये भी शुरू हो गई हैं कि आखिर रूस इसका जवाब अब तक क्यों नहीं दे सका है। जानकार इसके कई कारण गिनाते हैं। हालांकि, खबरें ये भी हैं कि रूस ने इस कार्रवाई का जवाब धीरे-धीरे देना शुरू कर दिया है। खास बात है कि फरवरी 2022 में हुए आक्रमण के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शासन को यह चौथा बड़ा झटका माना जा रहा है।


रिपोर्ट के अनुसार, एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि रूस की सेना में क्विक रिएक्शन फोर्सेज की कमी है, जो आपातकाल की स्थिति में कार्रवाई के लिए तैयार हो सकती है। दो अधिकारियों ने कहा कि रूसी बलों ने आक्रमण के दौरान पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन में लाखों तोप के गोले चलाए, लेकिन मॉस्को कुर्स्क से यूक्रेनियों के बाहर निकालने के लिए भारी तोपों का इस्तेमाल करने में इच्छुक नहीं रहा है। बता दें कि बीते सप्ताह यूक्रेन की सेना ने कीव के पूर्वोत्तर पर हमला बोल दिया था, जिसके बाद उसने कई गावों पर कब्जा किया और रूसी सैनिकों को बंदी बना लिया था। यूएसए टुडे से बातचीत में अमेरिका के एक अधिकारी ने बताया है कि यूक्रेन ने आक्रमण के बारे में व्हाइट हाउस या पेंटागन को जानकारी नहीं दी थी। इधर, पुतिन ने भी इस हमले का जिम्मेदारी यूक्रेन के सहयोगियों को बताया है।

रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी यूक्रेन में लगातार जंग के बाद रूस के पास गोला बारूद की भी कमी हो सकती है। एक अमेरिकी अधिकारी का कहना है कि कुर्स्क में यूक्रेनी बलों का सामना करने के लिए रूस ने बलों को बढ़ाना शुरू कर दिया है। साथ ही रूस की धीमी जवाबी कार्रवाई की एक वजह यह भी बताई जा रही है कि उन्हें इस बात की स्पष्ट जानकारी नहीं है कि यूक्रेन क्या करना चाह रहा है। एक अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक यूक्रेन के हमले की एक वजह रूसी सैनिकों को कैदी बनाने की भी हो सकती है, जिसका इस्तेमाल वो कैदियों की अदला-बदली में कर सकता है। कहा जा रहा है कि 3 हजार से ज्यादा युद्ध बंदी अदला बदली के जरिए घर वापसी कर चुके हैं। हालांकि, अब तक यह भी साफ नहीं है कि दोनों पक्षों के पास कितने युद्धबंदी हैं।

यूक्रेनी वायुसेना ने सेइम नदी पर बने एक पुल को तबाह कर दिया और पास के ही एक पुल पर हमला किया। इस पुल से ही रूसी सेना को सैन्य व अन्य आपूर्ति की जा रही थी। यह हमला सीमा पार से की गई घुसपैठ के दो सप्ताह से भी कम समय में हुआ है। इस हमले से रूसी आपूर्ति मार्ग बाधित हो गया है। पुल तबाह होने से रूस का युद्ध संचालन अभियान प्रभावित हो सकता है। यूक्रेन का कहना है कि वह उसके आपूर्ति मार्गों को बाधित करना चाहता है। ये हमला यूक्रेनी सीमा से 15 किलोमीटर दूर ज्वानोये गांव के पास किया गया। एयर फोर्स कमांडर



मायकोला ओलेशचुक ने कहा, एक और पुल को नष्ट कर दिया है, वायुसेना के विमान ने पुल पर सटीक निशाना लगाया। उन्होंने हमले का एक वीडियो भी जारी किया है। एक रूसी ब्लॉगर्स ने भी तबाह हुए पुल की तस्वीरें साझा की हैं।



# शादीशुदा जिंदगी में इन बातों को करें फॉलो

लड़ाई-झगड़ा, प्यार-मोहब्बत, हर रिश्ते में होना लाजमी है। लेकिन अगर ये झगड़ा बहुत ज्यादा होने लगे तो ये अच्छा नही होता क्योंकि इससे रिश्ते टूट सकते हैं। किसी भी रिश्ते में लड़ाई होना बेहद खराब है, हां हल्की-फुल्की नोक झोंक तो हर घर में होती है, पर जब ये ज्यादा होने लगे तो खतरे की घंटी साबित हो सकती है। अगर आपके रिश्ते में ऐसा कुछ हो रहा है तो आप कुछ टिप्स फॉलो कर सकते हैं। आइए, जानते हैं-

## विश करें

तो क्या हुआ कि आपकी शादी को कई साल हो चुके हैं, प्यार को बरकरार रखने के लिए आपको हर चीज करनी चाहिए। भले ही आप दोनों के उठने का समय अलग है लेकिन आप दोनों को सुबह एक दूसरे को गुड मॉर्निंग विश करना चाहिए। साथ ही रात में सोने पर भी आपको गुड नाइट विश करके सोना चाहिए। ये एक अच्छी आदत होने के साथ-साथ आपके रिश्ते को जीवित रखने में मदद करता है।

## फूल

फूल किसे पसंद नहीं होते, इन दिनों फेस्टिव सीजन है तो यकीनन आपकी वाइफ भी रोजाना अच्छे से तैयार होती होंगी। ऐसे में उनको आप फूल दे सकते हैं। वह इसे अपने बालों में लगा सकती है और ये सच में काफी रोमांटिक होगा।

## तारीफ

एक दूसरे की तारीफ करें। आप अपने पार्टनर की किसी फोटो या फिर वो दिन भर कैसी लग रही थी इस बात की तारिफ करें। रोजाना आप दोनों मेहनत करते हैं तो ऐसे में एक दूसरे के काम की तारीफ भी कर सकते हैं।



# हाई हील पहनने की हैं शौकीन, पूरे दिन पहनकर रखने के लिए अजमाएं ये हैक्स

हील्स पहनना अधिकतर महिलाओं को पसंद होता है। हील्स पहनने के लिए किसी भी परफेक्ट आउटफिट पहनने की जरूरत नहीं होती, बल्कि किसी भी लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप हील्स पहन सकते हैं। हील्स की एक खासियत यह भी है कि यह पैरों को ज्यादा लंबा दिखाते हैं, जिससे आपका लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव लगता है। हाई हील्स के साथ एक समस्या यह होती है कि यह बहुत ज्यादा देर तक आपको कंफर्टेबल महसूस नहीं करवाते हैं। इसलिए अगर आप ऑफिस में या फिर किसी मैरिज फंक्शन आदि में पहन रही हैं तो हो सकता है कि आपको पैरों में दर्द का एहसास होने लगे। तो जानते हैं हाई हील्स से जुड़े कुछ हैक्स के बारे में।

## हैक 1

डबल टेप का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे आप तलवे से चिपका दें। यह ट्रिक आपके फुटवियर को पैरों पर ज्यादा आरामदायक तरीके से रखेगी। साथ ही इसके कारण होने वाले फफोले और पैर की उंगलियों में दर्द काफी हद तक कम हो जाएगा।

## हैक 2

हील्स में आप इनसोल्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये सिलिकॉन या कपड़े से बने होते हैं। यह आपके पैरों को हाई हील्स में आगे बढ़ने से रोकते हैं, साथ ही आरामदायक भी होते हैं।

## हैक 3

पार्टी में अक्सर हील्स उतारने का मन करता है, लेकिन आप ऐसा करने से बचें क्योंकि जब आप हील्स उतारते हैं तो उस पल तो आपको राहत मिल जाती है लेकिन कई बार ऐसा करते ही पैरों में सूजन आ जाती है और फिर जब आप हील्स दोबारा पहनती हैं तो पैरों में ज्यादा दर्द होता है।



# हर लड़की को सीखनी चाहिए ये चीजें

यूं तो आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। घर की जिम्मेदारियों से लेकर बाहर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने तक में, उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपने लिए एक खास जगह बनाई है। बावजूद इसके आज जानते हैं वो 5 चीजें जिन्हें होम मेकर हो या कोई प्रोफेशनल लड़की, जरूर सीखना चाहिए।

## अकाउंट्स मेनटेन रखना

घर संभालना हो या फिर बाहर रहकर नौकरी करते हुए अपने खर्चों को करना हो मैनेज, लड़कियों को अपने फाइनेंशियल डिसीजन खुद लेने आने चाहिए। इसके लिए उन्हें सबसे पहले अपना अकाउंट्स मेंटेन करना जरूर आना चाहिए। आप ऐसा करते हुए आप अपने खर्चों पर भी खुद नजर रख पाएंगी। इसके अलावा लड़कियों को समय पर टैक्स रिटर्न भरना भी जरूर सीखना चाहिए। अपने रिटायरमेंट प्लान से लेकर सेविंग्स तक की प्लानिंग के लिए अपने पैसे को समझदारी से इन्वेस्ट करें।

## साइन करने से पहले हर कागज को अच्छे से पढ़ें

ज्यादातर लोग अक्सर किसी डॉक्यूमेंट या कागज को बिना पढ़े ही साइन कर देते हैं। आपकी ये आदत आपको भविष्य में नुकसान पहुंचा सकती है। लड़कियों का मन कोमल होता है। आपका किसी पर विश्वास करना उचित है बावजूद इसके आपको समझदारी से काम लेना भी आना चाहिए। ऐसे में कभी भी किसी भी लीगल या जरूरी डॉक्यूमेंट्स पर साइन करने से पहले उसे जरूर अच्छे से पढ़ें।

## बेसिक सेल्फ डिफेंस स्किल्स

वक्त चाहे कोई भी क्यों न हो, आप अपनी किस्मत को आजमाने के लिए रात या दिन का इंतजार थोड़े ही करेंगे। रात हो या दिन, आपको अपनी सुरक्षा के लिए बेसिक सेल्फ डिफेंस मूव्स जरूर आने चाहिए ताकि आप मौका पड़ने पर किसी भी जगह सुरक्षित रह सकें। आप इसके लिए वीकेंड पर सेल्फ डिफेंस कोर्स कर सकती हैं।

## सिग्नेचर डिश

हर व्यक्ति अपनी किसी न किसी खासियत की

**घर की जिम्मेदारियों से लेकर बाहर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने तक में लड़कियों ने अपनी मेहनत और लगन से अपने लिए एक खास जगह बनाई है।**


वजह से लोगों के बीच पहचाना जाता है।ऐसे में आप भी अपनी किसी सिग्नेचर डिश की वजह से लोगों के बीच फेमस हो सकते हैं। जब आप डिनर या पार्टी के लिए लोगों या दोस्तों को अपने घर बुला रही हैं तो मेन्यू में आपकी एक सिग्नेचर डिश तो होनी ही चाहिए जिसका स्वाद वो सालों-साल याद रखें।

## कार का टायर बदलना


अक्सर लोगों को लगता है कि गाड़ी का टायर बदलने का काम सिर्फ लड़के ही अच्छा कर सकते हैं। लेकिन अगर आप भी ड्राइव करती हैं तो यह काम आपको भी जरूर सीखना चाहिए वरना आप कभी भी मुश्किल में पड़ सकती हैं।



# डेटिंग प्रोफाइल के लिए फोटो चूज करने में इन टिप्स की लें मदद



**ऑनलाइन डेटिंग करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में जब आप ऑनलाइन प्रोफाइल को सेट करते हैं तो आप पूरी तरह से सभी कुछ बेस्ट करने की कोशिश करते हैं। जिसे देख आसानी से कोई भी इंप्रेस हो जाए। हालांकि आपको इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि आपके प्रोफाइल का बायो पूरी तरह से आपको डिस्क्राइब करना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तभी आप ज्यादा से ज्यादा मैच पा सकते हैं। इन सभी के साथ ये भी जरूरी है कि आप एक सही प्रोफाइल फोटो चूज करें। ऐसे में आप जब भी डेटिंग प्रोफाइल फोटो चूज करें तो कुछ बातों को ध्यान में रखें। तो चलिए जानते हैं कुछ टिप्स के बारे में जिनकी मदद से आप अपनी प्रोफाइल फोटो सेट कर सकत हैं।**



## टिप 1

ऐसी फोटो चूज न करें जिसमें आपका चेहरा क्लीयर न हो, या फिर आपका चेहरा दिख ही न रहा हो। ये फोटो अच्छा ऑप्शन नहीं होगा क्योंकि सामने वाले को आपकी फोटो ही नहीं दिखेगी। ऐसी फोटो चुने जिसमें आप पूरी तरह से दिख रहे हों।

## टिप 2

कई बार लोग डेटिंग एप पर ग्रुप फोटो लगाते हैं, ऐसे में सामने वाले को ये कंफ्यूजन हो सकता है कि प्रोफाइल किसकी है। तो ध्यान रखें की फोटो सिर्फ आपकी हो न की ग्रुप फोटो हो।

## टिप 3

ऑनलाइन डेटिंग एप पर अगर आप फोटो स्लेक्ट कर रहे हैं तो ऐसी फोटो लगाएं जो आपको डिस्क्राइब करे। अगर आपको कैंपिंग पसंद है तो आप कैंपिंग की फोटो लगा सकते हैं या फिर अगर आपको बुक्स पढ़ना पसंद है तो किसी लाइब्रेरी की फोटो लगा सकते हैं।

## टिप 4

एक ऐसी फोटो लगाएं जिसमें आप कॉन्फिडेंट नजर आ रहे हैं। कई बार लोग अपने कपड़ों के साथ कॉन्फिडेंट नहीं होते हैं फिर भी उन कपड़ों में वह प्रोफाइल फोटो लगा सकते हैं।





# कहीं आपकी चांदी की ज्वेलरी नकली तो नहीं है? ऐसे जानें

**सोना और प्लेटिनम की तरह ही चांदी भी एक लोकप्रिय धातु है। आमतौर पर लोग सोने और चांदी के गहने पहनना पसंद करते हैं और वास्तव में चांदी के गहने दिखने में खूबसूरत भी लगते हैं। जब बात चांदी के गहनों को आती है तो लोग मुख्य रूप से इसकी पायल और बिछिया पहनते हैं। चांदी एक कीमती धातु है जो बहुतायत में पाई जाती है और इसका उपयोग गहनों के अलावा पूजा के सिक्के, सजावटी सामान, मूर्तियां और अन्य टिकाऊ वस्तुएं जैसे बर्तन बनाने के लिए भी किया जाता है।**

यह एक नरम धातु है और यदि आप अपनी चांदी से बनी चीजों की उचित देखभाल करते हैं, तो यह लंबे समय तक नए जैसी बनी रहती हैं। चाहे आप चांदी के झुमके की एक जोड़ी खरीदें या स्टर्लिंग चांदी से बनी चांदी की अंगूठी और पायल, यदि आप इसकी अच्छी देखभाल करेंगी तो या सालों साल नयी जैसी बनी रहेंगी। लेकिन देखभाल के साथ आपके लिए इन्हें खरीदते समय इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि आप जो चांदी खरीद रही हैं वो असली और शुद्ध है या नहीं। वास्तव में यदि आप नकली चांदी खरीदेंगी के बाद भी ये जल्दी ही खराब होने लगती है। आइए जानें कि आप किन युक्तियों से इस बात का पता आसानी से लगा सकती हैं कि आपकी चांदी असली है या नहीं।

## लेबल की जांच करें

चांदी की वस्तु असली है या नकली यह जांचने के लिए आभूषण पर लेबल की जांच करना। यदि उस पर एक छोटा लेबिल है जिसमें स्टर' या 'स्टर्लिंग' प्रिंट है, तो इसका मतलब है कि वस्तु

चांदी या चांदी चढ़ाया हुआ। जब भी चांदी की वस्तुओं को अंतरराष्ट्रीय या घरेलू स्तर पर बेचा जाता है, तो एक हॉलमार्क ट्रेड स्टैम्प होता है जो धातु को प्रमाणित करता है। किसी दुकान से चांदी की वस्तु खरीदने से पहले, हमेशा 'स्टर्लिंग' के मानक स्टैंप की जांच जरूर करें।

## मैग्नेट टेस्ट

मैग्नेट का उपयोग करके यह जांचने का एक और अच्छा तरीका है कि आपने जो चांदी खरीदी है वह असली है या नकली। यदि आपके घर में कोई भी चुम्बक पड़ा हुआ है, तो आप इसका उपयोग

प्रदर्शित करती है। इसके लिए एक मैग्नेट का प्रयोग करें और उसे चांदी की वस्तु के करीब लाएं जिसे आप जांचना चाहते हैं और देखें कि क्या यह मैग्नेट से मजबूती से चिपकती है। यदि ऐसा है तो समझ लें कि ये असली चांदी नहीं है।( मोतियों की ज्वेलरी की ऐसे करें केयर)

## आइस क्यूब टेस्ट

चांदी के शुद्ध होने या न होने की जांच करने का एक और आसान तरीका बर्फ के टुकड़े का उपयोग करना है। यह विधि चांदी के सिक्कों और अन्य चांदी की वस्तुओं के सपाट सतहों के परीक्षण के लिए आदर्श है। चांदी के सिक्के या गहनों पर आइस क्यूब रखें। यदि आइस क्यूब जल्दी पिघलती है, तो आपके पास जो चांदी की वस्तु है वह असली है। दरअसल चांदी में किसी सामान्य धातु की तुलना में अत्यधिक मात्रा में थर्मल कंडक्टिविटी होती है जो बर्फ को तुरंत पिघला देती है।

## वजन परीक्षण

चांदी अधिकांश धातुओं की तुलना में ज्यादा हैवी होती है। इस धातु के वजन में एक विशिष्ट व्यास और मोटाई होती है। यदि चांदी का वजन कम होता है, तो यह स्टर्लिंग चांदी के बजाय हल्के चांदी के मिश्र धातुओं से बनी हो सकती है। यदि इसका वजन अधिक है, तो

आमतौर पर चांदी की परत वाली वस्तुओं की तुलना में ठंडी होती है और चमकदार होती है।

## ब्लीच टेस्ट

चांदी की धातु की प्रामाणिकता की जांच के लिए ब्लीच का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। बस चांदी की वस्तु पर ब्लीच की एक बूंद डालें। ब्लीच जैसे ऑक्सीडाइजिंग केमिकल के संपर्क में आने के बाद अगर यह धूमिल हो जाए तो यह असली चांदी है। ब्लीच के संपर्क में आने पर असली चांदी तुरंत काली हो जाएगी जबकि नकली धातु पर ब्लीच का कोई असर नहीं होता है। लेकिन

हिस्से में ही ब्लीच डालें।

इन सभी युक्तियों से आप अपनी चांदी के गहनों की जांच कर सकते हैं और ये पता लगा सकते हैं कि चांदी असली है या नकली।

# इस बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतकर टीम का सपना पूरा करेंगे : लियोन

**सिडनी(एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन का कहना है कि उनकी टीम इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतकर पिछले एक दशक का सूखा समाप्त करेगी। लियोन के अनुसार टीम पिछले दस साल से ट्रॉफी को हासिल नहीं कर पायी है पर इस बार उसका ये सपना पूरा किया जाएगा। साथ ही कहा कि अपनी टीम की जीत में वह अहम भूमिका निभाना चाहेंगे।


ऑस्ट्रेलिया ने साल 2014-15 के बाद से ही अब तक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीती है। इस दौरान उन्हें अपने घर में भी लगातार दो सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। 2020-21 में भारत 0-1 से पीछे था और एडिलेड में 36 रन पर ऑलआउट हो गया था लेकिन उसके बाद टीम ने मेलबर्न में जीती और ब्रिस्बेन में जीतकर ट्रॉफी आने नाम की। सिडनी में टेस्ट को बराबरी पर लाने में भारतीय टीम सफल रही। लियोनके अनुसार लगभग हर प्रारुप में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और सभी ट्रॉफी जीती पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीत पाना उन्हें काफ़ी निराशाजनक लगता है। ऑस्ट्रेलिया को एकदिवसीय विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जिताने वाले कप्तान पैट कमिंस अब तक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने वाली टीम में नहीं रहे हैं।

लियोन ने कहा, 10 साल से हमारा सपना पूरा नहीं हो पाया है। काफी लंबा समय हो गया है और मुझे पता है कि हम खासकर अपने घर पर चीजों को बदलने का इंतजार कर रहे हैं। ये सही है कि भारतीय टीम काफी अच्छी है और हमें बेहद कड़ी चुनौती मिलेगी पर मैं चीज़ों को बदलने और ट्रॉफी वापस पाने के लिए बेसब्र हूं। लियोन ने साथ ही कहा कि हम एक महान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम बनने की राह पर हैं हालांकि हम निश्चित रूप से अभी वहां नहीं हैं लेकिन उससे दूर भी नहीं क्योंकि हम बेहतरीन क्रिकेट खेल रहे हैं।



# विराट , रोहित को दलीप ट्रॉफी के लिए शामिल नहीं करने पर भड़के गावस्कर

**-घरेलू क्रिकेट के लिए चयन प्रक्रिया पर उठाये सवाल**



**मुम्बई (एजेंसी) ।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के रवैये पर नाराजगी जतायी है। गावस्कर ने कहा कि घरेलू क्रिकेट के लिए चयन प्रक्रिया सही नहीं है। इसमें वरिष्ठ खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा आदि को भी खेलना चाहिये। बीसीसीआई ने दलीप ट्रॉफी के लिए चार टीमों की घोष्णा की है। इसमें केएल राहुल, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव और रवींद्र जडेजा भी शामिल किये गये हैं। पहले कहा गया था कि बोर्ड हर खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय मैचों के ब्रेक के दौरान घरेलू मैच खेलने के लिए कहेगा पर कुछ खिलाड़ियों को राहत दे दी। विशेषकर रोहित , विराट , बुमराह और पांड्या व मो शमी । जहां तक बुमराह की बात है उन्हें फिटनेस बनाये रखने के लिए आराम दिया गया है। हाल के समय में उनकी फिटनेस की समस्याओं को देखते हुए उनके वर्क लोड का ध्यान रखना जरूरी माना गया है। वहीं शमी हाल ही में अपनी सर्जरी से उबरे हैं ऐसे में उनको घरेलू क्रिकेट से राहत देना ठीक है पर पांड्या ने 2018 के बाद से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है इसके बाद भी वह घरेलू क्रिकेट नहीं खेल रहे।

रोहित और कोहली के न खेलने से लोगों को हैरानी हुई क्योंकि भारत को बांग्लादेश और न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लंबी टेस्ट सीरीज खेलनी है। गावस्कर ने रोहित और कोहली के दलीप ट्रॉफी से बाहर रहने पर चिंता जताई है और कहा है कि वे बिना ज्यादा अभ्यास के बांग्लादेश टेस्ट सीरीज खेलेंगे। गावस्कर ने कहा, चयनकर्ताओं ने कप्तान रोहित और विराट को दलीप ट्रॉफी के लिए नहीं चुना है, इसलिए वे बिना ज्यादा अभ्यास के बांग्लादेश टेस्ट सीरीज खेलेंगे। गावस्कर ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी तीस साल की उम्र के करीब पहुंच जाता है तो उसके लिए उच्च स्तर बनाए रखना मुश्किल हो जाता है क्योंकि उसकी मांसपेशियों की याददाश्त कमजोर पड़ने लगती है और इसका एक ही उपाय है कि वह नियमित रूप से क्रिकेट खेले।उन्होंने कहा, बुमराह जैसे खिलाड़ी की पीठ की समस्या को देखते हुए उसका ध्यान रखना समझदारी है, लेकिन बल्लेबाजों को शामिल किया जाना था।

# आईएसपीएल के दूसरे सत्र की घोषणा पर बोले सचिन , मैंने भी खेला है टेप बॉल से



**मुंबई (एजेंसी ) ।** टेनिस गेंद टूर्नामेंट 'इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) का दूसरा सत्र ठाणे के दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में 26 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक होगा। इस टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा लेंगी। इसके लिए अक्टूबर से देश के पांच क्षेत्रों के 55 शहरों में ट्रायल होंगे।

इस टूर्नामेंट को लेकर अपने विचार व्यक्त करते हुए महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्होंने भी बचपन में टेप बॉल से खेला है। साथ ही कहा कि इस प्रकार की गेंदों के सामने बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता। साथ ही कहा कि इसके अनुभव से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रिवर्स स्विंग का सामना करने में उन्हें आसानी हुई। तेंदुलकर ने आईएसपीएल को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि स्टेडियम में 30,000 और इससे अधिक दर्शकों को आकर्षित करने वाले टूर्नामेंट में आने वाले समय में महिला क्रिकेटर भी शामिल होंगी। तेंदुलकर ने लीग के खास नियमों जैसे 50-50 और एक शॉट पर नौ रन देने के बारे में बात करते हुए कहा कि अगर हम बल्लेबाजों को कुछ फायदा दे रहे हैं तो गेंदबाजों को भी खेल में शामिल होने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने खेलने के दिनों में गेंद पर एक तरफ से टेप से चिपका देता था। इससे रिवर्स स्विंग का अभ्यास करता था जिससे कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इसका सामना कर सकूं।

उन्होंने कहा कि मैंने सोचा कि क्यों ना इसे इस प्रारूप में शामिल किया जाए और अगर इसे लागू किया जाता है तो बल्लेबाज की तकनीक की भी परीक्षा होगी। लाल गेंद के मामले में जहां बल्लेबाजों को स्विंग होने पर अपने शरीर के करीब खेलना पड़ता है तो वहीं टेप वाली टेनिस गेंद के मामले में स्थिति पूरी तरह अलग होती है। तेंदुलकर ने कहा कि जो गेंदबाज ट्रायल और चयन के माध्यम से आए थे, वे टेप लगी गेंद से खेलने के आदी नहीं थे पर कुछ समय बिताने के बाद उन्होंने भी इसे सीख लिया।

# आईसीसी युवा ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल कराने पर विचार कर रहा

**दुबई (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) युवा ओलंपिक 2030 में क्रिकेट को शामिल कराने को लेकर विचार कर रहा है। भारत सरकार ने युवा ओलंपिक के 2030 संस्करण की मेजबानी में रुचि व्यक्त किसे जाने से भी आईसीसी का हौंसला बढ़ा है क्योंकि भारत में इस खेल के प्रति लोगों में दीवानगी है। आईसीसी का मानना है कि क्रिकेट को युवा ओलंपिक में शामिल किये जाने से विश्व स्तर पर क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ेगी। इसके साथ ही इसे खेलने वाले देशों की तादाद भी बढ़ेगी।

अभी एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तीरंदाजी, बीच वॉलीबॉल, मुक्केबाजी, कैनोइंग, साइकिलिंग, गोताखोरी, घुड़सवारी, तलवारबाजी, फील्ड हॉकी, फुटबॉल, फुटसल, गोल्फ, जिमनास्टिक, हैंडबॉल, जूडो, आधुनिक पेंटाथलॉन, रोइंग, रग्बी सेवन्स, नौकायन, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, तायक्वोंडो, टेनिस, ट्रायथलॉन, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, बास्केटबॉल, और कुश्ती ही यूथ ओलंपिक में शामिल किये गये हैं।


आईसीसी अधिकारियों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) का रुख भी इस प्रस्ताव को लेकर सकारात्मक ही रहने की उम्मीद है। इसका कारण है कि आईओसी भी क्रिकेट के महत्व और इससे ओलंपिक खेलों को होने वाले फायदे के बारे में भी जानता है। युवा ओलंपिक खेलों में 15 से 18 वर्ष के ही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। आईसीसी का मानना है कि यदि भारत को युवा ओलंपि की मेजबानी मिलती है तो उसमें क्रिकेट को शामिल किये जाने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी क्योंकि आईओसी भी जानता है कि भारत में क्रिकेट को देखने वाले सबसे अधिक लोग हैं।इससे पहले साल 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट खेला जाएगा।

# महाराजा टी20 लीग : द्रविड़ के बेटे समित की शानदार बल्लेबाजी के बाद भी मैसूर वॉरियर्स हारी

बेंगलुरु । भारतीय टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ ने यहां के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे महाराजा टी20 लीग में शानदार बल्लेबाजी कर सबका ध्यान खींचा है । समित ने इस लीग में मैसूर वॉरियर्स की ओर से खेलते हुए गुलबर्गा मिस्टिक्स के खिलाफ शानदार पारी खेली हालांकि वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये । समित ने उस समय 33 रन की पारी रखी जब उनकी टीम ने 20 रनों के अंदर ही दो विकेट खो दिये थे । समित ने आकर कप्तान करुण नायर के साथ तीसरे विकेट के लिए अहम साझेदारी निभाते हुए टीम को संकट से उबारा। समित और करुण के बीच 83 रन साझेदारी हुई और इससे मैसूर वॉरियर्स की टीम 196 रन तक पहुंची। समित ने बल्लेबाजी के दौरान अपने पिता की तरह ही एक छोर संभाले रखा । इस उभरते क्रिकेटर ने 24 गेंदों पर 4 चौके और 1 छक्का लगाकर 33 रन बनाए । वह टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैचों में विफल रहे थे पर इस मैच में उन्होंने अपने इरादे दिखा दिये। वहीं 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुलबर्गा मिस्टिक्स की टीम ने आखिरी गेंद पर चौके से मुकाबला जीत लिया । गुलबर्गा की जीत में रविचंद्रन स्मरण की अहम भूमिका रही । इस बल्लेबाज ने 60 गेंदों पर 104 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलायी ।



# द हंड्रेड : दीप्ति ने अंतिम ओवर में छक्का लगाकर लंदन स्पिरिट को जीत दिलायी



लंदन । भारत की दीप्ति शर्मा की शानदार बल्लेबाजी से लंदन स्पिरिट ने महिलाओं के द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट को जीत लिया है । टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में स्पिरिट ने वेल्श फायर को हराया । इस मैच में लंदन स्पिरिट को जीत के लिए अंतिम तीन गेंदों पर चार रन चाहिये थे । ऐसे में दीप्ति ने छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी । इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है । वेल्श फायर ने इस मैच में लंदन स्पिरिट को जीत के लिए 116 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे टीम ने दीप्ति के छक्के के बल पर 2 गेंदें और 4 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया । दीप्ति ने इस मैच में 16 रनों की नाबाद पारी खेली । इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेल्श फायर ने निर्धारित 100 गेंदों पर 8 विकेट खोकर 115 रन बनाये थे । जेस जोनासेन ने सबसे अधिक 54 रन बनाये । उनके अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज अधिक रन नहीं बना पाया । वहीं इसके बाद खेलते हुए लंदन स्पिरिट को भी शुरुआती झटके लगे पर ओपनर जॉर्जिया रेडमेयने 34 रन बनाकर एक छोर संभाले रहीं ।

# रसेल और होल?डर के बिना ही दक्षिण अफीका के खिलाफ टी20 सीरीज में उतरेगी वेस्टइंडीज

जमैका । वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफीका के खिलाफ इसी माह 24 अगस्त से शुरु हो रही तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए अपनी 15 सदस?यीय टीम घोषित कर दी है । इस टीम में मेजबान टीम ने ऑलराउंडर्स आंद्रे रसेल और जेसन होल्डर को शामिल नहीं किया है । इन दोनो के अलावा काइल मेयर्स को भी टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं स्पिन ऑलराउंडर फेबियन एलेन, तेज गेंदबाज मैथ?यू फोर्ड और प्रतिभाशाली बल्लेबाज एलिक एथांजे को शामिल किया गया है । क्रिकेट वेस्टइंडीज के निदेशक माइल्स बासकोंब ने कहा कि रसेल और होल्डर को तरोताजा होने के लिए आराम दिया गया है । उन्होंने कहा, रसेल और जेसन ने ब्रेक की मांग की थी । होल्डर ने इंग्लैंड व दक्षिण अफीका के खिलाफ लगातार पांच टेस?ट खेले है । वही टीम के डैरेन सैमी ने कहा कि उनकी टीम दक्षिण अफीका के खिलाफ सीरीज को लेकर उत्साहित है और पूरी ताकत से दक्षिण अफीका का मुकाबला करेगी । हमने उनके खिलाफ हाल में खेला था जिसमें परिणाम मिले-जुले रहे थे । यह अहम और उत्साहजनक सीरीज रहेगीह। मुझे विश्वास है कि हमने जिस टीम का चयन किया, वो सफलता पाने के लिए बेहतर प्रदर्शन करेगी ।वेस्टइंडीज ने पिछली पांच द्विपक्षीय टी20 सीरीज में से चार जीती थीं जिससे भी मेजबानों का हौंसला बढ़ा है ।

वेस्टइंडीज दल- रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेज (उप-कप्तान), एलिक एथांजे, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, फेबियन एलेन, शाई होप, अकील हुसैन, शमार जोसेफ, ओबेड मैकॉय, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, शेरफेन रदरफोर्ड और रोमारियो शेफर्ड ।

# मोहम्मद शमी की रणजी ट्रॉफी में वापसी , इस टीम से खेलेंगे मुकाबला




**नई दिल्ली (एजेंसी ) ।** टखने की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) के दौर से गुजर रहे सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के रणजी ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीम बंगाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने की संभावना है। वह इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की श्रृंखला में किसी 1 टेस्ट मैच में खेल सकते हैं। समझा जाता है कि शमी 11 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश और 18 अक्टूबर को बिहार के खिलाफ बंगाल के शुरुआती 2 रणजी मैचों में किसी एक मैच में खेल सकते है। इन दोनों मैचों के बीच सिर्फ 2 दिन का समय है ऐसे में इस बात की संभावना कम है कि वह दोनों मैचों का हिस्सा होंगे।

न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला 19 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू होगी, उसके बाद पुणे (24 अक्टूबर) और मुंबई (एक नवंबर) में टेस्ट होंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे पर जाने से पहले शमी के इनमें से एक मैच खेलने की उम्मीद है। भारत के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक 34 साल के शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेले गये एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के बाद से टीम से बाहर है।

इस साल फरवरी में इंग्लैंड में उनके टखने की सर्जरी हुई थी जिसके बाद वह 6 महीने के लिए खेल से दूर हो गए थे। इंस्टाग्राम पर साझा कुछ वीडियो में शमी बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (ह्रष्ट) में अपने आरटीपी रूटीन (खेल में वापसी) में छोटे रनअप के साथ कम गति वाली गेंदबाजी करते देखे गए हैं। ऐसी खबरें थीं कि वह दलीप ट्रॉफी के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

यह पता चला है कि दलीप ट्रॉफी के दौरान उनके फिट होने की कोई संभावना नहीं थी और चयनकर्ता जल्दबाजी कर कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। भारतीय टीम प्रबंधन की प्राथमिकता देश के शीर्ष 3 तेज गेंदबाजों (जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज) को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 5 टेस्ट मैचों के लिए फिट रखना है। शमी ने अब तक 64 टेस्ट मैचों में 229 विकेट लिए है। उन्होंने इस दौरान छह बार पारी में 5 विकेट चटकाए है।

# इगा स्वियातेक हारी, यानिक सिनर सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में



मेसन (अमेरिका) । विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी इगा स्वियातेक को आर्यना सबालेंका से हार का सामना करना पड़ा । सबालेंका फाइनल में अमेरिकी जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी, जबकि सिनर का सामना फांसिस टियाफो से होगा। इटली के खिलाड़ी सिनर ने तीन घंटे, सात मिनट तक चले मैच में 7-6(9) 5-7 7-6(4) से जीत दर्ज की । टियाफो ने एक अन्य सेमीफाइनल में होल्गर रूण को 4-6, 6-1, 7-6 (7-4) से पराजित किया। महिलाओं के सेमीफाइनल में सबालेंका ने स्वियातेक को 6-3 6-3 से हरा कर पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में जगह बनाई । इससे पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक का पिछले 15 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया । छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने बारिश से प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में पाउला बडोसा को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया ।

# पाक सरकार पर भड़के पूर्व हॉकी खिलाड़ी




कराची । पाकिस्तान के पूर्व ओलपियन हॉकी खिलाड़ियों ने सरकार पर अपमान करने का आरोप लगाया है । इन हॉकी खिलाड़ियों ने कहा है कि ओलपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज समारोह को लेकर उन्हें जो निमंत्रण दिया गया था । उसे अंतिम समय में वापस ले लिया गया । पूर्व हॉकी खिलाड़ी नदीम काजिम ने कहा कि अतिथि प्रबंधन के नाम पर निमंत्रण पत्र पास लिए जाने से सभी पूर्व खिलाड़ी नाराज हैं । नाजिम ने कहा कि प्रधानमंत्री सचिवालय ने इस समारोह में शामिल होने के लिए हमें निमंत्रण के साथ ही एक ईमेल भी भेजा आ पर अंतिम समय में संदेश मिला कि मेहमानों की संख्या अधिक होने से हो रही परेशानी को देखते हुए आमंत्रण वापस ले लिया गया है । उन्होंने इसे दुखद बताते हुए कहा कि देश के लिए हॉकी में एक से अधिक ओलपिक पदक जीतने वाले हॉकी खिलाड़ियों के साथ क्या आप इस तरह का व्यवहार किया जाना निराशाजनक है । सरकार को भूलना नहीं चाहिये कि उसे शुरुआत में हॉकी में ही पदक मिला था । पाकिस्तान की हॉकी टीम ने ओलंपिक में तीन स्वर्ण और एक कांस्य पद जीता है । उसे अंतिम बार लॉस एंजिल्स ओलपिक में कांस्य पदक मिला था ।

# चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले नयी फ्लड लाइट में खेले जाएंग : पीसीबी

कराची । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) आजकल चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों में लगी है । इस आईसीसी टूर्नामेंट की सफल मेजबानी करने में कोई समस्या न आये इसको देखते हुए पीसीबी स्टेडियम में सुविधाएं बढ़ाने के साथ ही कराची और लाहौर के स्टेडियमों में नयी फ्लडलाइट लगाने जा रहा है । पीसीबी कराची और लाहौर में नए लाइट टावर लगाने के अलावा, व्यस्त घरेलू कार्यक्रम को देखते हुए क्वेटा, एबटाबाद, पेशावर जैसे छोटे स्थानों पर भी फ्लड लाइट लगायेगी । इसके अलावा पीसीबी ने कराची में पहले से लगी फ्लड लाइट को क्वेटा और लाहौर में लगी फ्लड लाइट को रावलपिंडी में लगाने का फैसला किया जिससे लागत कम होगी। वहीं कराची और लाहौर को नये लाइट टावर मिलेंगे। पीसीबी ने अगस्त 2024 और जुलाई 2025 तक के समय के लिए किराये के आधार पर लाइट टावर उपलब्ध कराने के लिए कंपनियों से निविदाएं मांगी हैं । बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि इस सब में कितनी लागत आयेगी ये अभी से पक्के तौर पर नही कहा जा सकता । साथ ही कहा, ''इस प्रक्रिया से हम यह तय करना चाहते है कि घरेलू क्रिकेट के लिए छोटे स्थान भी लाइट टावरों से लैस हों । इसके तहत ही कराची, लाहौर और रावलपिंडी जैसे स्टेडियम जहां अधिकांश अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाते है वहां अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार टावर लगाए जाएंगे ।'' पीसीबी ने कहा कि देश में बिजली की कमी को देखते हुए कराची, लाहौर, रावलपिंडी, मुल्तान सहित कई अन्य स्थलों पर जेनरेटर भी लगाये जाएंगे ।




# मुझे जो प्यार और इज्जत मिली वह 1000 ओलिम्पिक गोल्ड से अधिक है : विनेश फोगाट

**नई दिल्ली (एजेंसी ) ।** विनेश फोगाट का देश लौटने पर भव्य स्वागत हुआ। दिल्ली के हवाईअड्डे के बाहर सैकड़ों समर्थकों ने आकर एकजुटता दिखाई और पहलवान का हौसला बढ़ाया। विनेश को पैरिस ओलिम्पिक में 50 किग्रा वर्ग के फाइनल मुकाबले से पहले वजन ज्यादा होने के कारण अयोग्यता झेलनी पड़ी थी। बहरहाल, विनेश के स्वागत में बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक के साथ कई नेता जुटे। भारी मालाएं पहने विनेश खुली जीप में खड़ी हुईं और सभी समर्थकों को धन्यवाद दिया। कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा विनेश के साथ गए और उन्हें मिठाई खिलाई। उन्होंने विनम्रता से हाथ जोड़कर कहा कि मैं समर्थन के लिए पूरे देश को धन्यवाद देती हूं।

विनेश के लिए राष्ट्रीय राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। विनेश का कारवां जब हरियाणा में उनके पैतृक गांव बलाली के लिए रवाना हुआ और रास्ते में वह विभिन्न स्थानों पर तैनात अपने समर्थकों से मिलीं। हुड्डा ने विनेश को %जीत का प्रतीक% गदा भेंट की, विनेश भावुक हो गईं और उनके पति सोमवीर ने उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान हुड्डा ने विनेश के लिए एक्स पर लिखा- हमारी नजर में आप पहले भी विजेता रहे हैं और भविष्य में भी विजेता रहेंगी। आपके साहस, संघर्ष और दृढ़ संकल्प ने न केवल करोड़ों देशवासियों का दिल जीता है बल्कि आप देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। बहरहाल, बलाली की ओर जाने से पहले विनेश ने दिल्ली के द्वारका में एक मंदिर में प्रार्थना भी की। फोगाट के काफिले के साथ कारों के काफिले में पहलवान की ताजा छपी तस्वीरें थीं, जिस पर कैप्शन लिखा था- माहरी छोरी, खरा सोना (मेरी बेटी, शुद्ध सोना)।

खेल पंचाट (सीएएस) में अपनी अयोग्यता को चुनौती देने और संयुक्त रजत की मांग करने के बाद विनेश पैरिस में ही रुक गई थीं। बुधवार को विनेश की अर्जी खारिज हो गई थी। साक्षी मलिक ने कहा, भले ही उसे पदक नहीं मिला हो, लेकिन वह हमारे लिए चैम्पियन है। वह इतने लंबे समय के बाद अपने देश वापस आई है। वह काफी इमोशनल भी है। वह परिवार के साथ समय बिताएंगी और खुद को शांत करेंगी। विनेश ने महिलाओं के लिए जो किया है वह सराहनीय है। विनेश के काफिले के दौरान हरियाणवी लोक संगीत चला जिसके साथ ÷संघर्ष÷ और ÷क्रांति÷ के नारे लगाए गए। रोड पर ट्रैफिक जाम हो गया वाहन चालक विनेश को देखने के लिए रुक गए थे। फोगाट और पुनिया ने जोशीली भीड़ का सामना किया और बुजुर्ग उन्हें आशीर्वाद देने के लिए आगे आए। हर चौराहे पर फोगाट की एसयूवी को सेल्फी लेने वालों की भीड़ ने रोक लिया।

लंदन ओलिम्पिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग, जोकि पैरिस में भारतीय दल के शेफ डी मिशन थे, ने पेरिस हवाई अड्डे पर विनेश के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए उन्हें चैम्पियन कहा। नारंग ने एक्स पर लिखा- वह खेल गांव में पहले दिन एक चैम्पियन के रूप में आई थी और वह हमेशा हमारी चैम्पियन बनी रहेगी। कभी-कभी करोड़ों सपनों को प्रेरित करने के लिए किसी को ओलिम्पिक पदक की आवश्यकता नहीं होती...। विनेशफोगट आपने पीढ़ियों को प्रेरित किया है। आपके धैर्य को सलाम।

भाई हरविंदर फोगट ने कहा कि लोग हमारे गांव में उनके स्वागत का इंतजार कर रहे हैं। लोग विनेश से मिलने और उसे प्रोत्साहित करने के लिए उत्साहित हैं। इस ताकतवर पहलवान ने अपनी अयोग्यता के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में शनिवार को कहा कि अलग-अलग परिस्थितियों÷ में वह खुद को 2032 तक प्रतिस्पर्धा में देख सकती हैं क्योंकि उनके पास अभी भी बहुत सारी कुश्ती बाकी है, लेकिन अब वह अपने भविष्य के बारे में अनिश्चित हैं। शायद फिर कभी वैसा न हो।

बता दें कि अयोग्य ठहराए जाने के बाद विनेश ने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी थी। सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट में, विनेश ने अपने बचपन के सपने, अपने पिता को खोने के बाद झेली कठिनाइयों को साझा किया था। इस दौरान उन्होंने अपनी असाधारण यात्रा में लोगों द्वारा किए गए योगदान को भी चिन्हित किया।



